ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 15 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 12 दिसंबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 306 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

रोहित शर्मा के बाद हार्दिक करेंगे मुंबई ... पेज 10 पर



## धीरज साहू के ठिकानों पर छठे दिन भी जारी रही छापेमारी

**एजेंसी। रांची**

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के संबंधित ठिकानों पर छठे दिन सोमवार को भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी है। रांची में साहू के घर पर अभी भी नोटों की गिनती जारी है। इसके अलावा और सभी जगहों पर लगभग गिनती पूरी कर ली गई है। रांची वाले घर पर अभी भी नोट गिने जा रहे हैं। आयकर विभाग ने छह दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर रेड मारकर रुपयों से भरे 30 अलमीरा बरामद किये थे। उस दिन से नोटों की गिनती जारी है। जानकारी के अनुसार, अब तक की गिनती में आंकड़ा 500 करोड़ को पार कर गया है। हालांकि आयकर विभाग की ओर से अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है। ओडिशा एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक भगत बेहरा के अनुसार उन्हें पैसों से भरे 176 बैग मिले हैं, जिनमें से 140 बैगों में रखे नोटों की गिनती हो चुकी है। बाकी बचे 36 बैगों की गिनती की जा रही है। गिनती प्रक्रिया में तीन बैंकों के अधिकारी शामिल हैं। बताया गया है कि एसबीआई के 50 अधिकारी भी गिनती में लगे हैं। नोट गिनने की 40 मशीनें लायी गयी हैं। इनमें से 25 उपयोग में हैं और 15 बैकअप के रूप में रखी गयी हैं।



**कैश कांड पर भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ संसद परिसर में किया प्रदर्शन :** नई दिल्ली कांग्रेस का कैश कांड सोमवार को संसद परिसर में भी गूंजा। आईटी छापे में कांग्रेस सांसद धीरज साहू से जुड़े परिसरों से 300 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद हुई है। इस मसले पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी सांसदों के साथ सोमवार को कांग्रेस के खिलाफ संसद परिसर में विरोध मार्च निकाला। इस दौरान कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की गई। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस कैश कांड पर कांग्रेस से जवाब मांगा है। साथ ही सभी सांसदों ने मांग की कांग्रेस को इस भ्रष्टाचार पर बयान देना चाहिए। कांग्रेस बताए कि 300 करोड़ रुपये कहां से आए। कांग्रेस को जनता के सामने जवाब देना चाहिए। मगर कांग्रेस की चुप्पी से जाहिर है कि वह भ्रष्टाचार की पर्याय है।

## अनुच्छेद 370 के खात्मे को सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने वैध ठहराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर पर बड़ा फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का आदेश संवैधानिक तौर पर वैध था। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकताओं की उन दलीलों को खारिज कर दिया कि राष्ट्रपति शासन के दौरान केंद्र द्वारा कोई अपरिवर्तनीय कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल के मुताबिक जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा तुरंत दिया जाएगा। कोर्ट ने लद्दाख को अलग से केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले को भी सही ठहराया। संविधान पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। चीफ जस्टिस ने फैसला सुनाते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग है और ये अनुच्छेद 1 और 370 में प्रदर्शित है। जम्मू-कश्मीर भारत में विलय के बाद संप्रभु राज्य नहीं रहा। चीफ जस्टिस ने कहा कि राष्ट्रपति को अनुच्छेद 370 को हटाने का नोटिफिकेशन जारी करने का अधिकार है। राष्ट्रपति संविधान सभा की अनुशंसाओं से बंधे हुए नहीं हैं।

संविधान सभा ने अपने को कभी स्थायी नहीं कहा और वह एक संक्रमण काल के दौरान काम करने के लिए थी। चीफ जस्टिस ने कहा कि अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर का केंद्र के साथ एक रहने के लिए था न कि अलग रहने के लिए और राष्ट्रपति को अनुच्छेद 370 हटाने का अधिकार है। अनुच्छेद 370 हटाने से पहले संविधान सभा की सिफारिश की जरूरत नहीं थी। चीफ जस्टिस ने कहा कि अब यह प्रासंगिक नहीं है कि अनुच्छेद 370 को हटाने की घोषणा वैध थी या नहीं। चीफ जस्टिस ने दिसंबर 2018 में जम्मू-कश्मीर में लगाए गए राष्ट्रपति शासन की वैधता पर फैसला देने से इनकार कर दिया क्योंकि इसे याचिकाकताओं ने विशेष रूप से चुनौती नहीं दी। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रपति शासन लागू होता है तो राज्यों में संघ की शक्तियों पर सीमाएं होती हैं। इसकी उद्घोषणा के तहत राज्य की ओर से केंद्र द्वारा लिया गया हर फैसला कानूनी चुनौती के अधीन नहीं हो सकता, इससे अराजकता फैल सकती है। जस्टिस संजय किशन कौल ने फैसला सुनाते हुए कहा कि सेना राज्य के दुश्मनों से लड़ने के लिए होती है न कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए। जस्टिस कौल ने चीफ जस्टिस के फैसले से सहमति जताते हुए कहा कि जो बीत गया सो बीत गया लेकिन भविष्य हमारे लिए है। जस्टिस संजीव खन्ना ने अलग फैसला सुनाते हुए चीफ जस्टिस के फैसले से सहमति जताई।



### आशा,प्रगति और एकता की घोषणा : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के अनुच्छेद 370 को हटाए जाने की वैधता बरकरार रखने के फैसले को ऐतिहासिक बताया है और कहा है कि यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर ट्वीट कर कहा, आज का फैसला सिर्फ कानूनी फैसला नहीं है, आशा की किरण है, उज्जवल भविष्य का वादा है और एक मजबूत, अधिक एकजुट भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपनी गहरी समझ से उस एकता को मजबूत किया है जिसे हम भारतीय होने के नाते बाकी सब से ऊपर मानते हैं और बनाए रखना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को आश्वस्त किया कि उनके सपनों को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता अटूट है।

### सितंबर 2024 तक चुनाव कराये आयोग

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारत के चुनाव आयोग से अगले साल 30 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव कराने के लिए कदम उठाने को कहा। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा, यह न्यायालय क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं के प्रति सचेत है। विधानसभाओं के लिए प्रत्यक्ष चुनाव, जो भारत में प्रतिनिधि लोकतंत्र की सर्वोपरि विशेषताओं में से एक है, को राज्य का दर्जा बहाल होने तक रोका नहीं जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, हम निर्देश देते हैं कि भारत के चुनाव आयोग द्वारा 30 सितंबर 2024 तक पुनर्गठन अधिनियम की धारा 14 के तहत गठित जम्मू और कश्मीर विधान सभा के चुनाव कराने के लिए कदम उठाए जाएंगे और राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किया जाएगा। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने इस मामले का फैसला किया जिसमें सभी पांच वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल रहे।

## एक नजर

### झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 से

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है। 21 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र में पांच कार्य दिवस होंगे। सरकार ने विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री के प्रसंगाधीन विभागों से संबंधित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, याचिका, विधेयक, संकल्प आदि सभी प्रकार के विधायी सूचनाओं के उत्तर देने के लिए सात कैबिनेट मंत्रियों को प्राधिकृत किया है जो उनके विभागों से संबंधित प्रश्नों का सदन में उत्तर देंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### अमीषा पटेल पर कोर्ट ने फिर लगाया एक हजार रुपये का जुमार्ना

**रांची।** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में रांची सिविल कोर्ट ने फिर से 1000 रुपये का जुमार्ना लगाया है। पूर्व में भी गवाह का प्रतिपरीक्षण नहीं करने पर अमीषा पटेल पर कोर्ट ने जुमार्ना लगाया था। अमीषा पटेल की ओर से गवाह संख्या एक अजय कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह का प्रतिपरीक्षण नहीं होने के कारण उसकी फिर से गवाही कराने का आग्रह किया गया था। दरअसल, गवाह संख्या एक अजय कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह का प्रतिपरीक्षण न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में पूरा नहीं हो सका है।

### मुख्यमंत्री 15 को आयेंगे खूंटी , डीसी ने की तैयारियों की समीक्षा


**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरन 15 दिसंबर को खूंटी आयेंगे। इसकी तैयारी को लेकर विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि आगामी 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। इसे लेकर सारी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ व दुरुस्त किया जा रहा है।

## 'पूर्ववर्ती सरकारों ने बीस साल में राज्य का पूरा पैसा डकार लिया'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बोकारो में पहुंचे।

इस दौरान कई विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास तो हुआ ही लेकिन सीएम ने प्रदेश के घाटे की बजट को लेकर भाजपा को घेरा। कहा, जब राज्य अलग हुआ, तो सरप्लस बजट पेश होता था लेकिन 20 सालों से सरकार घाटे का बजट पेश करती है। कहां गया पैसा। हमारे विपक्षियों ने 20 सालों में पूरा पैसा डकार लिया। हमने कोरोना, सुखाड़ देखा, कोरोना के दौरान हम हमारे मजदूरों को विदेशों से हवाई जहाज में वापस लाए। दो मंत्रियों को खो दिया, यह हमारा सफर है। इस दौरान सीएम ने 4923.29 लाख की 15 योजनाओं का उद्घाटन,11, 898.59 लाख की 193 योजनाओं का शिलान्यास किया। 18, 502 लाभुकों के बीच 32156.79 लाख की परिसंपत्तियां का वितरण हुआ। सीएम ने 17 अनुकंपा पर एवं डीएमएफटी के तहत 72 पारा मेडिकल स्टॉफ को नियुक्ति पत्र सौंपा।



### पीएम आवास की तरह हम मुगीर्खाना नहीं देंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 लाख कि बच्चियों को हमने सावित्रीबाई फूले योजना से जोड़ा। जो आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं, उनका पूरा खर्चा सरकार उठा रही है। बाद में आपकी नौकरी लगने के बाद थोड़ा-थोड़ा करके हम वापस ले रहे हैं। जो विदेश जाकर पढ़ना चाहते हैं उनको भी सरकार अपने पैसे से विदेश भेज कर पढ़ा रही है। अब महीना पूरा होने से पहले पेंशन मिलती है। सरकार बच्चों को जो 12वीं क्लास से पढ़ने के लिए जो अनुदान देती थी, उसे 60 हजार से 1 लाख कर दिया गया है। अगर उससे भी ज्यादा पढ़ाई करनी है तो हम गुरुजी क्रेडिट कार्ड दे रहे हैं। लाखों लोगों को घर नहीं मिला। केंद्र से हमने कहा कि हमारे यहां गरीबों के पास घर की कमी है. तो सरकार ने हाथ खींच लिया। घर बनाने के लिए पैसा नहीं दिया।

### यह सरकार एसी में बैठकर दिल्ली-रांची से नहीं चलेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना लेकर आपका अधिकार लेकर पिछले 3 साल से गांव, टोला में सरकार घूम रही है। हमने सरकार बनने से पहले भी आपसे वादा किया था कि यह सरकार दिल्ली रांची और एयरकंडीशन कमरे में बैठ कर नहीं चलेगी, बल्कि गांव-गांव को लोगों के बीच पहुंच कर काम करेगी। हमलोग आपके गांव दरवाजे पर पहुंच कर योजना की गठरी लेकर पहुंचे हैं। पहले शिविर में 35 लाख, दूसरे में 55 लाख आवेदन मिले। इस चरण में देखना है कि कितने आवेदन आते हैं। पिछली सरकार ने कोई काम नहीं किया।

## मोहन यादव होंगे मध्य प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर जारी सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया। राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन यादव के नाम पर मुहर लग गई है। भाजपा की विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से इनके नाम को मुहर लगी। इससे पहले भाजपा आलाकमान ने मनोहर लाल खट्टर, डॉ. के लक्ष्मण और आशा लकड़ा को पर्यवेक्षक बनाकर सीएम चुनने की जिम्मेदारी सौंपी थी। पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में सोमवार को हुई विधायक दल की बैठक में मोहन यादव के नाम को फाइनल किया गया। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं। सूत्रों के मुताबिक, मध्य प्रदेश में दो उपमुख्यमंत्री भी होंगे। इनके लिए जो दो नाम सामने आ रहे हैं, वे हैं- जगदीश देवड़ा और राजेश शुक्ला। जगदीश देवड़ा मल्हारगढ़ और राजेंद्र शुक्ला रीवा से विधायक हैं। इसके अलावा स्पीकर पद के लिए नरेंद्र सिंह तोमर के नाम का एलान किया गया है।



### जानिए नए सीएम के बारे में

मोहन यादव ने माधव विज्ञान महाविद्यालय से पढ़ाई की है। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उज्जैन के नगर मंत्री का जिम्मा संभाल चुके हैं। मोहन 1982 में छात्र संघ के सह-सचिव भी चुने गए थे। वे भाजपा की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य और सिंहस्थ मध्य प्रदेश की केंद्रीय समिति के सदस्य, मध्य प्रदेश विकास प्राधिकरण के प्रमुख, पश्चिम रेलवे बोर्ड में सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। 2013, 2018 के बाद अब वे 2023 में भी उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट पर चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं।

## लोस से निष्कासन के खिलाफ महुआ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**एजेंसी। नई दिल्ली**

तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा ने लोकसभा से अपने निष्कासन को चुनौती देते हुए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपनी याचिका में मोइत्रा ने अपने निष्कासन के फैसले को ₹अनुचित, अन्यायपूर्ण और मनमाना₹ बताया। पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर संसदीय क्षेत्र से सांसद मोइत्रा को 8 दिसंबर को संसद के निचले सदन से निष्कासित कर दिया गया था। उनके खिलाफ कार्रवाई 'संसदीय प्रश्नों के लिए नकद' आरोप पर आचार समिति की जांच के बाद की गई थी। संसदीय प्रश्नों के लिए नकद के कथित आरोप में मोइत्रा के निष्कासन की घोषणा करते हुए, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा: ₹यह सदन समिति के निष्कर्षों को स्वीकार करता है कि सांसद महुआ मोइत्रा का आचरण एक सांसद के रूप में अनैतिक और अशोभनीय था, उनका सांसद बने रहना उचित नहीं है। शुक्रवार को सदन में नैतिकता पैनल की रिपोर्ट स्वीकार किए जाने के बाद उन्हें लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया।




लोकसभा की आचार समिति ने दुबई स्थित व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के साथ अपने संसदीय लॉगिन साझा करने का दोषी पाए जाने के बाद मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की थी। अपने निष्कासन के तुरंत बाद, मोइत्रा ने कहा था कि नैतिकता पैनल के पास उन्हें निष्कासित करने की शक्ति नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यवसायी से नकदी स्वीकार करने का कोई सबूत नहीं है, जो कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और उनके पूर्व साथी जय अनंत देहाद्राई द्वारा लगाया गया मुख्य आरोप था। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें हीरानंदानी और देहाद्राई से जिरह करने की अनुमति नहीं दी गई।

## झारखंड को घोटालों की पहचान से बाहर आना पड़ेगा



सुनील बादल

झारखंड इसके सरल,ईमानदार मेहनती लोगों का बहुत ही तेजी आगे बढ़ता राज्य है जिसके पास अकूत खनिज और प्राकृतिक संपदा है पर वर्तमान में आयकर के छापे में झारखंड के राजनेता सह व्यापारी के पारिवारिक प्रतिष्ठानों से 500 करोड़ से भी ऊपर नगद की बरामदगी की कहानी हफ्ते भर से राष्ट्रीय मीडिया में छाई हुई है। झारखंड आए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने धनबाद में कहा कि देश के वर्तमान पारिस्थितिकी तंत्र में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में भ्रष्टाचार अब फेवर पाने का जरिया नहीं रह गया है। इतिहास की बात करें तो झारखंड और भ्रष्टाचार का चोली दामन का साथ है। देश का पहला घोटाला 1862 में रांची से ही शुरू हुआ था जब तत्कालीन अंग्रेज उपायुक्त के एक सचिव ने एक जीरो बढ़ाकर 6 हजार रुपए हेराफेरी कर ट्रेजरी से निकाल लिए थे जिस कारण बाद में ट्रेजरी, बैंकों या सरकारी लेनदेन में इतने रुपए से कम लिखने की परंपरा शुरू हुई। इसी पैसे से वर्तमान आयुक्त कार्यालय का निर्माण हुआ था जिसे बाद में जब्त कर लिया गया था । एक बंगाली सज्जन द्वारा किया गया नामकुम घोटाला भी बाद के दिनों में देश भर में चर्चित हुआ था । संयुक्त बिहार में हुए चारा घोटाले से शुरू हुई बड़े भ्रष्टाचार की कहानी आज भी जारी है। चारा घोटाले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव सहित अन्य के नाम आए जिसमें पशुओं के चारे के नाम पर 950 करोड़ के घोटाले में 53 मामलों में 170 आरोपी थे। इसका खुलासा 1996 में हुआ था। मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल में शेल कंपनियों से 4 हजार करोड़ का घोटाले देशभर के बड़े घोटालों में से एक था । मधु कोड़ा को मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद जेल भी जाना पड़ा था। अलकतरा घोटाला झारखंड की सड़कों से जुड़ा था जिसमें 3266 मीट्रिक टन अलकतरा की हेराफेरी से 1.57 करोड़ रुपये का 1992 से 1994 के बीच पथ निर्माण विभाग, चतरा में अलकतरा का ट्रांसपोर्ट हल्दिया भाया बरौनी करना था। तत्कालीन बिहार के पूर्व पथ निर्माण मंत्री मो इलियास हुसैन और सहयोगियों को अदालत ने दोषी माना था क्योंकि जितनी सड़कें नहीं थीं उससे ज्यादा अलकतरा खरीदने का दावा किया गया था । 130 करोड़ का दवा घोटाला 2008- 2009 मे सामने आया था, जिसमें सीबीआई ने मामला दर्ज किया था। मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल में ही ये दवा घोटाला हुआ था जिसमें तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री को भी आरोपी बनाया गया था। रांची में आयोजित हुए 34वें राष्ट्रीय खेल में घोटाला 28 करोड़ 34 लाख रुपये का था जिसमें ऊंची कीमत पर बिना टेंडर खेल सामग्री की खरीद सहित कई अन्य मामले शामिल हैं, जिसे लेकर भी सीबीआई मामले की जांच कर रही है। इसके बाद झारखंड का कथित मनरेगा घोटाला सामने आया और ईडी की जांच में आईएएस पूजा सिंघल को जेल भेजा गया। ईडी की हुई छापेमारी में पूजा सिंघल के सीए सुमन के कुमार के घर से 19 करोड़ रुपए की बरामदगी हुई थी। अवैध खनन मामला ईडी की जांच ने साहिबगंज जिले में ही 1 हजार करोड़ के अवैध खनन का मामला सामने आया है। मामले मे ईडी की गिरफ्त में आने वाले बड़े नामों में पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश, पंकज मिश्रा भी शामिल है, तो इसमें निलंबित और गिरफ्तार आईएएस पूजा सिंघल की भूमिका भी अहम बताई जाती है। शेष पृष्ठ 11 पर



## सीएम रच रहे शारीरिक नुकसान पहुंचाने की साजिश : आरिफ खान

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल में पहले कभी ऐसा नहीं देखा गया था, जैसा सोमवार रात देखा गया। गुस्साए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अपना आपा खो दिया और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर हमला बोला, जब प्रदर्शनकारी एसएफआई कार्यकताओं ने एक आधिकारिक समारोह में भाग लेने के बाद लौटते समय उनके काफिले को रोक दिया। राज्यपाल ने कहा, मुख्यमंत्री मुझे शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने के लिए यह साजिश रच रहे हैं, जैसा कि उन्होंने कन्नूर में किया था। एसएफआई कार्यकर्ता सीएम के निर्देश पर मुझे शारीरिक रूप से चोट पहुंचाने के लिए आए थे। खान ने कहा, ₹जब मुख्यमंत्री इस साजिश का हिस्सा हैं, तो यह पुलिस क्या कर सकती है। उन्होंने कहा कि वह अपराधियों को सड़क पर शासन करने की अनुमति नहीं देंगे। खान को अपना वाहन रोकते और



प्रदर्शनकारियों को चुनौती देने के लिए कार से बाहर निकलते देख सुरक्षा अधिकारी हैरान रह गए। इसके बाद उन्होंने अपना आपा खोते हुए पुलिस अधिकारियों से पूछा, ₹क्या मुझे यही सुरक्षा कवर दिया गया है एक पुलिस अधिकारी को खान को शांत करने में कड़ी मेहनत करनी पड़ी, जबकि अन्य ने एसएफआई कार्यकताओं का पीछा किया, जो राज्यपाल के वाहन तक आने में कामयाब रहे और उन पर हाथ उठाते देखा गया। इसके बाद खान ने एक बार फिर विजयन पर अपना गुस्सा जाहिर किया और यह कहते सुने गए कि ऐसा लगता है कि सीएम ने एसएफआई कार्यकताओं को उनके साथ मारपीट करने की खुली छूट दे दी है।

## एक नजर

### मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को भोलानाथ सिंह ने दी बधाई

**रांची।** मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष मोहन यादव को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर हॉकी झारखंड और झारखड़ राज्य कुश्ती संघ के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है और खुशी जाहिर की है। महेश यादव हॉकी झारखड़ के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह के अच्छे घनिष्ठ मित्र है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बनने से झारखंड और मध्यप्रदेश का खेल के साथ अन्य कार्यों में भी बेहतर संबंध स्थापित होगा।

### रवि अग्रवाल बने अभाविप प्रदेश कार्यकारणी सदस्य

**रांची।** छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 69 राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में संपन्न हुआ। इसमें देश भर से 10 हजार से भी ज्यादा की संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रांतों के दायित्व की घोषणा की गयी। जिसमें रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव 2019 में रामलखन सिंह यादव कॉलेज में निर्वाचित सचिव रवि अग्रवाल को झारखंड प्रदेश कार्यकारणी का सदस्य बनाया गया। रवि अग्रवाल समाजिक कार्य हो या छात्रों की समस्या सदैव आगे रहते है। वे पहले भी प्रदेश के दायित्व का निर्वाह कर चुके हैं। रवि ने कहा कि संगठन के हर कार्य में खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

### आंगनबाड़ी का वेतन 18 हजार जल्द : जे पी पांडेय

रांची। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा नेता सह आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका संघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आंगनवाड़ी केन्द्रों का वेतनमान और अन्य सुविधाओं को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की है। मांग किया गया कि अनुबंध कर्मचारी को 18 हजार से कम राशि का भुगतान कम नहीं हो। परंतु किसी राज्य ने इस आदेश का पालन अपने राज्यों में नही कर सका।

### विधायक ने जल नल एवं पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

चान्हो। प्रखंड के चोरेया में सोमवार को जल जीवन मिशन का और पिपराटोली में जितपहान उरांव के घर से मुस्तकीम अंसारी के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। शिलान्यास समारोह के पश्चात विधायक ने ग्रामीणों को सम्बोधित किया और सरकार के द्वारा चलाई जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं को से आम जनों को अवगत कराया। मौके पर चरवा उराँव, प्रमोद लाल ,नेहरू उराँव , सुखदेव उराँव,अब्दुल्ला अंसारी, चम्पा उराँव, विजय सोनी, दिनेश राम सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण

मांडर। प्रखंड के रेंगे में जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने रविवार को गरीब, असहाय, निर्धन लोगों को ठंड से बचाव के लिए गांव के लगभग 50 लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे लोग जो लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं।

## 'प्रत्येक तीन वर्ष पर किसान कराएं मिट्टी की जांच'

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में संचालित सिंगलविंडो में सोमवार को किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित किसानों को प्रशिक्षक धर्मा उरांव ने मिट्टी का नमूना संग्रह कर उपयोग करने, प्राकृतिक खेती, खेती में लगे रवि फसल का उपचार आदि से संबंधित कई जानकरी दी। प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभ की भी जानकारी दी गई।

इसके साथ ही रवि फसल में लगे कीट के उपचार की विधि बताने के साथ प्रत्येक तीन वर्ष पर किसानों को मिट्टी की जांच कराने की सलाह दी गई। किसानों को बीज उपचार की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बीटीएम अमरेंद्र पांडेय, एटीएम दीनदयाल प्रसाद, महावीर दांगी, सुरेश प्रसाद राणा सहित अन्य शामिल थे।

### ग्रामीणों ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर को दिए आवेदन में लगाया आरोप

# प्राक्कलन के अनुसार नहीं किए जा रहे नल जल योजना के कार्य



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड की लवाही पंचायत अंतर्गत वार्ड 5 के ग्रामीणों ने नल जल योजना में उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अन्य जगहों के निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं होने की बात कही है। वार्ड के ग्रामीणों ने इस संबंध में विभागीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को आवेदन दिया, जिसकी प्रतिलिपि उपायुक्त शेखर जमुआर को भेजी गई है। मंत्री को दिए आवेदन में ग्रामीणों ने लिखा है कि लवाही पंचायत कलां में कई जगहों पर प्राक्कलन के विपरीत कहीं 100 फीट तो कहीं 150 फीट ही बोरिंग की जा रही है। पंचायत के मुखिया द्वारा भी हमारे वार्ड के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

ग्रामीण मेराज अंसारी, राम प्रवेश साव, मोहम्मद तैयब, अलीमुद्दीन अंसारी, सादिक अंसारी, कसमुद्दीन अंसारी, इस्लाम अंसारी, सरफुल्लाह अंसारी, जश्मुद्दीन अंसारी, इरशाद अंसारी, इसहाक अंसारी, इकबाल हुसैन, लियाकत अली, नसीरुद्दीन अंसारी आदि लोगों ने आरोप लगाया कि मुखिया व संवेदक की मिलीभगत से नल जल योजना में मनमाने तरीके से बोर कराया जा रहा है। साथ ही जहां जरूरत है वहां एक भी बोर नहीं कराया गया है। मुस्लिम टोला लवाही कला की वार्ड सदस्य ताहिरा खातून ने कहा कि वार्ड 5 में 115 घरों में लगभग 500 परिवार रहते हैं, लेकिन उक्त टोले में एक भी बोर नहीं कराया गया, जबकि वार्ड 4 में भी लगभग उतने ही परिवारों के लिए 6 बोर करा दिया गया है। वार्ड सदस्य पति राम प्रवेश साव ने आरोप लगाया कि जल मिशन के तहत हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना तो दूर की बात, वार्ड 5 के लगभग 500 लोगों को नल जल योजना से वंचित रखने का कार्य किया जा रहा है। लवाही कला के वार्ड 5 में एक भी बोर कर जलमीनार नहीं लगाना सवाल खड़े करता है। वहीं लगभग उतनी ही आबादी वाले वार्ड चार में 6 स्थान पर बोरिंग करवा दिया गया है। मामले में वार्ड 10 की वार्ड सदस्य शीला देवी ने बताया कि बोरिंग के लिए स्थल का चयन ग्रामसभा के माध्यम से करना था लेकिन मुखिया द्वारा बिना ग्रामसभा कराए ही बोरिंग करवाया जा रहा है। इधर सैकड़ों ग्रामीणों ने अनियमितता बरते जाने को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर को हस्ताक्षरयुक्त लिखित आवेदन देकर जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। मामले में पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार ने कहा कि नल जल योजना बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर संवेदक द्वारा कम गहराई कर बोरिंग की जा रही है तो पहले जेई को भेजकर जांच कराएंगे।

# प्रखंड के पशु चिकित्सक पर रिश्वत लेकर लाभुकों का चयन करने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने सोमवार को जिला गव्य विकास पदाधिकारी सह पशुपालन पदाधिकारी गढ़वा से मुलाकात की। उन्होंने पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रखंड पशु चिकित्सक पर रिश्वत लेकर लाभुकों का चयन करने की शिकायत की है।

प्रमुख ने उल्लेख किया है कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना 2023-24 के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय क्रियान्वयन समिति के द्वारा विभिन्न योजनाओं के लिए सैकड़ों फार्म को अस्वीकृत कर जिले से मिले लक्ष्य के अनुसार योग्य लाभुकों का चयन किया गया था, लेकिन प्रखंड से जिला कार्यालय में भेजी गई रिपोर्ट में पशु

**प्रमुख ने की जिला गव्य विकास पदाधिकारी से की कार्रवाई की मांग**

चिकित्सक और अधिकारियों की मिलीभगत से छेड़छाड़ कर व्हाइटनर लगाकर योग्य लाभुकों की जगह अयोग्य लाभुकों का चयन कर दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने प्रखंड स्तरीय बैठक में चयनित लाभुकों को ही इस योजना का लाभ दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि उक्त दोषियों पर एक सप्ताह के भीतर कारवाई नहीं हुई तो मैं बाध्य होकर आंदोलन करूंगी।

### छह अपराधों में 30 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**बरवाडीह।** कई जघन्य अपराधों में फरार आरोपी को छिपादोहर पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार ने जारी प्रेस बयान में बताया कि पुलिस कप्तान एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि बरवाडीह, छिपादोहर और सतबरवा थाना क्षेत्र में हत्या, अपहरण, आर्म्स एक्ट और सड़क डकैती समेत आधा दर्जन से अधिक जघन्य अपराधों में शामिल फरार आरोपी मुकुट अंजलो कुजूर लुकुमखांड (छिपादोहर) अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही बरवाडीह एसडीपीओ दिलु लोहार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी की गई।

## पुलिस महानिरीक्षक ने लिया व्यवहार न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा ने सोमवार को गढ़वा जिला व्यवहार न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय भी उपस्थित थे।

पुलिस महानिरीक्षक ने न्यायालय परिसर में कोर्ट हाजत, कोर्ट परिसर से जेल की ओर जाने वाले दरवाजा, अधिवक्ता संघ भवन से न्यायालय परिसर आनेवाले इंट्री गेट आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान आईजी ने ताइद संघ भवन के प्रथम तल्ला एवं सबसे उपरी तल्ले से न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई निर्देश दिए। उन्होंने ताइद संघ के एक पदाधिकारी से भवन के उपरी तल्ले पर जानेवाले दरवाजे को बंद कराने के बारे में भी बातचीत की। आईजी ने कहा कि यह न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सभी लोगों से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि वे न्यायालय परिसर की सुरक्षा आडिट के लिए यहां आए हैं।

### वन विभाग ने लकड़ी का बोटा लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**कुंदा।** कुंदा वन प्रक्षेत्र के सोहरलाट जंगल से वन विभाग की टीम ने रविवार देर शाम को लकड़ी माफिया के विरुद्ध बड़ी कारवाई करते हुए बेशकिमती लकड़ी का बोटा लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। गुप्त सूचना पर वन विभाग की छापामारी टीम जब मौके पर पहुंची तो ट्रैक्टर चालक एवं लकड़ी माफिया अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल रहे। वनपाल मुन्ना उरांव ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि सोहरलाट के जंगलों से तस्करों द्वारा अवैध रूप से लकड़ी का बोटा काट ट्रैक्टर पर लादकर तस्करी के लिए लेकर जाने वाले हैं।

# शिविर में आए अबुआ आवास के लिए सबसे ज्यादा 1166 आवेदन



नवीन मेल संवाददाता। केतार

प्रखंड की मुकुन्दपुर पंचायत के सूर्य नारायण वन में सोमवार को आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ नंदजी राम, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, उप प्रमुख शम्भू सिंह, मुखिया मुंगा साह,बीडीसी अजीमा खातुन, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में राशन, पेंशन अबुआ आवास, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य, मनरेगा, कृषि, लघु कुटीर विभाग, सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गये थे, जिनमें ग्रामीणों ने 1594 आवेदन जमा किये। वहीं कार्यक्रम में बिजली विभाग, वन विभाग, पीएचडी विभाग के अधिकारी और कर्मी गायब दिखे। कार्यक्रम में बंशीधर नगर एसडीओ रतन कुमार सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए संबंधित विभाग के स्टाल पर आवेदन देने को कहा।

## रांची आसपास

### रांची जिला मोमिन कान्फ्रेंस अध्यक्ष ने कल्याण मंत्री से की मुलाकात

**रांची/मांडर।** झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण खेलकूद एवं युवा मामलों के मंत्री हफीजुल हसन से रांची जिला मोमिन कान्फ्रेंस अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने सोमवार को मुलाकात की। उन्होंने मंत्री हफीजुल हसन को मुसलमानो के बुनियादी, आर्थिक, शैक्षणिक एवं सियासी मसलों से अवगत कराया। मुख्य रूप से मदरसा बोर्ड, बुनकर वित्त एवं विकास निगम ,15 सूत्री कार्यक्रम, एमएसडीपी, प्रधानमंत्री जन कल्याण कोष से संबंधित मामलों से अवगत कराया। मांडर प्रखंड मे बनने वाले अल्पसंख्यक स्कूल की चर्चा की। मांडर प्रखंड में सरकारी जमीन उपलब्ध रहते हुए भी अल्पसंख्यक विद्यालय के लिए उसे आवंटन नहीं किया जा रहा है। अल्पसंख्यक विद्यालय को राजनीतिक रंग देकर दूसरे प्रखंड में स्थानांतरित किया जा रहा है, जो मांडर प्रखंड के मुस्लिमो के साथ जात और धर्म से जोड़ा जा रहा है।

# नाबालिग गैंगरेप के आरोपी दो दिनों के बाद भी पुलिस गिरफ्त से बाहर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के चुकरू में नाबालिग लड़की के साथ हुए गैंगरेप की घटना के दो दिन बीतने के बाद भी पुलिस एक भी अपराधी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। हालांकि पुलिस की टीम ने अपराधियों की पहचान भी कर ली है। इसके बावजूद अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने हटिया डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर दिया है। गठित एसआईटी में तीन इंस्पेक्टर समेत आठ पुलिसकर्मियों को शामिल किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि एसआईटी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अपराधियों की पहचान भी कर ली है। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पुलिस की टीम चुकरू और हुलहुंडू का कॉल डंप भी निकाल रही है। इस मामले में पुलिस की टीम गुप्तचरों की भी मदद ले रही है। इधर, पुलिस की टीम अपराधियों को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। नाबालिग लड़की का पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में 164 का बयान दर्ज कराया है। हालांकि बयान दर्ज कराने से पहले नाबालिग ने पुलिस को घटना की पूरी जानकारी दी है। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि उसे बाइक सवार अपराधियों ने हुलहुंडू से शनिवार की रात अगवा किया। इसके बाद उसे जंगल में ले जा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया है। हालांकि पुलिस को जांच में पता चला कि अगवा करने के बाद अपराधी उसे जंगल में ले गए, जहां पर एक ही अपराधी ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया है। मगर घटना स्थल पर आठ अपराधी मौजूद थे। पुलिस अफसरों का कहना है कि आठ अपराधी घटना के वक्त मौजूद थे, इस वजह से गैंगरेप का मामला दर्ज किया गया है। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि अपराधियों ने उसे शनिवार रात नौ बजे अगवा किया। चुकरू जंगल में ले जा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस वजह से उसकी तबियत खराब हो गयी।

### जे गुरुजी ऐप को सभी सरकारी शिक्षक करेंगे डाउनलोड

**रांची।** राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को अपने मोबाइल पर जे गुरुजी ऐप डाउनलोड करना होगा। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक और सभी सरकारी स्कूलों के हेडमास्टरों को पत्र लिखकर जे-गुरुजी ऐप का उपयोग सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को फ्री में डिजिटल ई-कंटेंट और ऑनलाइन स्टडी की सुविधा देने के लिए विभाग ने 16 अक्टूबर को जे-गुरुजी ऐप लॉन्च किया था। बता दे कि जे-गुरुजी एप एक मल्टिपर्पस मंच है। जो स्कूलों के शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करने के लिए वेब और मोबाइल एप्लिकेशन दोनों के जरिये सुविधा उपलब्ध कराता है। जे-गुरुजी ऐप में झारखंड काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (जेसीईआरटी) की ओर से उपलब्ध कराये गये ई-बुक, ऑडियो बुक और ई-पब उपलब्ध है। इसके अलावा एप में कक्षावार, विषयवार और अध्यायवार वीडियो और नोट्स भी मौजूद हैं।

# सीएम से जयपाल सिंह स्टेडियम पुनर्निर्माण कार्यों की जांच की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के पुनर्निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की शिकायत की जॉच की मांग मुख्यमंत्री से की गयी। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम बचाव संघर्ष समिति ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय को ज्ञापन सौपा। पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के पुनर्निर्माण कार्य में जिस तरीके से संवेदक और प्रशासनिक मिलीभगत से भ्रष्टाचार की गाथा लिखी गई है। वह अभी खुले आंखों से देखा जा सकता है। आरोप लगाया कि स्टेडियम के निर्माण कार्य के एस्टीमेट को निगम और प्रशासनिक मिलीभगत से अनावश्यक रूप से बढ़ा कर जनता के टैक्स के पैसे का बंदरबांट किया गया है। पुनरुत्थान कार्य पर विभिन्न स्तर पर बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। जिसके कारण वर्तमान में मैदान समतल न होने के बजाय उबड़-खाबड़ है। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के चार दिवारी के टाइल्स अभी से ही टूट गए हैं। खेल कोर्ट के निर्माण कार्य आज भी अधूरे हैं। परिसर में लगे लाइट्स अभी ही आधा से ज्यादा खराब हो चुके हैं। खिलाड़ियों अथवा आमजनों के लिए शौचालय की व्यवस्था नही है, खेल मैदान को पटाने के लिए कोई समुचित व्यवस्था नही है।

# मेसरा में महिला को हिपनोटाइज कर अपराधियों ने लूटे चार लाख के जेवरात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हिपनोटाइज कर अपराधी लूट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। अपराधियों ने नेवरी डीपीएस ग्रेटर स्कूल के समीप एक महिला के साथ इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया। उनसे नगदी समेत चार लाख रुपए के जेवरात लूटकर फरार हो गए। घटना शनिवार की है। इस संबंध में कोकर बैंक कॉलोनी की रहने वाली महिला प्रियंका उपाध्याय ने मेसरा ओपी में दो अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पीड़िता की ओर से दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि अपराधियों ने उसके पास आकर उसे अचेत कर दिया। उनकी आंखों के सामने अपराधियों ने उनसे लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मगर वह कुछ नहीं कर पायी। जब उन्हें होश आया तब तक अपराधी भाग चुके थे। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस उस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा से फुटेज खंगाल रही है। हालांकि अब तक पुलिस को अपराधियों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। प्रियंका उपाध्याय की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह बच्चों को डीपीएस ग्रेटर स्कूल छोड़कर ऑटो का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान दो युवक पीछे से उनके करीब पहुंचे। महिला ने बताया कि दोनों युवक दूर से ही कुछ बुद-बुदाते हुए उनके करीब आए। कुछ ही देर में उनका शरीर पूरी तरह से भारी हो गया। उन्हें यह महसूस हो रहा था कि वह बेहोश हो चुकी है। दोनों युवकों ने उनके गले से साईं बाबा का मंगलसूत्र और कान से रिंग निकाल लिया। उनके हाथ से पर्स ले लिया। पर्स में आधार, पैन, एटीएम कार्ड, दो हजार नगदी, डायमंड का रिंग, चार पीस गोल्ड रिंग, कान का टॉप्स एक जोड़ा था। जिसे लेकर दोनों युवक पैदल निकल गए। वह सबकुछ देख रही है, लेकिन कुछ कर नहीं पा रही थी। यहां तक कि अपराधी पैदल उनके आखों के सामने से जाते हुए देखा, मगर आवाज तक नहीं लगायी। करीब 20 मिनट बाद उनका शरीर सामान्य हुआ।

### मानवाधिकार सहयोग संघ के कार्यक्रम में पूर्व सीएम मरांडी आमंत्रित



**रांची।** मानवाधिकार सहयोग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिल्पी शर्मा, उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती, लीगल सेल के रवि रंजन, उपाध्यक्ष अली उमर ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की। उन्हें प्रदेश स्तरीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में आमंत्रित किया। उनको 20 दिसंबर को पुराना विधानसभा के सभागार में आयोजित मानवाधिकार सहयोग संघ के द्वारा के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के जनप्रतिनिधि और अन्य अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। जिसके तहत पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भी सहयोग संघ द्वारा आमंत्रित किया गया।


**झारखंड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (सहकारिता प्रभाग)**
**झारखण्ड राज्य लघुवनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लि॰ (झाम्फकोफेड)**
**(झारखंड सरकार का उपक्रम)**
चतुर्थ तल, पशुपालन–सहकारिता भवन, हटिया, राँची– 834003, झारखंड
E.mail I.D.:- mdjhamfcofed@gmail.com
Ph No :0651-3510563/7004790869 Web Site: - www.jhamfcofed.com

**e-Auction के माध्यम से लघुवनोपज की बिक्री हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण**

झारखण्ड राज्य लघुवनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लि॰ (झाम्फकोफेड) एक राज्य स्तरीय शीर्ष सहकारी संघ है। वर्ष 2022 में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित "Mechanism for Marketing of Minor Forest Produce (MFP) through Minimum Support Price (MSP) and Development of Value Chain for MFP" योजना अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर आहरित एवं रामराज शीतगृह राँची में भण्डारित 5000 Quintal (Aprox) बीज सहित इमली (Seeded Tamarind- Harvesting Season 2022) एवं 60 Quintal बीज रहित इमली (Deseeded tamarind- Harvesting Season 2022) की बिक्री BSE e-Agriculture Markets Ltd., C1 India Private Limited, तथा Antares Systems Ltd. के Online e-auction Platforms पर e-Auction (e-निविदा) के माध्यम से दिनांक 18.12.2023 को निष्पादित किया जाना है। e-Auction में भाग लेने हेतु इस व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों, व्यापारियों, फर्म आदि का निःशुल्क Registration दिनांक 16.12.2023 के अपराह्न 5 बजे तक e-Auction platforms (www.bsebeam.com, www.c1india.com, www.gerpegov.com/EAUCTION) पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए BSE e-Agriculture Markets Ltd., C1 India Private Limited, तथा Antares Systems Ltd अथवा झाम्फकोफेड कार्यालय (दूरभाष :– 06513510563 / 8825331461) से सम्पर्क किया जा सकता है। बिना कारण e-निविदा रद्द करने / संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

ह०/–
प्रबंध निदेशक
झाम्फकोफेड लि॰, राँची

PR 313209 Co-opretive(23-24)#D

## एक नजर

### आज कोकर के कई क्षेत्रों में तीन घंटे नहीं रहेगी बिजली

**रांची।** बूटी मोड़ से दुर्गा सोरेन चौक तक बन रहे सड़क चौड़ीकरण योजना के कारण सड़क के किनारे आने वाले पेड़ों को काटने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में पथ निर्माण विभाग ने जेबीवीएनएल ने शट डाऊन देने का आग्रह किया है। मंगलवार को कोकर क्षेत्र में पेड़ काटने का काम किया जायेगा। इस दौरान उस क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। 11 केवी अयोध्यापुरी, बांधगाड़ी फीडर सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक बंद रहेगा। इसके कारण इमामकोठी, ढेलाटोली, महावीर नगर, सरनाटोली, अयोध्यापुरी, आलू गोदाम, बॉधगाड़ी, हेमलता गली, खेलगांव चौक, न्यूनगर और आसपास के क्षेत्रों में तीन घंटे बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी।

### विकास विद्यालय में 5वीं श्री मोहनलाल जी नोपानी मेमोरियल अंडर 17 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु

**रांची।** विकास विद्यालय में 5वां श्री मोहनलाल जी नोपानी मेमोरियल अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को आगाज हुआ। जिसका शुभारंभ विकास विद्यालय के प्राचार्य पीएस कालरा ने किया। इस टूर्नामेंट में कुल 13 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्राचार्य पीएस कालरा ने टॉस कर मैच को आरंभ कराया। मौके पर पीएस कालरा ने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन से जहां एक ओर खेल भावना का विकास होता है। वहीं बच्चों में आपसी सद्भावना का भी चहुंमुखी विकास होता है। प्रथम मैच कलकत्ता पब्लिक स्कूल तथा टेंडर हार्ट स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें कलकता पब्लिक स्कूल 13 रनों से विजय रहा। दूसरा मैच कैराली स्कूल तथा जवाहर विद्या मंदिर के बीच खेला गया। यह मैच टाई रहा, लेकिन सुपर ओवर में जवाहर विद्या मंदिर की टीम ने अपनी जीत दर्ज.की। तीसरा मैच जिसमें बधवार अकादमी, चान्हो व विवेकानंद विद्या मंदिर धुर्वा के बीच खेला गया। इस मैच में विवकानद। विद्या मंदिर ने 08 विकेट से जीत दर्ज.की। चौथा मैच सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी स्कूल व शारदा ग्लोबल स्कूल के बीच खेला गया। इस मैच में शारदा ग्लोबल स्कूल ने 23 रन से अपनी जीत दर्ज की। कैराली स्कूल के आधित्य पांडेय ने 101 रन की पारी खेली व बधवार अकादमी के अभिषेक महली ने 138 रन की पारी खेली। कार्यक्रम का संचालन विकास विद्यालय के अकादमिक समन्वयक अनूप शर्मा ने किया।

### कोकर के इस मुहल्ले के लोग छह माह से हैं परेशान

# पेयजल पाईप लाइन बिछाने में खोदी गयी सड़क से सरना टोली के लोग परेशान

**रवि चंद कपूर**

रांची। कोकर के सरना टोली के नागरिक इन दिनों उबड़-खाबड़ और सकरी हो गयी सड़क से परेशान है। यह परेशानी वहां के लोग पिछले छह सात महीने से झेल रहे है। ऐसा इसलिए हुआ है कि इस मुहल्ले में पानी के लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क की खुदाई की गयी थी। खुदाई के बाद 10 फीट चौड़ी पक्की सड़क कही तीन फीट की हो गयी, तो कही पांच फीट की। पाईप लाइन बिछाने के बाद उसके उपर बोल्डर और मिट्टी भर दी गयी। लेकिन न तो बोल्डर को सही तरीके से बैठाया गया और न ही मिट्टी को समतल किया गया। जिस कारण बोल्डर और सड़क कटाव के कारण जगह जगह सड़क सकरी और उबड़-खाबड़ हो गयी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेयजल के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम बहुत अच्छा था। लेकिन पाईप लाईन बिछाने के बाद ठेकदार और विभाग के लोग खोदे गये सड़क को जैसे तैसे भर कर चले गये। जिससे खमियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इस मुहल्ले में काफी प्रयास के बाद पक्की सड़क बनी थी, इससे लोगों को सुविधा होती थी। लेकिन पाइप लाईन बिछाने के बाद सड़क की स्थिति खराब हो गयी है। पिछले बरसात में तो यहां के लोगों को काफी परेशानियों सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि खराब सड़क को ठीक करने के लिए कई बार नगर निगम से आग्रह किया गया। हर बार अधिकारियों की ओर से आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया।

**नगर निगम की लापरवाही है कारण :** लोगों का कहना है कि यह पूरी तरह से नगर निगम की लापरवाही का नतीजा है। नगर निगम का ही बनाया हुआ नियम है कि किसी कार्य के लिए जो कंपनी या विभाग खुदाई करेगा। वहीं फिर रोड का बनाने का काम करेगा। लेकिन इस मुहल्ले में ऐसा नहीं हुआ। इसके लिए लोग नगर निगम को जिम्मेवार ठहराते है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम के द्वारा बनायी गयी सड़क को कोई खोद कर बर्बाद कर दे और नगर निगम चुप रहे यह समझ से परे है।

### हमेशा होते रहती है छोटी-छोटी दुर्घटनाएं



यहां के निवासी रोहित कुमार बताते कि हजारीबाग रोड से सरना टोली के लिए अंदर मुड़ते के साथ सड़क खाबड़ है। यह सड़क नीचे तक करीब डेढ़ किलोमीटर तक खराब हो गयी है। सड़क खराब रहने के कारण आने जाने के क्रम में दो पहिया वाहन और साइकिल सवार हमेशा दुर्घटना के शिकार होते है। खास कर साईकिल चलाने के क्रम में बच्चें और स्कूटी चलाने वाली युवतियां हमेशा दुर्घटना के शिकार हाते रहते है।

### शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है



मुहल्ले के युवा नीतीश कुमार कहते है कि करीब 6-8 महीने पहले पाईप लाईप लाईन बिछाने के लिए पर सड़क की खुदाई की गयी। पाईप बिछाने के बाद गड्डे को जैसे तैसे भर दिया गया। सड़क भरने के बाद रोड रोलर चलाना था लेकिन ऐसा नहीं किया। जिस कारण सड़क उबाड़-खाबड़ हो गयी है और पूरा क्षेत्र के नागरिक परेशान है। नगर निगम को इस सड़क को फिर से ठीक करवाना चाहित ताकि हमारी परेशानी कम हो।

### पाईप लाईन बिछाने में सड़क कर दिया बर्बाद



मुहल्ले की रहने वाली राजमंती देवी कहती है कि पानी के लिए पाईप लाइन बिछाने के क्रम में पूरी सड़क खराब कर दी गयी है। पाईप लाइन तो बिछ गया लेकिन सड़क को खराब कर चले गये। मुख्य सड़क के अलावा बाइलेन को भी बर्बाद कर दिया है। रोड नंबर पांच को खोद कर छोड़ दिया गया। जिससे यहां के नागरिकों को परेशानी होती है।

### जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए



अंथोनी तिग्गा कहते है कि इस मुहल्ले की सड़क सार्वजनिक संपति है। इस सड़क को खोद कर बर्बाद कर दिया गया। यह सीधा सीधा सरकारी संपति की क्षति है, तो फिर इसे बर्बाद करने वाले अधिकारियों या फिर ठेकेदार पर कार्रवाई होनी चाहिए। और दोषी लोगों से सड़क की क्षतिपूर्ति की वूसली किया जाना चाहिए।

## भारतीय शिक्षण मंडल झारखण्ड के प्रांत मंत्री बनाए गए डॉ सुबास साहु



**रांची।** डॉ सुबास साहु को भारतीय शिक्षण मंडल में प्रांत मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया। रविवार को हुए अखिल भारतीय अधिकारियों के बैठक में भारतीय शिक्षण मंडल के झारखण्ड प्रांत का नूतन कार्यकारिणी मण्डल में अखिल भारतीय राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमान शंकरानन्द,अखिल भारतीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश सिंह, अखिल भारतीय राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री हिमांशु वर्मा जी के गरिमामयी उपस्थिति में झारखण्ड प्रांत कार्यकारिणी मण्डल का घोषणा झारखण्ड प्रांत के पालक अधिकारी डॉ ओम प्रकाश सिंह जी के श्रीमुख से किया गया, जिसमें झारखण्ड प्रांत अध्यक्ष का दायित्व पुनः डॉ रणजीत मिश्रा जी को व डॉ सुबास साहु जो प्रांतीय विश्वविद्यालय इकाई प्रमुख को झारखण्ड प्रांत मंत्री का दायित्व डॉ सुबास साहु को प्रदान क्या गया।

## पीजीटीटीसीई और सीजीएल के अभ्यार्थियों ने जेएसएससी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित हो रहे पीजीटीटीसीई और सीजीएल के अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी है। इसे लेकर सोमवार को छात्र-छात्राओं ने आयोग कार्यालय के समक्ष धरना दिया और नारेबाजी की। इसके बाद आयोग की ओर से प्रदर्शन कर रहे छात्रों को वार्ता के लिए बुलाया। जिसके बाद पीजीटीटीसीई संस्कृत के अभ्यर्थी देवेंद्रनाथ महतो के नेतृत्व में छात्रों का दल आयोग के आला अधिकारियों के साथ घंटों वार्ता किये। छात्रों ने सात सूत्री लिखित मांगों को आयोग को सौंपा। प्रदर्शन कर रहे अभ्यार्थियों का कहना है कि के पीजीटीटीसीई सभी सातों विषयों के आंसर-की और रिस्पांस-की के फेरबदल के धांधली को स्वतंत्र इकाई से जांच करायी जाय। एवं सीजीएल परीक्षा के तिथि के यथाशीघ्र आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी करने की मांग की है। अभ्यर्थी देवेंद्रनाथ महतो ने एलान कि यदि आयोग हम छात्रों की मांगों को नहीं मानती है,तो झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन आगामी 15 दिसंबर को जेएसएससी आयोग का महा घेराव करेगा।

## डीपीएस रॉची के विद्यार्थियों का क्लैट 2024 में शानदार प्रदर्शन




**रांची।** डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा शक्ति और विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 2024 में अपनी सफलता का परचम लहरा कर विद्यालय और अपने परिवार को गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा मे नमन ने एआईआर 259 हासिल किया एवं टॉपर बने। अन्य क्वालीफायर मे अभ्युदय तुलस्यान (एआईआर 1583), स्तुति अनवी (एआईआर 2717), सौम्या रंजन (एआईआर 5922), सृष्टि जैन (एआईआर 7894) और सौभाग्य राठी (एआईआर 18387) शामिल है। प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रांची यूनिवर्सिटी के जूलॉजी विभाग में सड़क सुरक्षा पर हुआ सेमिनार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची यूनिवर्सिटी पीजी डिपार्टमेंट ऑफ जूलॉजी विभाग में सड़क सुरक्षा विभाग एव रिलेशनस के संयुक्त अभियान के तहत सेमिनार का आयोजन हुआ। सोमवार को सड़क सुरक्षा विभाग रांची एव रिलेशनस के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी स्थित रांची यूनिवर्सिटी पीजी डिपार्टमेंट ऑफ जूलोजी विभाग में सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति रोड सेफ्टी डीपार्टमेंट रांची के रोड सेफ्टी इंजीनियर गौरव कुमार, रोड सेफ्टी मैनेजर जमाल खान, रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, जूलोजी विभाग की डॉ वंदना कुमारी, प्रो डॉ आनंद कुमार ठाकुर, डॉ सीमा केशरी, डॉ नयनी सक्सेना और डॉ नीता लाल आदि उपस्थित थे।

## वाटर संप-प्लांट की सफाई से कई क्षेत्रों में आज पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

**रांची।** शहर के कई क्षेत्रों में गंदे पानी आने की लगातार शिकायत पेयजल विभाग को मिल रही है। गंदे पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए शहर के सबसे बड़े क्षेत्रों में वाटर सप्लाई करने वाले रूक्का डैम वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और बूटी पहाड़ संप की साफ-सफाई की गयी है। इनकी सफाई लंबे समय से नहीं हुई थी। साफ सफाई कार्य के कारण सोमवार को कहीं वाटर सप्लाई प्रभावित नहीं हुई। मगर इसका असर मंगलवार को कई क्षेत्रों में होगा। मंगलवार को शहर के अधिकांश क्षेत्रों में अनियमित एवं आंशिक जलापूर्ति होगी। सोमवार को सुबह से ही साफ-सफाई काम शुरू कर दिया जो देर शाम तक चला। पानी शुरू करने के बाद एक बार फिर से पाइपों में जमे गंदगी को प्रेशर के माध्यम से साफ किया जाएगा कि ताकि पाइप में गंदगी न रहे। मंगलवार को एक बार गंदे पानी आने के कुछ देर बाद साफ पेयजल आयेगी। मंगलवार को टाऊन लाइन और रातू रोड से अनियमित एवं आंशिक जलापूर्ति की संभावना जतायी गयी है। कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर ने बताया कि टाऊन लाइन से आपूर्ति होने वाले क्षेत्र मेन रोड, कोकर, बरियातू रोड, लोवाडीह, चुटिया, चर्च रोड, स्टेशन रोड, कांटा टोली व आसपास के क्षेत्रों में देर शाम वाटर सप्लाई की जाएगी।

### श्री गुरु गोविंद सिंह का 356वां प्रकाश पर्व 20 और 21 जनवरी को मनाया जायेगा

# 5 जनवरी से शुरू होगी प्रभातफेरी, श्री गुरु नानक सत्संग सभा की बैठक में लिया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में दशम पातशाह श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 356वें प्रकाश पर्व को लेकर सोमवार को एक बैठक हुई। सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रकाश पर्व से संबंधित सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई और इसे अंतिम रूप दिया गया। श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 5 जनवरी से 13 जनवरी तक कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड गुरुद्वारा से रोजाना सुबह 5:30 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। जबकि प्रकाश पर्व 20 एवं 21 जनवरी को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में तीन विशेष दीवान सजाए जाएंगे। 20 जनवरी को सुबह आठ से साढ़े दस एवं रात को आठ से साढ़े ग्यारह तक विशेष दीवान सजाया जायेगा। 21 जनवरी को सुबह दस से दोपहर ढाई बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। सभी दीवानों की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा। इन दीवानों में सिख पंथ के विख्यात रागी जत्था भाई जसप्रीत सिंह विशेष रूप से शिरकत करेंगे। बैठक में तय हुआ कि 16 दिसंबर को श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी गुरुपर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर रात आठ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। जिसमें सिख पंथ के महान रागी जत्था भाई जसप्रीत सिंह जी शबद गायन से साध संगत को निहाल करेंगे। हर वर्ष 21 दिसंबर से 28 दिसंबर तक आयोजित होने वाले शहीदी सप्ताह के तहत सत्संग सभा द्वारा 26, 27 एवं 28 दिसंबर को सुबह नौ से दस और रात को नौ से साढ़े दस बजे तक दीवान सजाया जाएगा। जिसमें भाई गुरबक्श जी शान कथा एवं कीर्तन कर संगत को निहाल करेंगे। रात को आयोजित तीनों दीवानों की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि नव वर्ष की खुशी में 1 जनवरी को सत्संग सभा द्वारा सुबह 8:00 बजे से 10:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा।

बैठक में सुंदर दास मिढ़ा, भगवान सिंह बेदी, हरगोविंद सिंह, हरविंदर सिंह बेदी, सुरेश मिढ़ा, अशोक गेरा, मोहन काठपाल, वेद प्रकाश मिढ़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, विनोद सुखीजा, अनूप गिरधर, हरीश मिढ़ा, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, बसंत काठपाल, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, नीरज गखड़, अश्विनी सुखीजा, चरणजीत मुंजाल, पवनजीत सिंह तथा राकेश गिरधर समेत अन्य शामिल थे।



## रांची सिविल कोर्ट में 11 से 16 दिसंबर तक चलेगा विशेष मध्यस्थता अभियान

# पहले दिन सुलझाया गये 16 पारिवारिक विवाद से संबंधित मामले



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झालसा के निर्देश पर अध्यक्ष-सह-न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में रांची सिविल कोर्ट में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया गया है। यह मध्यस्थता अभियान सोमवार से शनिवार 16 दिसंबर तक चलेगा। वादकारी 16 दिसंबर तक मध्यस्थता केंद्र में आकर मध्यस्थता के माध्यम से वादों को सुलझा सकते है। विशेष मध्यस्थता अभियान में तलाक संबंधी मामले, वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले, भरण-पोषण के मामले, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले, भादवि की धारा-498ए के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को वादकारी उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण करा सकेते हैं। सोमवार को विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन कुल 16 (सोलह) मामलों को सुलझाने में सफलता मिली। मामलें में दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत चल रही है। इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है। डालसा सचिव राकेश रंजन ने पूर्व में ही मध्यस्थतों और अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने की अपील की है।

### विधिक जारूकता अभियान से लोगों को किया गया जागरूक

## रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने तमाड़ में लगाया शिविर

रांची। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने सोमवार को तमाड़ में उच्च विद्यालय मैदान में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विधिक जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को आम लोगों से जुड़ी कई जरूरी कानूनों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। यह अभियान झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायामूर्ति एस. चंद्रशेखर द्वारा परिकल्पित आउटरीच योजना के 100 दिनों तक होने वाले कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। सोमवार को एलएडीसी अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप, पीएलवी सोनामनी देवी, अनिमा मल्लिक, नीतू देवी व राजा वर्मा उपस्थित थे। एलएडीसी अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने बच्चों से संबंधित कानूनों जिसमें जेजे एक्ट और पोक्सो एक्ट की जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह के रोकथाम के विषय पर विस्तार से चर्चा की। पीएलवी सोनामनी देवी एवं अनिमा मल्लिक ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण और सड़क दुर्घटना में से संबंधित कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा दहेज प्रथा कानून के बारे में भी ग्रामीणों को विस्तार से बताया गया। वीरेंद्र प्रताप ने एमएसीटी एक्ट के बारे में लोगों को जानकारी दी। पीएलवी अनिमा मल्लिक ने वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं। पीएलवी ने घरेलू विवाद एवं जमीन संबंधी विवाद के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मौके पर डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों के बीच पंपलेट और लिफलेट का वितरण भी किया।



# पुलिस ने पीपी के आवास से बरामद एके 47 मामले में तथ्य छुपाये : ईडी

**एजेंसी। रांची**

राज्य में ईडी अवैध खनन और जमीन घोटाले मामले की जांच कर रही है। अब तक की जांच में इडी ने दो आईएएस समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने पिछले साल अगस्त माह में प्रेम प्रकाश के आवास से दो एके 47 राइफल्स और कई आपत्तिजनक समान बरामद किया था। इस मामले को लेकर ईडी ने झारखंड पुलिस पर तथ्यों को छुपाने का आरोप लगाया है। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि झारखंड पुलिस को इस मामले की सही जानकारी देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले को छिपाने के लिए पुलिस ने केवल विज्ञप्ति जारी कर दिया और कोई कार्रवाई नहीं की। ईडी ने कोर्ट को बताया कि दो पुलिस जवान के हथियार थे और वे लोग मुख्यमंत्री आवास में सुरक्षा में तैनात थे लेकिन राज्य पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर लोगों को बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने पिछली रात को अपने हथियार प्रेम प्रकाश के आवास पर छोड़ दिए थे। ईडी ने कोर्ट को कहा कि इस प्रकार की मंशा प्रेम प्रकाश को बचाने की रही है। प्रेम प्रकाश को ईडी ने पिछले साल अगस्त माह में रांची से गिरफ्तार किया था। अवैध खनन मामले में पीएमएलए के तहत उनकी गिरफ्तारी हुई है। प्रेमप्रकाश के घर से दो एके 47 राइफल्स और साठ जिंदा कारतूस बरामद हुए थे।




## चेशायर होम रोड जमीन मामले में व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत पर 18 दिसंबर को सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ की जमीन खरीद बिक्री मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी पर अब 18 दिसंबर को सुनवाई होगी। यह मामला हाईकोर्ट के न्यायाधीश दीपक रोशन की कोर्ट में सूचीबद्ध था। पिछली सुनवाई में मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि मामले में विष्णु अग्रवाल के खिलाफ अब आरोप पत्र दाखिल हो चुका है, ऐसे में उन्हें जमानत दी जाए। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई 2023 को रात करीब 10:00 बजे ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की 1 एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है।

### ठाकुर बाड़ी अतिक्रमण मामले में डीसी से मांगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को जमशेदपुर स्थित साकची ठाकुर बाड़ी के आस-पास और मंदिर परिसर में अवैध अतिक्रमण को हटाने को मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की बेंच ने जमशेदपुर डीसी को चार सप्ताह में रिपोर्ट जमा करने को कहा है। याचिकाकता वीजेंद्र शर्मा ने अपनी याचिका में कहा है कि मंदिर कमेटी मंदिर परिसर में अतिक्रमण करवा रही है, जो अनुचित है। उनकी ओर से कोलकाता हाई कोर्ट के अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव और विकास कुमार ने बहस की।

### हाईकोर्ट : टेरर फंडिंग में महेश अग्रवाल,अमित अग्रवाल के मामले में बहस पूरी

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आधुनिक पावर कंपनी की तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल ,अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल और अजय कुमार सिंह की अपील अब सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में यह मामला सोमवार को सूचीबद्ध था। कोर्ट में महेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की ओर से बहस पूरी हो चुकी है। अब 18 दिसंबर को अजय कुमार सिंह की अपील पर सुनवाई होगी। इन तीनों ने अपने खिलाफ किए गए चार्जफ्रेम एवं खारिज किए गए डिस्चार्ज पिटिशन हाई कोर्ट में चुनौती दी है। याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता ऋषभ कुमार ने पैरवीकार हैं। रांची की एनआईए कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में महेश अग्रवाल और अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल और अजय कुमार सिंह की डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दी थी। साथ ही कोर्ट ने उन पर चार्जफ्रेम कर दिया है, जिसे उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

## एक नजर

### हेमंत सोरेन को फिर ईडी का समन, आज पूछताछ के लिए बुलाया

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने समन जारी किया है। ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए 12 दिसंबर को कार्यालय बुलाया है। जमीन घोटाला मामले में ईडी की टीम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करेगी। इससे पहले भी हेमंत सोरेन को समन जारी हुए हैं पर वह नहीं गए। ईडी ने मुख्यमंत्री को छठी बार समन जारी किया है। इससे पहले 14 अगस्त को मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए ईडी ऑफिस बुलाया गया था। मुख्यमंत्री ने पत्र लिखकर ईडी के ऑफिस जाने से साफ मना कर दिया था।

### प्रधानमंत्री से मिले भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी

**रांची।** झारखंड भाजपा के विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की है। इस दौरान बाउरी ने प्रधानमंत्री को झारखंड की राजनीतिक परिस्थिति से अवगत कराया। अमर कुमार बाउरी ने सोशल मीडिया एक्स पर मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि आधुनिक विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जन नेता, प्रधानमंत्री, हम जैसे लाखों कार्यकताओं के प्रेरणा स्त्रोत नरेन्द्र मोदी जी का आज आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### नहीं रहे पूर्व पार्षद कृष्ण मोहन सिंह

**रांची।** वार्ड 39 के पूर्व पार्षद धुर्वा निवासी कृष्ण मोहन सिंह का सोमवार को पटना में निधन हो गया। 55 वर्षीय कृष्ण मोहन पटना में इलाज करा रहे थे। बताया गया कि उनको अपेंडिस थी। जिसका इलाज वह पटना के एक अस्पताल में करा रहे थे। इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उनका निधन हो गया। उनके पार्थिक शव को पटना से लेकर परिजन देर शाम रांची पहुंचे। जानकारी दी गयी कि मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार सीठियो स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे एचईसी श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष और रांची बस एसोसिएशन के भी अध्यक्ष रहे थे। कृष्ण मोहन के निधन पर राजनीति दलों के नेताओं सहित मजदूर संगठन के लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### सोहराय कला पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, बी.एड एवं डीएलएड इकाई में सोहराय कला पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सोहराय कला के विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रकृति एवं मानव संबंधों को सोहराय कला के माध्यम से दर्शाया गया। मौके पर फाइन आर्ट के सहायक प्राध्यापक धनंजय कुमार उपस्थित थे। डायरेक्टर डॉ. रश्मि ने बताया कि जनजातीय कला-संस्कृति को प्रोत्साहित करके शिक्षा को सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में प्रासंगिक बनाया जा सकता है।

# हेमंत सोरेन बिना देर किए ईडी के सवालों का जवाब दें : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के छठे समन को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने निशाना साधा है। मरांडी ने कहा कि अब पानी सिर के ऊपर बहने लगा है इसलिए मुख्यमंत्री सोरेन को सलाह है कि वे बिना देर किए ईडी द्वारा जारी छठे समन का सम्मान करें और बिना देर किए ईडी के सवालों का जवाब देने जाना चाहिए। मरांडी ने सोमवार को कहा कि यदि राज्य का मुख्यमंत्री कानून का पालन नहीं करेगा तो फिर आम आदमी से इस संबंध में उम्मीद नही की जा सकती। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार मीडिया के सामने अपने को बेदाग बताते हैं, तो फिर इस भ्रम को दूर करने का उनको ईडी बार-बार अवसर दे रही। उन्हें ईडी कार्यालय में जाकर अपना पक्ष विस्तार से रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो कानून को हाथ में लेता है, उसे ठेंगा दिखाता है उसके साथ वैसा ही व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कानून का पालन नहीं करते तो सख्त कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री को बर्खास्त करना चाहिए।



### सशक्त भाजपा ही सशक्त भारत की गारंटी : बाबूलाल

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को विस्तारकों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश समझ चुका है कि मोदी की गारंटी ही आत्म निर्भर भारत की गारंटी है। उन्होंने कहा कि इस सपने को साकार करने में आपकी बड़ी भूमिका है क्योंकि सशक्त भाजपा से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। पार्टी कार्यकर्ता आम जनता की आशा और अपेक्षाओं पूर्ण कराने के अहम कड़ी हैं। हमें मोदी सरकार की नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार लोगों को लाभान्वित करनने में सक्रिय भूमिका निभानी है।

**नए मतदाताओं को जोड़ने का काम करें: कर्मवीर :** प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सर्व स्पर्शी,सर्व व्यापी,सर्व समावेशी और सर्व ग्राह्य भाजपा ही मूल मंत्र है। उन्होंने आगामी लोकसभा में झारखंड की 14 लोकसभा सीट पर पार्टी की जीत एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार के लिए राज्य की युवा शक्ति को,नव मतदाताओं को जोड़ने का आह्वान किया। कहा बूथ और यूथ पर फोकस करें। बैठक में महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, प्रवक्ता सरोज सिंह ,सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

### पीएम की इच्छाशक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 एवं 35ए के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय का स्वागत किया। मरांडी ने कहा कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाई है। मरांडी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अनुच्छेद 370 एवं 35ए को हटाने के निर्णय, उसकी प्रक्रिया और उद्देश्य को पूर्ण रूप से सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर को देश की मुख्यधारा में जोड़ने का ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने अपने गहन ज्ञान से एकता के मूल सार तत्व को मजबूत किया है। आज जम्मू कश्मीर, लद्दाख विकास की मुख्यधारा में तीव्र गति से जुड़ रहे हैं।

### प्रदेश भाजपा ने एमपी के नए मुख्यमंत्री को दी बधाई

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को बधाई दी है। मरांडी ने कहा कि यह सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी, सर्व समावेशी भाजपा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी वर्गों को सम्मान देने में विश्वास करती है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावा नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री बनाए गए जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल एवं मप्र विधानसभा अध्यक्ष बनाए गए नरेंद्र सिंह तोमर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## संजय सेठ ने उठाया धर्मांतरण का मुद्दा, अर्जुन मुंडा ने दिया जवाब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची सांसद संजय सेठ ने सोमवार को लोकसभा में झारखंड समेत अन्य राज्यों में आदिवासियों के धर्मांतरण का मुद्दा उठाया। इस पर जवाब देते हुए केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह राज्यों का विषय है। राज्य सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जनजातीय समुदायों के जीवन मूल्य, भाषा, संस्कृति और परंपराएं अक्षुण्ण रहें। सांसद संजय सेठ ने पूछा था कि क्या सरकार का ध्यान उनके राज्य में आदिवासियों के धर्मांतरण पर है।जवाब में मुंडा ने कहा कि वैसे तो यह विषय राज्य सरकारों का है और राज्य सरकार को इन बातों का ध्यान रखना चाहिए कि तमाम समुदायों, खासकर जनजातियों के जीवन मूल्य, भाषा, संस्कृति और परंपराएं अक्षुण्ण रहें।

उन्होंने कहा कि सदस्य ने जो विषय उठाया है, उस तरह की शिकायतें कुछ राज्यों से आती हैं कि वहां इन बातों का ध्यान नहीं रखा जाता। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जनजातीय शोध संस्थानों और राज्य सरकारों का ध्यान इस ओर दिलाया जाता है।

## ईडी के गवाह से निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के वकीलों ने किए सवाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के महत्वपूर्ण गवाह के बचाव पक्ष की ओर से सोमवार को क्रॉस एग्जामिनेशन किया गया। इस केस की प्रमुख अभियुक्त निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने ईडी के गवाह अभयनंद अम्बष्ट से सवाल किए। बचाव पक्ष के वकीलों का ईडी के गवाह ने एक-एक कर जवाब दिया, जिसके बाद अब इस केस के अन्य अभियुक्तों सुमन कुमार और निलंबित जूनियर इंजीनियर राम विनोद सिंह की ओर से गवाह का क्रॉस एग्जामिनेशन किया जाएगा। सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल और राम विनोद सिन्हा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के मध्यम से उपस्थित रहे। वहीं पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार भी कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष 12 अप्रैल को मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने रांची ईडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था। तब से वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं। झारखंड के खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। उनके पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम बेल दी थी।

### हवाई अड्डे का डीसी ने किया निरीक्षण

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पहुंचकर परियोजना में भूमि संबंधी आ रही समस्याओं पर संबंधित सभी अधिकारियों से चर्चा की। डीसी ने हवाई अड्डा विस्तारीकरण परियोजना में आ रही अडचनों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। कार्य में आ रही अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिये। इस दौरान डीसी को बताया गया कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए बाउंड्री निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह कार्य हेथू, चंदाघासी, कुटेटोली में किया जाना है। जब भी काम कराया जाता है तो आस-पास के ग्रामीण आ कर कार्य में बाधा डालते हैं।

## 16-17 को होनी वाली जेएसएससी सीजीएल परीक्षा स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को स्थगित कर दिया गया है। इस परीक्षा का आयोजन 16 और 17 दिसंबर को होना था. मगर चयनित एजेंसी ने निर्धारित तिथि को परीक्षा के आयोजन कराने में असमर्थता जतायी. जिसके बाद परीक्षा को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में जेएसएससी ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। परीक्षा आयोजन की नयी तिथि का प्रकाशन जल्द ही आयोग की वेबसाईट पर करने की बात कही गई है. बता दें कि इस परीक्षा में लगभग 650000 छात्र शामिल होने वाले थे। परीक्षा के आयोजन में आ रही परेशानी को लेकर जेएसएससी ने कार्मिक विभाग को पत्र लिखकर पूर्व में यह कहा था कि 9 जिलों से सीट मैट्रिक्स नहीं होने के कारण परीक्षा लेने में दिक्कत आ रही है। जेएसएससी के अनुसार, सीट मैट्रिक्स मिलने के बाद परीक्षा कराने वाली एजेंसी को परीक्षा संबंधित काम करने और परीक्षा आयोजन कराने में लगभग दो महीने का समय लग जाता है।

### सुब्रह्मण्य भारती की मनाई गई जयंती

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में दक्षिण के प्रसिद्ध कवि डॉ सुब्रह्मण्य भारती की जयंती पर भारतीय भाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया व बहनों ने कई भाषाओं जैसे नागपुरी, मलयालम, तेलुगू, उड़िया, मैथिली, भोजपुरी एवं बांग्ला आदि में अपने विचार व्यक्त किये। विद्यालय के सह मंत्री डॉ धनेश्वर महतो ने नागपुरी में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टर सुब्रह्मण्य भारती दक्षिण के महान देशभक्त कवि, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक थे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ संध्या सिंह, उप प्राचार्य ललन कुमार, शुभश्री तिवारी आदि उपस्थित थे।

## आदिवासी संगठनों ने कोल विद्रोह के नायक वीर बुधु को किया याद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोल विद्रोह के 192 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने उनके बलिदान को याद किया। आदिवासी समन्वय समिति के बैनर तले केंद्रीय धुमकुडिया भवन करम टोली चौक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महान कोल विद्रोह मे शहीद हुए महानायक वीर बुधु भगत समेत सिंगराय मानकी बिंदराय मानकी व सभी क्रांतिकारी के बलिदान को याद किया गया। मौके पर समिति के मुख्य संयोजक पूर्व मंत्री देवकुमार धान ने कहा कि 11 दिसंबर 1831 को तमाड़ से शुरू होकर 1832 तक आंदोलन पूरा छोटानागपुर में चला। मौके पर पूर्व आईपीएस शीतल उरांव ने कहा कि 1765 में अंग्रेज शासन की स्थापना के साथ आदिवासी क्षेत्रों में गैर आदिवासियों का प्रवेश बढ़ गया। इस कोल विद्रोह में महानायक वीर बुधु भगत, सिन्दराय मानकी, बिंदराय मानकी समेत अनेक वीर योद्धाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी। कार्यक्रम में प्रेमशाही मुंडा, कुदरसी मुंडा, सुशील उरांव, अभय भुटकुंवर, नारायण उरांव, बुधवा उरांव, अजीत आदि थे।

### सदान नेताओं ने संपूणानंद भारती को दी बधाई

**रांची।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन जेजेए का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मूलवासी सदान नेताओं ने संपूणानंद भारती को बधाई दी है। बधाई देने वालों में मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद, क्षितिश कुमार राय, डॉ सुदेश कुमार, डॉ रामप्रसाद, डॉ उमेश नन्द तिवारी आदि ने बधाई दी है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि संपूणानंद भारती पत्रकारित से लंबे समय से जुड़े हुए हैं, वे कई अखबारों के संपादक भी रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदान होने के कारण वे झारखंड की वास्तविकता से भली भांति परिचित हैं।

**विकसित भारत@ 2047** | राज्यपाल ने शिक्षाविदों संग वीडियो कांफ्रेंसिंग से भाग लिया

# लक्ष्य पूरा करने को कड़ी मेहनत करनी होगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विकसित भारत @2047: वाइस ऑफ यूथ कार्यक्रम में सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शिक्षाविदों के संग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

इस मौके पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न विवि के कुलपति, शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख, शिक्षाविद एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम सभी को कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र




मोदी के प्रयास से भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री निरंतर प्रयासरत हैं कि इस देश का प्रत्येक व्यक्ति आर्थिक रूप से समृद्ध हो। अमृत काल में भारत कई मोर्चों पर तेजी से प्रगति कर रहा है। समग्र शिक्षा जैसी योजनाओं के तहत बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार किया गया है।

राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत @2047 का लक्ष्य देश का प्रत्येक क्षेत्र में यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्तरिक्ष, कृषि, उद्योग, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास है। हम भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में देखना चाहते हैं, अपने राष्ट्र को विश्व की आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखना चाहते हैं जो दूसरे के प्रति भी करुणा रखता है। कोरोना महामारी काल में हमारे वैज्ञानिकों के अथक प्रयास से ही बहुत कम समय में कोविड टीका विकसित किया गया। हमारे देश के लोगों का न केवल वृहत पैमाने पर टिकाकरण हुआ, बल्कि मानवता की रक्षा हेतु अन्य कई देशों को निःशुल्क टीका भेजा गया। उन्होंने कहा कि 2047 तक सभी क्षेत्रों में समग्र विकास करना है और विकास की इस परिभाषा को गढ़ने में हमारे शैक्षणिक संस्थानों को आगे बढ़कर योगदान करना होगा तथा विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करना होगा। उन्होंने विवि में स्वच्छ वातावरण की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी संसाधन होने के पश्चात भी यथोचित विकास नहीं हो पाता है क्योंकि वहां पर सही मायने में प्रेरक अपनी भूमिका नहीं निभा पाते हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी सबसे बड़े प्रेरणास्त्रोत हैं और इस कारण संसाधनों का सही उपयोग हो पा रहा है।

## समावेशी और त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने में करें सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के अंतर्गत कार्यरत मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को बैठक की।

बैठक के दौरान उन्होंने न केवल सभी राजनीतिक दलों से अब तक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर विभागीय स्तर से किये जा रहे प्रयासों के बारे में फीडबैक लिया बल्कि इस अभियान में आगे भी उनके सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने सभी से अपील की कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की दिशा में चुनाव आयोग पूरी गंभीरता से काम कर रहा है। लेकिन इस जरूरी काम में सभी आम और खास के सहयोग की भी जरूरत है। कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से छूटने न पाये, इसको लेकर सभी राजनीतिक दलों को भी अपने-अपने स्तर पर जागरुकता कार्यक्रम चला कर आयोग की मदद करनी चाहिए। इस पर सभी दलों के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही गतिविधियों से पूरी तरह से संतुष्ट हैं, फिलहाल उन्हें कोई शिकायत नहीं है। साथ ही उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को आश्वस्त किया कि लोकतंत्र के इस पर्व में सहभागी बनने से कोई भी पात्र व्यक्ति छूट न जाए, इसको लेकर वे भी यथासंभव सकारात्मक भूमिका निभाने को तैयार हैं।

कुछ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव भी दिए, जिन पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिया गया।

### नई चेतन 2.0 के कार्यों की अपडेटेड रिपोर्ट लेने बरही पहुंची केंद्रीय टीम

# विभिन्न पंचायतों और वार्डों में चलाया गया महिला जागरूकता अभियान

### लिंग आधारित हिंसा रोकने व महिलाओं को हर संभव मदद के किये जा रहे है प्रयास : बीपीएम



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की केंद्रीय टीम सोमवार को बरही के कोनरा पंचायत भवन पहुंची. जिनका स्वागत उनके साथ जिप सदस्या प्रीति कुमारी, मुखिया यास्मीन तबस्सुम व उपमुखिया कोनरा भी मौजूद थी. टीम की अगुवाई जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार ने किया. उन्होंने बताया कि टीम में लीड और आईडीडबल्यूएजीइ दो अलग अलग संस्थान के अधिकारी शामिल है. लिंग आधारित हिंसा को खत्म करने और महिलाओं को मुखर होने के लिए कौन से कार्यक्रम किया जाना चाहिए. महिलाओं को किस प्रकार के समस्याओं का सामना करना पड़ता है. उसे कैसे दूर किया जा सकता है. इन्ही सभी मुद्दों को लेकर केंद्रीय टीम दिल्ली से बरही पहुंची है. जो कोनरा पंचायत भवन में कई महिलाओं से बंद कमरे में काउंसलिंग कर समस्याओं को जानने और उसका समाधान के लिए महिलाओं से ही जानकारियां लेने का प्रयास किया गया. बीपीएम ने बताया कि यह कार्यक्रम पिछले वर्ष भी चलाए गए थे. इसके सार्थक परिणाम भी मिले है. इस वर्ष भी जेंडर हिंसा के रोकथाम के लिए नई चेतन 2.0 नामक राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है. वर्तमान में रंगोली, रैली, पोस्टर, वाद विवाद आदि की मदद से विभिन्न पंचायतों और वार्डो में महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है. केंद्रीय टीम में तीन महिला सदस्य शामिल थे. सभी सदस्यों का सखी मंडल की ओर से कोनरा पंचायत भवन में माला पहनाकर स्वागत किया गया. इस दौरान बीपीएम सहित जेंडर सीआरपी पायल कुमारी, ललिता देवी, रीना देवी आदि सहित सखी मंडल की महिलाएं मौजूद थी.

## एक नजर

### रामगढ़ः घर में घुसकर नगदी समेत जेवरात की चोरी

**रामगढ़ ।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत दिगवार निवासी प्रमोद कुमार पिता चेतन महतो के आवास में बीती रात चोरों ने घर में घुसकर नगदी समेत कई कीमती जेवरातों की चोरी कर ली। इस संबंध में प्रमोद द्वारा पुलिस को लिखित सूचना दी गई है। बताया जाता है कि भुक्तभोगी परिवार को चोरी की सूचना सुबह उठने के बाद हुई। भुक्तभोगी परिवार ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद सभी अपने-अपने कमरे में सो गए। इस बीच रात्रि करीब एक बजे चोर छत की ओर से प्रवेश किए। फिर जिस कमरे में कोई नहीं सोया था उसमें घुसकर अलमारी को खोलते हुए करीब 30 हजार रुपए एवं चांदी का तीन जोड़ा पायल, सोने का झुमका, नथनी आदि चुरा ले गए। भुक्तभोगी परिवार ने मामले में पुलिस से कार्रवाई की की मांग की है।

### जोगिंदर सिंह कालरा की रामगढ़ गुरुद्वारा में अंतिम अरदास आज



**रामगढ़।** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा के पिता स्व जोगिंदर सिंह कालरा की आत्मिक शांति के लिए अंतिम अरदास 12 दिसंबर को गुरुद्वारा साहिब में शाम 4 बजे होगी। उनकी आत्मिक शांति के लिए रविवार को गुरुद्वारा साहिब में पाठ रखा गया था जिसमें कालरा परिवार शामिल हुए। अंतिम अरदास के लिए रखे गए पाठ की समाप्ति 12 दिसंबर को शाम 4:00 बजे श्री गुरुद्वारा साहिब में संपन्न होगी। विदित हो कि स्व सरदार जोगिंदर सिंह कालरा का दिनांक 22 नवंबर को निधन हो गया था।

### हजारीबाग से 3 युवक पैदल जाएंगे दिल्ली



**हजारीबाग ।** हिंदुत्व प्रचारक अजय दास और उनके दो साथी गण सोमवार को हिंदू राष्ट्र और जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर हजारीबाग से नई दिल्ली के लिए पदयात्रा में निकलें। इससे पूर्व अजय दास, पुरुषोत्तम पांडेय और सुरेंद्र मेहता ने स्थानीय बुढ़वा महादेव मंदिर में पूजा- अर्चना कर निकले और नगर भ्रमण के पश्चात आगे बढ़ें । हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अजय दास से पदयात्रा में निकलने से पूर्व बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में मिलें और उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया एवं विधायक मनीष जायसवाल का भेंट और संदेश उनतक पहुंचाया। तीनों यात्री का यह पदयात्रा करीब 15,00 किमी का है और यह करीब 45 दिनों तक चलेगा ।

### राजस्व संबंधी समीक्षा बैठक में बोलीं उपायुक्त

# मामलों का ससमय करें निष्पादन





नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिलास्तरीय राजस्व संबंधित समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पीजी पोर्टल, ई-रेवेन्यू कोर्ट, परिशोधन पोर्टल, जीआईएस फोटोग्राफी, वनाधिकार पट्टा, फोरेस्ट से जुड़े मामले, सरकारी भूमि का राज्य स्तरीय अंर्तविभागीय निशुल्क हस्तांतरण से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में पूर्व की बैठक से संबंधित अनुपालन रिपोर्ट की भी चर्चा की गई। साथ ही आवश्यक निर्देश दिए गए। पीजी पोर्टल के लंबित मामले की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बड़कागांव तथा चौपारण अंचलाधिकारी को उनके लॉगिन में प्राप्त शिकायतों को यथाशीघ्र अनिवार्य रूप से निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यालय जिनके स्तर से शिकायत लंबित है। उन्हें बैठक में दिये गये समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। ई-कोर्ट से संबंधित समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों को ई कोर्ट अंतर्गत उनके लॉगिन के लंबित मामले की समीक्षा करने तथा विधिसम्मत आदेश पारित करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। म्युटेशन के मामले में उपायुक्त ने विष्णुगढ़, सदर, दारू, चौपारण, बड़कागांव, टाटीझरिया अंचल अधिकारी को अधिकतम 30 दिनों के भीतर ही मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया। वहीं वनाधिकार पट्टे के मामले में ग्रामसभा का अनुमोदन लेकर, महत्वपूर्ण लोगों से बातचीत कर मामलों का फॉलोअप करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बरही एसडीओ पूनम कुजूर, जिला भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, बरही भू अर्जन पदाधिकारी अजय भगत समेत सभी अंचल अधिकारी मौजूद थे।

### कांग्रेस नेता डॉ. आरसी मेहता ने किया जनसंपर्क

**बरकट्ठा।** कांग्रेस के प्रमंडलीय स्वस्थ अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत भ्रमण के दौरान गैपहाड़ी चौक में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इचाक मेरा जन्म स्थल एवं बरकट्ठा, जयनगर, चलकुशा, चंदवारा ,गोरहर मेरा कर्मस्थल है ।35 वर्षों से इन क्षेत्रों का सेवक हूं। यदि विधानसभा वासी मौका देते हैं तो पूर्व सन्यासी विधायक खगेंद्र प्रसाद एवं भुवनेश्वर मेहता के आदर्श को पालन करते हुए उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास करूंगा। उद्योग के अभाव में बेरोजगार नौजवान अन्य राज्यों में रोजी-रोटी के लिए पलायन कर रहे है। पलायन रोकने के लिए उद्योग धंधा बरकट्ठा विधानसभा में लाने का प्रयास करूंगा। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन इचाक के बोधी बागी मैदान में 18 दिसंबर को हो रहा है ।अपने कार्य निष्पादन हेतु बरकट्ठा से ज्यादा से ज्यादा लोग मुख्यमंत्री के सभा में आकर लाभ उठाएं।

### 14 दिसंबर को 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह, विधायक बोले

# गरीब युवा नहीं रहेंगे बेरोजगार बसेगी गृहस्थी, मिलेगा रोजगार



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा 14 दिसंबर 2023 को 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराएंगे। विवाह मंडप का स्थल होगा डीपीएस शंकरपुर का विशाल प्रांगण और यह भव्य आयोजन सामूहिक विवाह समारोह की शुरूआत सुबह 10:00 बजे से होगी जो सूर्यास्त से पूर्व संपन्न होगा। वहां न सिर्फ वर-वधू एक-दूजे का दामन थाम जिंदगी के सफर को आगे बढ़ाएंगे, बल्कि सुखद दांपत्य जीवन के आरंभिक चरण में उन्हें सदर विधायक की ओर से भरपूर सहयोग भी मिलेगा। एक तो शादी का बीड़ा भी सदर विधायक ने ही उठाया है, तो उनकी गृहस्थी की शुरूआत कराने की जिम्मेवारी भी ली है। उनका उद्देश्य है कि गरीब युवा गृहस्थी में उलझकर बेरोजगारी का दंश न झेलें, बल्कि रोजगार से जुड़कर नए जीवन का आरंभ उल्लास, खुशी और सुखमय तरीके से करें। इसी परिकल्पना के तहत उन्होंने इन नवदंपतियों को उपहार में टोटो समेत गृहस्थी से जुड़े कई सामान बतौर सौगात भेंट करेंगे। विधायक मनीष जायसवाल ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मिलकर उन्हें इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया है। उनके अलावा अन्य कई गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है।सामूहिक विवाह समारोह में दूल्हा-दुल्हन को गृहस्थी के कई सामान देने की योजना है। बेरोजगारों को टोटो भेंट करने या जो पूर्व से रोजगार से जुड़े हैं, उन्हें बाइक या फिर दुल्हन के नाम से एफडी भेंट करने के साथ सभी जोड़ों को गृहस्थी का सामान सहित कई उपहार भी देने की योजना है। इनमें टीवी, फ्रिज, अलमारी, कंबल, दो अटैची ट्रॉली, टेबल फैन, दीवाल घड़ी, बाल्टी सेट, बर्तन सेट, वर्तन स्टैंड, सब्जी स्टैंड, पांच पीस साड़ी और पांच पीस सूट, आर्टिफिशियल ज्वेलरी सेट, श्रृंगार बॉक्स, 10 पीस शर्ट और पैंट, दो चादर, कैसरोल आदि भी बतौर उपहार बेटी विदाई के वक्त बतौर उपहार दिए जाएंगे।

### बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# 1097 का ऑन द स्पॉट निष्पादन



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरकट्ठा दक्षिणी में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ रोशमा डुंगडुंग,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया अब्बास अंसारी, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मिंटू रजक, कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर ,प्रधानाध्यापक महेश प्र0 चौधरी, डॉक्टर त्रिनीता, पंचायत सेवक उदित नारायण बर्मन तथा पंसस मुनीया देवी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के लिए 245 आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के 44, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 56, राशन कार्ड में संसोधन के 10, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 6, गुरू जी क्रेडिट कार्ड के 5 आवेदन प्राप्त हुए। जबकी साइकिल के लिए डीबीटी 390 ,जाति प्रमाण पत्र का वितरण 6 लोग का किया गया। मौके पर एसएचजी क्लस्टर सदस्यो के बीच आईडी कार्ड 390 का वितरण, जरूरत मंद 168 लोगों को कंबल तथा 102 कार्डधारकों के बीच धोती, साडी, लुंगी का वितरण किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 1461 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 1097 का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया जबकी 364 प्रोग्रेस में है।इस अवसर पर के चेचकपी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, बीपीओ श्यामनाथ वर्मा, अनिमेश सिंह, मुकेश कुमार, राहुल गुप्ता, शिक्षक अशोक विश्वकर्मा संतोष कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### रामगढ़ : आपके द्वार में साइकिल खरीदने के लिए उपलब्ध करायी गयी राशि, खुशी से झूमीं संजू



**रामगढ़।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरा होने पर आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है. शिविर में ऑन द स्पॉट आम लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है. साथ ही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है. मांडू प्रखंड के छोटकी डंडी पंचायत में आयोजित शिविर में छात्रा संजू कुमारी को साइकिल खरीदने के लिए 4500 रुपए का चेक दिया गया. मौके पर संजू कुमारी ने बेहद भावुक होते हुए कहा कि मेरे गांव में कई बच्चियों के पास साइकिल है. साइकिल चलाने आने के बावजूद अपना साइकिल नहीं होने के कारण मुझे पैदल ही विद्यालय जाना पड़ता था. जिसके कारण कई बार मुझे विद्यालय पहुंचने में देर भी हो जाती थी.

### बरही में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम सभा का आयोजन, जरूरतमंदों के बीच 180 कंबलों का किया गया वितरण



**बरही।** बसरिया ऊर्फ पंचमाधव पंचायत मुख्यालय में के सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता मुखिया नीलम देवी ने किया. ग्राम सभा में सभी वार्ड सदस्य मौजूद थे. मौके पर वित्तीय वर्ष 2024-25 से संबंधित योजनाओ के चयन पर चर्चा हुई. मुखिया ने उपस्थित लोगों से जनकल्याण से संबंधित योजनाओ के चयन हेतु बैठक कर सूची बनाने की बात कही. मौके पर 180 जरूरतमंद लोगो के बीच कंबल वितरण भी किया गया. मुखिया ने सरकार से कंबल वितरण का कोटा बढ़ाने की मांग किया. सभा में पंचायत समिति सदस्य सुमिया देवी, उप मुखिया पार्वती देवी,पंचायत सचिव प्रियंका प्रकाश,वार्ड सदस्य नजमा खातून, देवंती देवी सोनमती देवी,प्रमिला देवी,पूनम देवी,मिनेश शर्मा, रमेश रविदास,संजीत कुमार, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, कामेश्वर दास, विनोद यादव, नागेश्वर रजक, लतीफ अंसारी, धीरेंद्र कुमार यादव, अनिल पंडित, कैलाश प्रजापति चुरामन रजक, सुरेश रजक,राजेश यादव, दीपक यादव आदि मौजूद थे.

### युवा के हाथों में भारत के भविष्य का निर्माण : पीएम मोदी

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेबकास्ट के जरिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय में कार्यरत पदाधिकारी, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं पठान-पाटन कर रहे विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया. इस दौरान विवि का विवेकानंद सभागार खचाखच भरा हुआ था. अपने 30 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री ने बताया कि वर्तमान में भारत अपने अमृतकाल में है. यही सही समय है. भारत के विश्वविद्यालय एवं विशेष कर विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षक भारत को विकसित करने के संकल्प के साथ आज से ही कार्य करना प्रारंभ करें. उन्होंने आगे बताया कि भारत के भविष्य का निर्माण भारत के आज के युवा के हाथों में है. इन युवाओं को दिशा दर्शन कराने का दायित्व आज के शिक्षकों का है. पीएम मोदी ने यह भी कहा कि स्वतंत्रता काल में भारत के युवाओं में राष्ट्रीय चेतना जागृत कर आजादी की एक बड़ी लड़ाई सफलतापूर्वक लड़ी गई थी. अब संकल्प लेना है कि फिर से युवाओं में नई चेतना जागृत कर एक समर्पित युवा पीढ़ी का निर्माण करना है.

## संक्षेप

### सशिविमं में फाइलेरिया जांच शिविर आयोजित



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में फाइलेरिया उन्मूलन विभाग के द्वारा फाइलेरिया जांच शिविर का आयोजन हुआ । जांच शिविर में विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा प्रथम के 76 भैया- बहनों की जांच किट के द्वारा किया गया जिसमें सभी का रिपोर्ट नेगेटिव आया। भैया -बहनों का फाइलेरिया जांच, फाइलेरिया उन्मूलन विभाग के मैमूर सुल्तान, जिला भीबीडी सलाहकार, सहकर्मी प्रमोद कुमार, देवाशीष मिश्रा, अब्दुल मन्नान एवं रितेश कुमार की दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र, विद्यालय कोऑर्डिनेटर प्रभात कुमार सिन्हा, अनिल कुमार,शुभलता कुमारी , सीमा कुमारी समेत विद्यालय की भैया बहनें उपस्थित थीं।

### अखिल भारतीय प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हजारीबाग ।** विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय आशुभाषण प्रतियोगिता, मूर्ति कला प्रतियोगिता एवं अखिल भारतीय विज्ञान मेला में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली ,के भैया- बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीनों वर्गों में द्वितीय पुरस्कार जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है' आशुभाषण प्रतियोगिता के तरुण वर्ग में बहन सृष्टि कुमारी ,मूर्ति कला प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में भैया आशीष कुमार एवं विज्ञान मेला के तरुण वर्ग में भैया हर्ष राज वर्मा ने द्वितीय पुरस्कार जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया ' विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र एवं सभी आचार्य बंधु- भगिनी ने विजेता भैया - बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है 'भैया बहने विद्यालय के आचार्य राजीव रंजन एवं निशा शर्मा दीदी जी के निर्देशन में प्रतियोगिता में भाग लिया था।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष का किया गया स्वागत

**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक गोला में संपन्न हुई। इस दौरान महासभा के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रशांत कुमार का महासभा के सदस्यों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। मौके पर प्रशांत कुमार ने कहा की महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने जिस लक्ष्य को लेकर मुझे जिम्मेवारी सौंपी है उसपर खरा उतरते हुए चित्रांश समाज के लोगों को एक सूत्र में पिरोकर मैं संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करूंगा। उन्होंने महासभा के लोगों से कहा की युवा प्रकोष्ठ जिला कमेटी के विस्तार के लिए मुझे सभी के सहयोग की जरूरत है। कहा की यदि आप सभी ने मुझे सहयोग किया तो आनेवाले समय में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का मैं विस्तार करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लेता हूं। बैठक में सनत सिन्हा, रवि बक्शी, मनटी सिन्हा, ज्योति सिन्हा, संजय बक्शी, संदीप बक्शी, सुदीप बक्शी, कुंदन सिन्हा, जीवन बक्शी, गुड्डू बक्शी आदि उपस्थित थे।

## जागरूकता

### बिरहोर बच्चों के बीच श्रीदस विद्यालय ने चलाया टॉय डिस्ट्रीब्यूशन ड्राइव

# शिक्षा से ही समाज का विकास संभव : रोहित





नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** केवाल स्थित विरहोर कॉलोनी में श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल की ओर से विशेष टॉयज डिस्ट्रीब्यूशन ड्राइव चलाया गया. इस दौरान विरहोर बच्चो के बीच खिलौने सहित किताब, कॉपी, पेंसिल, बिस्किट, टॉफी आदि का वितरण किया गया. इस कार्य में विद्यालय के 8वीं व 9वीं के विद्यार्थी सहित विद्यालय के प्राचार्य और कई शिक्षक भी मौजूद थे. विरहोर बच्चे टॉफियां, बिस्किट सहित खिलौने लेकर श्रीदस प्रबंधन और बच्चो के साथ घुल मिल गए थे. इसी क्रम में विद्यालय प्रबंधन की ओर से विरहोर बच्चो को खेल खेल में शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया. कई बच्चे भी शिक्षा के लिए ललायित दिखे. प्राचार्य रोहित सिंह ने बताया कि यह स्पेशल ड्राइव का मुख्य उद्देश्य समाज के अभिवंचित वर्ग के बच्चो को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए मुख्य धारा से जोडना है. जिससे सरकारी योजनाओ को सही में मूर्त रूप देने में सहयोग मिल सके. उनका विद्यालय सदैव सामाजिक और व्यवहारिक कार्यों के लिए गंभीर रहा है. इस दौरान विद्यालय के बच्चो ने भी आदिम जन जातियों को करीब से देखा, उनके जीवन शैली, कलात्मक सृजन आदि को समझा, जो उनके समाजिक ज्ञान के लिए अनिवार्य है. यह अभियान बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने का माध्यम बनेगा. इस दौरान विद्यालय के शिक्षक अमरजीत पांडे ने भी स्कूली बच्चों को बिरहोर समाज के बारे में जानकारी दिया. बताया कि अब पूरे राज्य में इनकी करीब 15000 जनसंख्या बची है. इसे संरक्षित और शिक्षित करना अनिवार्य है. मौके पर विद्यालय की छात्रा सिमरन, छवि आदि ने विद्यालय के इस कार्य के लिए प्रबंधन का आभार जताया. इन छात्राओं ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से उन लोगो को कई महत्पूर्ण जानकारियां मिलती है. जो उनके कैरियर के लिए अनिवार्य है. कार्यक्रम में शिक्षक हर्ष सिंह और अमन सिंहा ने भी सार्थक भूमिका निभाई.

### ओड़गा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# बिरसा सिंचाई कूप योजना के 25 लाभुकों को मिला स्वीकृति पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत ओड़गा पंचायत के उच्च विद्यालय परिसर में सोमवार को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार, सीओ मधुश्री मिश्रा, बीडीओ पंकज कुमार, जिप सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना, सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा, पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा मुखिया मुकुट समद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए 383, पशुधन विकास योजना के लिए 11, 15वें वित्त आयोग के तहत सामाजिक-आर्थिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 18, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 16, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 31, बिजली संबंधित समस्याओं के लिए 49, राशन कार्ड संशोधन के लिए 11 लोगों ने आवेदन जमा किया। वहीं कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के लिए 25 किसानों को स्वीकृति पत्र प्रदान की गई। जिसकी राशि 98,99700 है। इसी प्रकार 168 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया, गुरुजी क्रेडिट कार्ड के लिए 6 बच्चों को जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा चेक वितरण किया गया, बीडीओ, सीओ, जिला परिषद सदस्य और सांसद प्रतिनिधि के द्वारा 66 जाति प्रमाण पत्र और 74 जन्म प्रमाण पत्र का वितरण किया गया, सायकिल के लिए 114 स्कूली बच्चों का डीबीटी किया गया और जेएसएलपीएस के माध्यम से 450 महिलाओं को आईडी कार्ड दिया गया। कई बुजुर्गों को कंबल और धोती साड़ी भी बांटा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत के मुखिया मुकुट समद, पंचायत सचिव परमेश्वर भगत, जेएसएलपीएस के बीपीएम मुकुल खाखा, लीड्स के आलोक कुमार, पंचायत समिति सदस्य दीपक महतो, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा, बीपीओ नरेगा संजीता कुमारी, ओडगा हाई स्कूल के शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता कमरूदीन खान, कूटूंगीया मुखिया जानकी देवी, पंचायत समिति सदस्य सबनम जोजोवार, स्वास्थ्य विभाग की टीम के अलावा कई अन्य जनप्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा।

### मोर पुलिस मोंय पुलिस के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**कुरडेग।** माइकल किण्डो स्टेडीयम कुरडेग में सिमडेगा पुलिस द्वारा आयोजित मोर पुलिस मोय पुलिस कार्यक्रम के तहत फुटवॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच गड़ीयाजोर बनाम चाड़रीमुण्डा के बीच खेला गया। जिसमें गडीयाजोर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एकतरफा मुकाबले में 3--0 से बिजयी रही। मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार हेमन्त यादव को दिया गया ।वहीं 10 वर्ष से कम बच्चों के दौड में रोजवेल एक्का प्रथम, 14 वर्ष से कम बालिका दौड़ में कुमारी रोहीता यादव प्रथम, 14 वर्ष से कम बालकों की दौड में आशीष कुल्लू प्रथम स्थान पाने में सफल रहे । प्रतियोगिता का प्रारंभ कुटमाकछार मुखिया रजनी कुजूर , एसआई नरेश मरांडी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिमडेगा पुलिस द्वारा इस तरह का प्रतियोगिता का आयोजन करना एक सराहनीय कार्य है। पढ़ाई के साथ खेल कुद भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने साइबर क्राइम के बारे जानकारी देते हुए कहा कि किसी अंजान नम्बर से फोन आने पर आप अपना निजी जानकारी कभी भी नहीं दें।

### सिमडेगा : पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक

**सिमडेगा।** जिला पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति सिमडेगा के अध्यक्ष अरविंद कुमार की सिमडेगा सोनार टोली स्थित आवास में बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों के द्वारा समाज के सबसे प्रतिष्ठित वरिष्ठ सदस्य एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को कुछ राजनीतिक पार्टी द्वारा अनर्गल रूप से गलत बयान बाजी किया जा रहा है। जिसका पिछड़ी जाति संघर्ष समिति घोर निंदा करती है धीरज प्रसाद साहू का खानदान आदिकाल से बड़े व्यापारी और पूंजीपति के रूप में जाना जाता है। धीरज प्रसाद साहू सिमडेगा गुमला रांची खूंटी एवं लोहरदगा जिला के गरीब गुरबा के हजारों लोगों को शादी विवाह चिकित्सा मदद एवं अन्य कार्य हमेशा सदैव मदद करते आ रहे हैं धीरज प्रसाद साहू की लोकप्रियता को देखते हुए कुछ चंद स्वार्थी लोगों के द्वारा बदनाम करने के नियत से कुछ पार्टी द्वारा गलत बयान बाजी क्या जा रहा है । जिसका पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति घोर निंदा करती है आय कर विभाग द्वारा धीरज प्रसाद साहू के परिवार का जो भी जांच किया जा रहा है वह एक सरकारी प्रक्रिया है उसे पर पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति को कुछ भी नहीं कहना है।पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की आगामी बैठक 12 दिसंबर 2023 को संध्या 6:00 बजे जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार के आवास सोनार टोली सिमडेगा में होगी। उक्त बैठक में पिछड़ा वर्ग समाज के सभी लोगों को बढ़-चढ़कर उपस्थित होने के लिए आग्रह किया गया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष उदासीन नाग ,केंद्रीय महासचिव दौलत नाथ मुख्य संरक्षक जगदीश साहू ,जिला संरक्षक प्रदीप केसरी ,जिला महासचिव रामकिशुन केसरी ,जिला मुख्य संरक्षक राम कैलाश राम आदि उपस्थित थे।

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए सदर प्रखंड का डीसी ने किया निरीक्षण

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 की समीक्षा हेतु सिमडेगा प्रखंड कार्यालय में कर्मियों संग बैठक की गई। उपायुक्त ने निर्वाचन संबंधी कार्यों को ससमय पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमडेगा, निर्वाचन प्रभारी सिमडेगा, बीएलओ सुपरवाइजर से प्रपत्र 6, 7 एवं 8 की प्रविष्टि से सम्बंधित जानकारी प्राप्त की. उपायुक्त द्वारा सभी लंबित प्रपत्रों की प्रविष्टि अगले 2 दिनों में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमडेगा रैनीयर खलखो, निर्वाचन शाखा के कर्मी गण एवं अन्य उपस्थित थे।

### जिला बाल संरक्षण इकाई सिमडेगा पोषण देखरेख योजना पर कार्यशाला का आयोजन

**सिमडेगा।** जिला बाल संरक्षण इकाई सिमडेगा द्वारा सिमडेगा प्रखंड सभागार में बाल संरक्षण एवं पालन पोषण देखरेख योजना के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराध की पहचान करना, रोकथाम करना तथा उनकी रिपोर्ट आदि संबंधी विषय पर जानकारी दी गई। साथ ही स्पॉन्सरशिप योजना एवम पालन पोषण देखरेख योजना के विषय में बताया गया कि इस योजना के लिए कौन बच्चें पात्र होंगे तथा कौन अभिभावक इस योजना के लिए पात्र होंगे। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अर्चना सिंह,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सुश्री सुमित्रा बड़ाइक जेएसएलपीएस के बीपीएम प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षक, सेविका सहिया,मुखिया आदि उपस्थित थे।

### सिमडेगा : मजदूर के आकस्मिक निधन पर मजदूर यूनियन ने दी आर्थिक सहायता

**सिमडेगा।** गोवा में काम करने गए सिमडेगा के केरया लोड़गो टोली गांव की मजदूर निमरोध लुगुन की मौत की सूचना पर झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन सिमडेगा इकाई के जिलाध्यक्ष दीपक लकड़ा के द्वारा सोमवार को उंसके घर पहुच कर चावल ,कम्बल सहित अन्य आर्थिक मदद किया।मजदूर नेता दीपक लकड़ा ने बताया कि परिवार की गरीबी के वजह से काम करने गोवा गए थे इस दौरान वहां पर उसकी आकस्मिक निधन हो गया। इधर निधन की सूचना पर परिवार वालो के सामने आर्थिक संकट आ पड़ा, जिसकी जानकारी मजदूर संघ को मिली तब जाकर मदद किया गया।उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में कभी भी कोई दिक्कत होगा तो मदद की जाएगी।मौके पर मजदूर यूनियन के जिला उपाध्यक्ष विक्रांत कुमार ठाकुर, श्याम सुन्दर साहू सहित गांव के लोग मौजूद थे।

### कोडरमा : पोषण सखी की पुनः बहाली की मांग होगा राजभवन मार्च

**कोडरमा।** आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण सखी की पुनः बहाल करने की मांग को लेकर जनवरी महीने के तीसरे सप्ताह में राजभवन मार्च किया जाएगा. यह निर्णय पोषण सखी समन्वय समिति (सीटू) की बैठक में लिया गया. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गायत्री पासवान ने जबकि संचालन जिला सचिव जरीना खातून ने किया. बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि पिछले दिनों कुपोषण मिटाओ अभियान के तहत झारखंड के छह जिलों चतरा, धनबाद, दुमका, गोड्डा, गिरिडीह और कोडरमा के आंगनबाड़ी केंद्रों मे 10,388 पोषण सखी कार्यरत थीं. मोदी सरकार ने केन्द्रीय फंड बंद कर दिया. एक झटके में पिछले वर्ष अप्रैल से राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने इन्हें काम से हटा दिया. आज इनके सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है. बच्चो के स्कूल फीस और दवाई के लिए लिए पैसे नहीं जुटा पा रहे हैं. सड़क से न्यायालय तक लगातार संघर्ष जारी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही. संजय पासवान ने कहा कि सरकार रोज रिक्तियां भरने की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ दस हजार पोषण सखी दर दर भटक रही है. आज केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है, रोजगार के दरवाजे बंद कर दिए गए हैं. ऐसे में झारखंड सरकार को इन हजारों पोषण सखी की तकलीफ को समझना चाहिए और इनकी पुनः बहाली पर विचार करना चाहिए. उन्होंने कहा कि 5 दिसम्बर को कोडरमा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भी पोषण सखियों ने नारेबाजी की थी. अपनी मांगों की तरफ मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कराया था. साथ ही कहा कि अगर हेमंत सोरेन सरकार ने इन पोषण सखियों की पुनः बहाली नहीं की तो आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में खामियाजा भुगतना पड़ेगा. बैठक में रेशमी कुमारी, पिंकी दास, शाहीना प्रवीण, पिंकी कुमारी, सिमरन देवी, निशा भारती, सुलेखा वर्मा, बेबी कुमारी, अनु कुमारी, गुड़िया देवी, उर्मिला कुमारी, अंजुम प्रवीण, अंजू देवी, प्रीति कुमारी, सरिता कुमारी आदि मौजूद थी.

## एक नजर

### सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य को शिक्षायन राष्ट्रीय सम्मान

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा को शिक्षायन राष्ट्रीय सम्मान 2023-24 सत्र के लिए, उनकी असाधारण सेवाओं के लिए उत्कृष्टता का ताज पहनाया गया. आर्यावर्त सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स और नालंदा सहोदय क्लस्टर के सहयोग से पटना में सम्मान समारोह आयोजित किया गया था. बिहार सरकार की प्रिंसिपल सेक्रेटरी एन विजयलक्ष्मी की उपस्थिति में पदमश्री कपिल देव प्रसाद ने शॉल ओढ़ाकर प्राचार्य प्रमोद शर्मा को सम्मानित किया. मौके पर पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने स्मृति चिन्ह भेंट किया. बता दे कि बिहार तथा झारखंड के चयनित कुल 330 प्राचार्यों के प्रतिष्ठित पूल में प्राचार्य प्रमोद शर्मा 101 में शामिल थे. शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में प्रमोद शर्मा उभरे.

### शिव तारा सविमं में भारतीय भाषा दिवस का आयोजन

**कोडरमा।** शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर (यदुटांड़, झुमरी तिलैया) में तमिल भाषा के महान कवि सुब्रह्मण्यम भारती के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय भाषा दिवस मनाया गया. विद्यालय के प्रभारी प्रभात आचार्य ने सुब्रमण्यम भारती की जीवनी पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि सुब्रमण्यम भारती एक कवि होने के साथ-साथ स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार और उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत के मध्य सेतु के समान थे. विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि सुब्रह्मण्यम भारती को कई भाषाओं की जानकारी थी.

### कांग्रेस की लोकसभा समन्वय समिति की बैठक

## संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें कार्यकर्ता : अविनाश पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** होटल अतिथि विहार में कांग्रेस पार्टी की लोकसभा समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया । समन्वय समिति के बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की,महिला कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी सहित प्रदेश के कई बड़े नेता मौजूद रहे । जहां पर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में संगठन की मजबूती से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस की केंद्र के निर्देश दिये उन्होंने सभी प्रकार की बिन्दुओं पर समीक्षा की और चार जगह पर संगठन को मजबूती करने के काम किए जाएंगे ।जिसमें मंडल स्तर, प्रखंड स्तर जिला स्तर एवं लोकसभा स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से वर्तमान समय देश की राजनीति हालत चल रही है वह किसी से छुपा हुआ नहीं है । आज लोकतंत्र की हत्या, संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है ,इसके अलावा चुने हुए लोगों को ईडी , आईटी का दुरुपयोग कर उन्हें आतंकित करने का काम कर रही है। इसके अलावा उन्हें बरगलाने काम कर रही है ताकि उनके इशारे पर वह काम कर सके। अन्य सभी बातों को लेकर कार्यकर्ताओं को सभी चीजों से अवगत कराया गया है और आने वाले चुनाव को लेकर योजना पर तरीके से काम करने को लेकर चर्चा की गई।

## केंद्र सरकार का है प्रयास, हर घर का हो विकास: श्रद्धानंद बेसरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** ठेठाईटांगर प्रखंड के गुटबहार पंचायत और बम्लकेरा पंचायत में ₹हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम₹ के निमित्त पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने उक्त कार्यक्रम में पहुंच कर केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले योजनाओं के संदर्भ में जानकारी एकत्रित करते हुए कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के द्वारा दिए जाने वाले योजनाओं का समुचित जानकारी के साथ ही साथ उन योजनाओं को शत-प्रतिशत जनताओं को दिया जाना चाहिए, ताकि केंद्र में मोदी सरकार के द्वारा विकसित भारत संकल्प की अवधारणा को पूरा हो सके। श्री बेसरा ने सरकार द्वारा लगाए गए सभी स्टॉलों से केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले योजनाओं की जानकारी एकत्रित किया, एवं उपस्थित गांव के भोले-भाले लोगों से योजनाओं के मिलने के संदर्भ में पुछ ताछ भी किया। श्री बेसरा ने केंद्र सरकार द्वारा उज्वला गैस योजना के तहत गरीब लाभार्थी को दिए जाने वाले फ्रि गैस कनेक्शन एवं गैस चूल्हा का वितरण भी किया गया।

### रसोइया संयोजिका संघ की बैठक

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ सिमडेगा जिला कमेटी के विस्तारित बैठक अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा सम्पन्न हुई। बैठक मायावती देवी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। वही बैठक संचालन जिला सचिव संध्या कुमारी ने की ।बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अजित प्रजापति उपस्थित हुए। बैठक में कहा गया की 2023-24 के झारखंड सरकार के बजट सत्र तक मांग पूरा नहीं होने पर 2 मई 2024 से पूरे राज्य में रसोईया संयोजिका अध्यक्ष हड़ताल पर जाने का प्रदेश का निर्णय लिया।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

## विधायक ने विजेताओं को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि गांव देहात के युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुसार विभिन्न खेलों से जोड़ा जा रहा है। उन्हें पहचान देकर सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आमंत्रण खेल प्रतियोगिता शुरू किया गया है। हमारा प्रयास है कि देश का कोई भी खेल सिमडेगा के खिलाड़ियों के बिना पूरा नहीं होगा। विधायक संत मेरीज स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में बोल रहे थे। प्रतियोगिता के बालक वर्ग का फाइनल मैच सिमडेगा बनाम जलडेगा के बीच खेला गया। जिसमें सिमडेगा की टीम 4-0 से जीत दर्ज कर विजेता बनी। वहीं बालिका वर्ग में बोलबा ने सिमडेगा को 2-1 से हराकर विजेता बनी। विजेता एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा एवं विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि सरकार खेल प्रतिभा को मंच देने का काम कर रही है। सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कई योजनाएं धरातल में उतार रही है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा के माध्यम से अपनी पहचान बनाएं। देश दुनिया में अपनी प्रतिभा से गांव, समाज व जिला का नाम रौशन करें। मौके पर एसडीओ महेन्द्र छोटन उरांव, खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, कांग्रेस जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन, भूषण लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## जनता की समस्या

### झापा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन, उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, पूर्व मंत्री एनोस एक्का बोले

# आदिवासियों को सिर्फ ठगने का काम करती है कांग्रेस पार्टी





**नवीन मेल संवाददाता**

ठेठईटांगर। गरीबों से पैस लूटकर अपनी तिजोरे भरने का काम कर रहे है कांग्रेस और झामुमो के नेता। किसी नेता की गाड़ी से करोड़ों रुपए मिल रहे है तो किसी के पास अलमीरा भर भर के नोट मिल रहे है। कांग्रेस और झामुमो के लूट की दास्तान पूरी दुनिया देख रही है। पूर्व मंत्री सह झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का सोमवार को पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। पंडरीपानी टापूडेगा में आयोजित कार्यक्रम में एनोस एक्का ने कांग्रेस और भाजपा पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस और भाजपा लोगो के बीच नफरत फैलाकर राजनीति रोटी सेक रही है। कांग्रेस और भाजपा दोनों किसी विशेष धर्म के लिए खुद को रहनुमा बताती है। झारखंड पार्टी क्षेत्र में सदभावना लाना चाहती है। उन्होंने स्थानीय विधायक पर भी जनता की समस्या से कुछ मतलब नहीं होने का आरोप लगाया। एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी विकास की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि चुनाव के वक्त भाजपा और कांग्रेस धर्म के नाम पर भेदभाव को माहौल बनाकर वोट लेने का काम करती है। लेकिन झारखंड पार्टी क्षेत्र में अमन और शांति का वातावरण चाहती है। कार्यकर्ता सम्मेलन को केंद्रीय महासचिव अशोक भगत, संदेश एक्का, जिप अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, मतियस बागे, ओम प्रकाश अग्रवाल, लेवनार्ड खलखो, आईरीन एक्का सहित कई नेताओं ने भी संबोधित करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए पार्टी की सोच को साझा किया। कार्यक्रम में मंच संचालन ओलिवर लकड़ा और धन्यवाद ज्ञापन बदरुददीन अहमद ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में वर्ष 2024 में राज्य के सभी 81 सीटों में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में कई लोगो ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। सभी लोगों का पार्टी का दुपट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया गया। सम्मेलन में हजारो की संख्या में लोग उपस्थित थे। युवा नेता संदेश एक्का ने कार्यकताओं को उत्साहित करने का कार्य किया। उन्होंने कहा की बिना किसी भेदभाव के लिए झापा सभी के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि जनता के हर दुख दर्द में झारखंड पार्टी साथ में खड़ा नजर आएगा। उन्होंने कहा कि एनोस एक्का ने क्षेत्र के लिए जो काम किया है उस काम को आगे बढ़ाने का काम झारखंड पार्टी करेगी। कार्यकर्ता सम्मेलन में एनोस एक्का ने कहा कि आदिवासी मूलवासी और जिलेवासियों को सरकारी तंत्र के द्वारा परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ झारखंड पार्टी 29 फरवरी को नगाड़ा पिटावन रैली का आयोजन करेगी। जिसमें लाखों की संख्या में लोग भाग लेगें। उन्होंने कहा कि झापा राज्य के सभी 81 सीटों में विस चुनाव और लोस चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि नगाड़ा पिटावन रैली के माध्यम से राज्य की दशा और दिशा बदली जाएगी। एनोस एक्का ने ईडी द्वारा सीएम हेमंत सोरेन को समन दिए जाने पर बोले कि जब सीएम ने कुछ गलत नहीं किया है तो जांच से क्यों डर रहे है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के माध्यम से सरकार जनता के पैसे को लूट रही है। अब जब सीबीआई और ईडी जांच कर रही है तब भ्रष्टाचारियों के पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें भी सरकार के दबाव में जेल भेजा गया था।

# गरीबों को आवास देगी हेमंत सरकार : फागू बेसरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड राज्य विरासत में नहीं मिला है. काफी जद्दोजहद और कुर्बानियों से झारखंड अलग राज्य हासिल हुआ है. भाजपा के सांसद और विधायक हमारी सरकार की योजनाओं का फीता काटते हैं. उक्त बातें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त झामुमो नेता फागू बेसरा ने प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने वाले दिनों में हर पंचायत में 10-10 चापानल लगवाएगी. गरीबों का आठ लाख आवास भारत सरकार ने खारिज कर दिया, उसकी भरपाई हमारी राज्य सरकार करेगी. उन्होंने कार्यकताओं से हर बूथ में 15 महिला और 10 पुरुष को सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जोड़ने की अपील की. कहा कि कि 14 दिसंबर को पंचायतों के अध्यक्षों और सचिवों से मुख्यमंत्री मिलेंगे. केंद्रीय सदस्य संजीव बेदिया ने कहा कि कार्यकर्ता मांडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को बेदखल करने का संकल्प लेकर यहां से जाएं. मोर्चा के युवा नेता गौरव पटेल ने कार्यकताओं को अपने स्व दादा टेकलाल महतो और पिता राम प्रकाश भाई पटेल के अधूरे सपनों को पूरा करने का भरोसा दिलाया. कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्षता गौरव पटेल एवं संचालन कपिल देव चौधरी ने किया. कार्यक्रम के पूर्व दिवंगत नेताओं को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए. सम्मेलन में राजकुमार महतो, राजकुमार महतो, नीलकंठ महतो, सोनाराम मांझी, मुकेश रावत देवीराम हेम्ब्रम, छोटेलाल बेसरा, टेकोचन्द महतो, यशोदा देवी, महताब हुसैन, इकबाल खान, संजय राय, राजू श्रीवास्तव, रवि सिंह, सुनील अकेला, मनौवर आलम, अनुराग बर्मन सुरैया खातून वारिस अंसारी शरीफ अंसारी, दिलेर आजाद, मुजफ्फर अंसारी, शेख वसीम, नारायण गंझू, दशरथ महतो, इमरान अंसारी, अतुल चंद्र पांडे,नुमान अंसारी,, संजय प्रजापति, उपेंद्र पांडे, जितेंद्र पांडे, प्रसादी यादव, सत्येंद्र पांडे, विष्णु गुप्ता, नंदकिशोर पांडे, प्रदीप पांडे, ललित गुप्ता और प्रेमचंद गुप्ता आदि मौजूद थे.

# विधायक पूर्णिमा ने 30 बेड के सीएचसी का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह ने सोमवार को डिगवाडीह स्थित जियलगोड़ा स्टेडियम के निकट प्रस्तावित 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का शिलान्यास किया. इस पर 10.38 करोड रुपए लागत आएगी. विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र का भवन एक साल में बनकर तैयार हो जायेगा. इसके बाद झरिया वासियों को इलाज में सुविधा होगी. फिलहाल यहां के लोगों को इलाज के लिए दूर के अस्पतला में जाना पड़ता है. इसे देखते हुए ही उन्होंने नया सीएचसी खोलवाने का निर्णय लिया. मौके पर झामुमो नेता कालीचरण महतो ने अस्पताल का नामकरण दिवंगत नेता नीरज सिंह के नाम पर करने की मांग की. 40 हजार स्क्वायर फीट में बन रहे अस्पताल परिसर में चिकित्सक एवं कर्मियों के आवास के साथ-साथ मरीजों के लिए बेड, पैथोलॉजी, एक्स-रे, ,अल्ट्रासाउंड, ओटी आदि की सुविधा रहेगी. मौके पर विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, सूरज सिंह, चंदन महतो, निरंजन कुमार, विनय रजवार, अफताब आलम, जय कुमार, उमाशंकर शाही, सुरेश माली, मृणालकांत सिंह, रामकृष्ण पाठक, अभिषेक सिंह, अक्षय कुमार यादव आदि उपस्थित थे.

## मुंबई से हजारीबाग पहुंचा मजदूर का पार्थिव शरीर

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के नागी निवासी प्रवासी मजदूर हुलास महतो का पार्थिव शरीर सोमवार को उसके पैतृक गांव पहुंच गया. शव फ्लाइट के जरिये दोपहर में रांची के बिरसा मुंडा हवाईअड्डा पहुंचा. जहां से सड़क मार्ग से उसके पार्थिव शरीर को घर लाया गया. दोपहर बाद शव पहुंचते ही चीख-पुकार मच गई. शनिवार को हृदयाघात से मुंबई के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उसका निधन हो गया था. वहां काम कर रहे विष्णुगढ़ और आसपास के प्रवासी मजदूरों ने न केवल अस्पताल का बिल चुकता किया, बल्कि उसके पार्थिव शरीर को गांव भेजने की व्यवस्था की. पैसों का जुगाड़ उन्होंने आपसी सहयोग से किया. सबों ने मिलकर 92000 रुपये जुटाए. अस्पताल का बिल चुकाने तथा शव भेजने में बाद बचे 52000 रुपये पीड़ित परिवार को सहायतार्थ भेज दिए. मृतक वहां पलंबर का काम करता था. प्रखंड के सिरैय गांव के मुंबई में कार्यरत प्रवासी मजदूर धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि प्रवासी मजदूरों की पीड़ा कोई नहीं समझता है. घर से दूर काम कर रहे प्रवासी मजदूरों पर जब आफत आती है तो जनप्रतिनिधि और प्रवासी मजदूरों की मदद की दुकान चलाने वाले कन्नी काट लेते हैं.

## लाह कारोबारी विक्की भालोटिया गिरफ्तार, 10 करोड़ टैक्स चोरी का आरोप



**जमशेदपुर।** आयकर विभाग की कार्रवाई के बाद जमशेदपुर के लाह कारोबारी विक्की भलोटिया को गिरफ्तार कर लिया गया है. सेंटल एक्साइज जीएसटी और डीजीसीआई की टीम ने पकड़ा है. जेल भेजने से पूर्व आयकर विभाग की टीम विक्की को लेकर एमजीएम अस्पताल ले गयी. यहां पर मेडिकल जांच कराने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश करने जा रही है. मालूम हो कि विक्की भलोटिया के आवास पर डेढ़ माह पूर्व डीजीसीआई की टीम ने छापेमारी की. उस समय से विक्की चकमा देकर फरार चल रहे थे. कुछ दिन पूर्व विभाग की टीम ने कोलकाता स्थित एक कार्यक्रम से पकड़ा और गिरफ्तारी का खुलासा हुआ है.

## धीरज साहू के पास मिले 351 सौ करोड़ रुपए को लेकर बीजेपी ने विपक्ष पर बोला हमला

**धनबाद।** आयकर विभाग की छापेमारी के बाद कांग्रेस से राज्यसभा सांसद धीरज साहू के पास मिले 351सौ करोड़ रुपए को लेकर बीजेपी ने विपक्ष पर हमला बोला. इसी क्रम में सोमवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के खिलाफ ज़िला परिषद से रणधीर वर्मा चौक तक आक्रोश रैली निकाली गई. साथ ही कांग्रेस पार्टी जवाब दो के नारे लगाए गए. इस दौरान बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहें. मीडिया से बात करते हुए विधायक राज सिन्हा ने कहा कि अब विपक्ष क्यों चुप है ये इंडिया गठबंधन क्यों नहीं बताती की उनके पार्टी के सांसद के पास इतने सारे पैसे कहां से आए. उन्होंने तंज करते हुए कहा कि अब तक तो मैंने आलू से सोना बनते सुना था यहां तो बालू से सोना बन रहा है, कोयले से सोना बन रहा है और तो और शराब से भी सोना बन रहा है. इस दौरान उन्होंने झारखंड सरकार पर भी हमला बोला.

## प्रधानमंत्री का संकल्प रथ पहुंचा गुवा, दी जानकारी



**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प रथ आज सोमवार शाम को गुवा पहुंचा. इस दौरान संकल्प रथ के माध्यम से वीडियो दिखाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी.साथ ही संकल्प रथ के साथ विभिन्न समूह की महिलाएं, एस्पायर संस्था टीम, जेंडर सीआरपी की महिलाएं, पूर्वी पंचायत मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं ग्रामीणों को देश के प्रति समर्पित हमारा संकल्प विकसित भारत को लेकर सबको शपथ दिलाया गया. साथ ही कहा गया मोदी सरकार की गारंटी लाभार्थियों तक योजनाओं को शत प्रतिशत पहुंचाना है. इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प रथ गुवा के हिरजीहाटिंग, लालजी हाटिंग,पोरस हाटिंग गुवा बाजार पहुंच जन-जन तक योजनाओं की जानकारी दी. साथ ही लोगों के बीच देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत का नया कैलेंडर 2024 भी वितरित किया गया. इस मौके पर काफी संख्या में समूह की महिलाएं, जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामीण मौजूद थे.

## धनबाद : प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ टूल डाउन स्ट्राइक पर रहे मजदूर



**धनबाद।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र की श्यामपुर बी कोलियरी के मजदूरों ने प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए सोमवार को टूल डाउन सट्राइक पर रहे. बिहार कोलियरी कामगार यूनियन और झारखंड कोलियरी श्रमिक यूनियन के बैनर तले मजदूरों ने कोलियरी के सामने जमकर प्रदर्शन किया. प्रबंधन पर दूसरी कोलियरी से मजूदर लाकर काम कराने, मनमानी करने, रेगुलराइज व पदोन्ननति नहीं करने का आरोप लगाया. बीसीकेयू के मुगमा क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम ने कहा कि मुगमा क्षेत्र की श्यामपुर कोलियरी का विस्तार कर उत्पादन बढ़ाने की योजना थी. लेकिन प्रबंधन इसे निजी हाथों में सौंपकर एमडीओ मोड में चलना चाहता है. इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. सभा को रामजी यादव, कमल बाउरी, किशोर माझी, अशोक मंडल, उत्तम कर, मोतीलाल मरांडी, महानंद रवानी, आस्तिक बाउरी, चंदलाल सोरेन, गुलशन बाउरी, सुखबीर सिंह, मेघनाथ भुईयां, कंचन घोषाल, नीलकमल बाउरी, समीर मरांडी आदि ने संबोधित किया.

## मैथन : चिरकुंडा में मासस की आमसभा

**धनबाद।** जन चेतना यात्रा को लेकर चिरकुंडा शहीद चौक के पास आज सोमवार को मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) ने एक सभा का आयोजन किया. केंद्रीय महासचिव हलदर महतो के नेतृत्व में आयोजित जनसभा में मासस ने भाजपा के खिलाफ जमकर अपनी भड़ास निकाली. वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश विरोधी सरकार है. यहां मजदूर की हत्याएं हो रही है. लोगों का रोजगार छीना जा रहा है. आगे कहा कि देश की तरक्की के लिए साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की जरुरत है. हलदर महतो ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है. सरकार रोजगार पर बात नहीं कर रही है. भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है. जिन मुद्दों पर भाजपा चुनाव लड़ी थी, उन सभी मुद्दों पर वह असफल हो गयी है. जनता को ठगा जा रहा है. कहा कि भाजपा के खिलाफ देश गोलबंद हो रहा है. लोगों को जागरूक करने के लिए कलकत्ता से भाजपा के खिलाफ देशव्यापी

## एक नजर

### गिरिडीहः तिसरी साप्ताहिक बाजार से दो बाइक की चोरी

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड मुख्यालय में रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार से उचक्कों ने 2 बाइक की चोरी कर ली. ये बाइक खिजुरी निवासी दिलीप तुरी और भुराय निवासी एक व्यक्ति की बताई जाती हैं. दोनों लोग सब्जी खरीदने बाजार आए थे और बाइक खड़ी कर बाजार में खरीदारी करने चले गए. इसी दौरान मौका देख उच्चके बाइक लेकर फरार हो गए. भुक्तभोगियों ने तिसरी थाना में लिखित शिकायत देकर पुलिस से बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है.

### धनबाद : जिप अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को बांटा स्वेटर

**धनबाद।** बढ़ती ठंड को देखते हुए धनबाद जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने सोमवार को संपूर्ण शिक्षा केन्द्र के छात्र-छात्राओं के बीच स्वेटर का वितरण किया. स्वेटर पाकर बच्चे काफी खुश दिखे. शारदा सिंह ने कहा कि संपूर्ण जनजागृति ऑगेर्नाइजेशन ने बाघमारा क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में कीर्तिमाना स्थापित किया है. संस्था बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का नेक काम कर रही है. उन्होंने संस्था को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया.

### धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसो. की आमसभा सात को

**धनबाद।** धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को सचिव धीरज दास के कार्यालय में हुई. बैठक में एसोसिएशन की आमसभा 7 जनवरी को कोयला नगर सामुदायिक भवन में कराने का निर्णय लिया गया. अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि आमसभा में एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रधान, कोषाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव व बोकारो के संगठन सचिव सुभाष मंडल शिरकत करेंगे.

# डीलरों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध, हड़ताल की चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** दारू प्रखंड मुख्यालय में डीलर संघ के अध्यक्ष राम प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता मे बैठक हुई. सभी पीडीएस दुकानदारो ने काला बिल्ला लगाकर बैठक में भाग लिया. सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार यदि डीलरों की मांग को 31 दिसंबर तक पूरी नहीं करती है तो एक जनवरी से डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेंगे. संघ के अध्यक्ष राम प्रकाश वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि सरकार करोना काल मे पीएमजीकेवाई योजना का बकाया भुगतान अविलंब करे, कमीशन एक रूपया की जगह तीन रूपया किया जाय, पीडीएस दुकानदारो को तीस हजार रुपए मानदेय दिया जाय और अनुकंपा नियम पुनः लागू की जाय. राम प्रकाश वर्मा ने कहा कि केन्द्रीय कमिटी के निर्देश पर 15 दिसंबर तक सभी डीलर काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे. केंद्रीय कमेटी के निर्देश के बाद ही आगे की रूपरेखा तय की जायेगी. 31 दिसंबर तक मांग पूरी नहीं होती है तो 1 जनवरी से सभी पीडीएस दुकानदार हड़ताल पर चले जाएंगे. बैठक में अध्यक्ष रामप्रकाश वर्मा, महासचिव प्रदीप कुमार देव, सचिव मोहम्मद इरशाद, कोषाध्यक्ष दुनेश्वर राम, लक्ष्मी महिला मंडल समूह इरगा, कांति देवी, किशोर प्रसाद, अमित कुमार, श्यामा मोहन प्रसाद, किशोर प्रसाद, नरेंद्र सिंह, सरवन कुमार सिंह, त्रिभुवन प्रसाद सहित पीडीएस दुकानदार मौजूद थे.

# फुटबाल प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता**

जमशेदपुर। नोवामुंडी प्रखंड के डुमरजोवा में सरना कल्ब की ओर से दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन किया गया. फाइनल मैच आबु दो आबु गे और शशि एफ के बीच खेला गया. जिसमे आबु दो आबु गे की टीम को 0-1 से पराजित किया. प्रतियोगिता के विजेता टीम शशि एफ को 6300 सौ रुपए नकद और बत्तख, उपविजेता को 5300 सौ रुपए नकद और बत्तख, तृतीय हुरदुब एफ को 4300 सौ रुपए नकद और बत्तख, चतुर्थ जी एस पी किंजल को 3300 सौ रुपए नकद और बत्तख, पांचवा बासु ब्रदर्स 2200 सौ रुपए नकद, छठवा सेलदौरी एफ 1200 सौ रुपए नकद,सातवा हार्दिक एफ 1000 रुपए नकद, आठवा स्थान स्मार्ट बॉय एच बी एस को 1000 रुपए की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया. जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र भाजपा नेता मंगल सिंह गिलुवा के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंजीत कोड़ा ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है.खेल को लक्ष्य बनाकर खेलें तो इसमें करियर बनाया जा सकता है.आज के युग में खेल के साथ साथ पढ़ाई भी जरुरी है, इसलिए पढ़ाई पर भी ध्यान देने की जरूरत है. साथ ही कहा की ग्रामीण क्षेत्र में युवा प्रतिभाओ की कमी नहीं है, इसे पहचाने की जरूत है. इस अवसर पर भाजपा विधानसभा विस्तारक लक्ष्मी नारायण भगत, आयोजन समिति के अध्यक्ष भरत पुरती आदि उपस्थित थे.

# चाईबासा के वार्ड नं-11 में लगा शिविर, लोगों ने दिया आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** सोमवार को नगर परिषद चाईबासा के द्वारा वार्ड नं-11 हिन्द चौक के धोबी तालाब स्कूल में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का शिविर लगाया गया, जिसमें 75 वार्डवासियों ने स्वास्थ्य जांच कराया, 25 ने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन दिया, स्टेट बैंक से संबंधित 30 ने आवेदन दिया और बिजली विभाग को समस्त वार्डवासियों ने आवेदन देते हुए समस्या से अवगत कराया कि मीटर रीडिंग के लिए समय पर कर्मचारी का नहीं आना जिससे बिल का भुगतान समय पर नहीं हो पाता और बिल भी ज्यादा आ जाता है. साथ ही जरुरतमंदों के बीच 100 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर नगर परिषद चाईबासा प्रशासक प्रतिभा रानी, झामुमो केंद्रीय सदस्य इकबाल अहमद, झामुमो नगर अध्यक्ष राहुल तिवारी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अजय कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि इनामुल हक, नोडल पदाधिकारी लोकेश कुमार, प्रतिनियुक्त कर्मी मुन्ना आलम, फरहान आरिफ, गणेश सिंकु, सिकंदर जामुदा, परवेज आलम, प्रतिमा प्रजापति, चांदनी सवैया, गायत्री देवी आदि मौजूद थे.

## 17 को झामुमो में गुवा सेवानिवृत्त श्रमिक संघ होगा शामिल

**चाईबासा।** गुवा सेवानिवृत्त श्रमिक संघ ने आज सोमवार को गुवासाई स्थित सरना स्थल में जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन के दिशा निर्देशन में बैठक किया. बैठक की अध्यक्षता करते हुए गुवा सेवानिवृत्त श्रमिक संघ के अध्यक्ष विश्वकेशन महापात्रों ने सेल प्रबंधन से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की. साथ ही कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन की अध्यक्षता में उपायुक्त अनन्य मित्तल चाईबासा के साथ बैठक कर अपनी मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा था. इस पर उपायुक्त ने गुवा सेवानिवृत्त श्रमिक संघ को आश्वत किया था कि बहुत ही जल्द इन मांगों को लेकर गुवा सेल प्रबंधन को मांगो के संदर्भ में समस्या का निराकरण के लिए चाईबासा बुलाकर बैठक की जाएगी. साथ ही बैठक के दौरान सभी गुवा सेवानिवृत्त श्रमिक संघ ने आगामी 17 दिसंबर को जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन की उपस्थिति में करीब 100 की संख्या में झामुमो का दामन थामेंगे.

# चाईबासा : उरांव समाज ने की वन भुजनी पूजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अगहन माह की शुभ बेला में आज उरांव समाज के बान टोला में वनभुजनी पूजा का आयोजन किया. पूजन का आयोजन समाज के पाहन (पुजारी) फागु खलखो पनभरवा मंगरू टोप्पो, चमरू लकड़ा व सहयोगी संजय कुजूर, भोला तिर्की के द्वारा सरना स्थल ( चाला मंडप ) में पूजा अर्चना किया गया. वहीं रात में पाहन व पनभरवा ने टोला मोहल्ले की सभी दुख-तकलीफ, हैजा,चेचक व मलेरिया जैसे महामारी बीमारी को दूर करने के लिए रात में उरांव समाज के अखाड़े में पूजा किया जाता है. प्रथा है कि आज के दिन मुहल्ले के सभी घरों में रात को घर के बाहर आंगन में चूल्हा बनाकर खाना बनाया जाता हैं और सभी एक-दूसरे आपस में मिलजुल कर भोजन का ग्रहण करतें हैं. देर रात पूजा के बाद पूजा स्थल से ही छोटे-छोटे बच्चें निर्वस्त्र होकर हाथ में डंडा लिए पुरे टोला मुहल्ला का भ्रमण करेंगे .

**दिया निर्देश**

## एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारी के साथ की क्राइम मीटिंग

# लंबित मामलों को जल्द निपटाएं : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के पपरवाटांड़ स्थित पुलिस ऑफिस हॉल में सोमवार को पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थानेदारों के साथ क्राइम मीटिंग की. इस दौरान लॉ एंड ऑर्डर को बरकरार रखने के लिए पुलिस कप्तान ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया. उन्होंने लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन और नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने सभी एसडीपीओ और थानेदारों को अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रहे और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसको लेकर हर समय तत्पर रहने को कहा. इस बाबत पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि नए साल के आगमन को लेकर आज सभी एसडीपीओ और थानेदारों के साथ बैठक की गई. उन्होंने कहा कि विभिन्न पर्यटक स्थलों पर लोगों की भीड़ बढ़ेगी. पिकनिक स्पॉटों पर सैलानियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसको लेकर इस क्राइम मीटिंग में चर्चा की गई. साथ ही थानेदारों को तेज गति से लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर



दिशा-निर्देश दिया. मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी कैलाश प्रसाद व नीलम कुजूर, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, मुकेश महतो समेत सभी थाना के थानेदार मौजूद थे.

# रामलला के उद्घाटन में बोकारो से भक्तों का जत्था जाएगा अयोध्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का समन्वय बैठक अयोध्या में भव्य राम मंदिर के उद्घाटन के आलोक में जरीडीह बाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हुई. जिसमें बोकारो जिला ग्रामीण संघ के सभी अनुसांगिक इकाइयों के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे. कार्यक्रम में 22 तारीख को अयोध्या में होने वाले भव्य श्री राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए बोकारो जिला के कार्यकर्ताओं के माध्यम से सभी ग्रामीणों को इस ऐतिहासिक उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने का निमंत्रण पत्र घर घर पहुंचने की बात कही. साथ ही अयोध्या से आए हुए कलश प्रखंड वार वितरण किया गया ताकि कलश का दर्शन आम ग्रामीण जनता कर सके और पुण्य



का भागी बने. कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ के प्रांतीय कार्यवाह संजय जी, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री दीपक ठाकुर के द्वारा जानकारी दी गई कि घर घर जाकर अक्षत और भगवान श्री राम जी का चित्र और पत्रक पहुंचना है. मौके पर पूर्व सासंद रविंद्र कुमार पांडे, पूर्व विधायक बेरमो योगेश्वर महतो बाटुल जी ने सभी प्रखंड से आए हुए कार्यकर्ताओं को आए हुए अयोध्या से कलश का वितरण किया और कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र में घर घर निमंत्रण देने की बात कही. कार्यक्रम में मुख्य रूप से बोकारो जिला भाजपा के सम्मानित अध्यक्ष भरत यादव, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय सदस्य सह बिहार के प्रभारी देवनारायण प्रजापति आदि उपस्थित थे.

# भाजपा के दो नए सीएम

लगता है नवाचार का दौर आ गया राजनीति में जब सारे अटकलों से परे ऐसे लोगों को सीएम बनाया जा रहा है जिनकी चर्चा आम न हो या जो परंपरा या लॉबी से दूर हों । छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय साफ सुथरी छवि वाले नेता हैं। लंबे समय से राजनीति में रहने के बावजूद उनके ऊपर कोई बड़ा आरोप नहीं है। जमीन से जुड़े हुए नेता है जिनके खिलाफ आपराधिक मामला भी दर्ज नहीं है। विष्णु देव साय को आगे कर भाजपा ने संदेश देने की कोशिश की है कि वह ईमानदार नेताओं को आगे करती है। साथ ही साथ उन नेताओं को ऊपर के पदों तक पहुंचती है जिनकी छवि साफ सुथरी है।

**भाजपा को ऐसे ही चेहरे की तलाश थी जिसका संगठन में भी अनुभव हो और संघ में भी पकड़ हो,लॉबी से दूर हो,विष्णु देव साय ने वह कमी पूरी की। विष्णु देव साय आदिवासी समाज से आते हैं। ऐसे में आदिवासी बहुल सीटों पर वह पार्टी को बढ़त भी दिला सकते हैं। पार्टी छत्तीसगढ़ के अलावा झारखंड और ओडिसा के आदिवासी बहुत सीटों पर भी नजर रख रही है। ऐसे में विष्णु देव साय का इस्तेमाल पर पार्टी आदिवासी बहुल सीटों पर काम कर सकती है और चुनाव में इसका फायदा भी दिखेगा।**

विष्णु देव साय संघ के भी करीबी हैं और साथ ही साथ संगठन में भी काम करने का अनुभव रखते हैं। जिसका उन्हें फायदा मिला। भाजपा को ऐसे ही चेहरे की तलाश थी जिसका संगठन में भी अनुभव हो और संघ में भी पकड़ हो,लॉबी से दूर हो,विष्णु देव साय ने वह कमी पूरी की।

विष्णु देव साय आदिवासी समाज से आते हैं। ऐसे में आदिवासी बहुल सीटों पर वह पार्टी को बढ़त भी दिला सकते हैं। पार्टी छत्तीसगढ़ के अलावा झारखंड और ओडिसा के आदिवासी बहुत सीटों पर भी नजर रख रही है। ऐसे में विष्णु देव साय का इस्तेमाल पर पार्टी आदिवासी बहुल सीटों पर काम कर सकती है और चुनाव में इसका फायदा भी दिखेगा।

इसी तरह चर्चित बड़े नेताओं और समीकरणों के आधार पर राजनीतिक पंडितों ने जो अनुमान लगाया था या मीडिया में भी जिनके नाम उछल रहे थे या उछाले जा रहे थे उनसे परे मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में नहीं देखा जा रहा था, आरएसएस के करीबी तीन बार के विधायक और एक प्रमुख ओबीसी नेता हैं। ओबीसी मप्र की आबादी का 48 प्रतिशत से अधिक हैं। वह पहली बार 2013 में उज्जैन दक्षिण से विधायक चुने गए 2023 तक विधानसभा सीट बरकरार रखी।

दोनों को दो महत्वपूर्ण राज्यों में शीर्ष पद देकर भाजपा ने संदेश दिया है कि वह परंपरा में नहीं नवाचार में विश्वास रखती है और इसका प्रभाव पड़ोसी झारखंड और बिहार सहित अन्य सभी राज्यों पर पड़ेगा जहां चुनाव होने वाले हैं । सभी भाजपा शासित राज्यों या संभावित राज्यों के राजनैतिक दायरों में यह चर्चा तेज हो गई है कि यहां अगला कौन ? झारखंड में भी बाबूलाल मरांडी साफ सुथरी छवि के नेता माने जाते हैं जिन्होने पहले मुख्यमंत्री के तौर पर एक लंबी लकीर खींची थी पर हाल में अर्जुन मुंडा और आशा लकड़ा को भाजपा द्वारा ज्यादा महत्व दिया जाना भी चर्चा का विषय है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रहे अरुण उरांव भी छत्तीसगढ़ में बहुत दिनों से काम करते रहे हैं और उनकी छवि भी विनम्र,व्यवहारकुशल की है पर आरएसएस से उनके समीकरण क्या बन पाते हैं देखना है । लोक सभा के बाद झारखंड में विधान सभा का चुनाव है जिसमें बहुत से खट्टर, विष्णु देव साय और मोहन यादव भी मैदान में होंगे जो पार्टी को मजबूत करेंगे या पारंपरिक राजनीति कोई और समीकरण बनाती है देखना दिलचस्प होगा । वैसे तो यहां मोटे तौर पर संभावना आदिवासी समुदाय के मुख्यमंत्री की है पर नवाचार और चौंकाने वाले नाम से भी इनकार नहीं किया जा सकता ।

## इन दिनों

# स्वदेशी रोजगार व्यापार की आत्मा है


ललित गर्ग



**भारतीय** स्वतंत्रता आन्दोलन का स्वदेशी एक महत्वपूर्ण आन्दोलन, सफल रणनीति व राष्ट्रीय दर्शन है। 'स्वदेशी' का अर्थ है- अपने देश का, अपने देश में निर्मित। इस रणनीति का लक्ष्य ब्रिटेन में बने माल का बहिष्कार करना तथा भारत में बने माल का अधिकाधिक प्रयोग करके साम्राज्यवादी ब्रिटेन को आर्थिक हानि पहुँचाना व भारत के लोगों के लिये रोजगार सृजन करना था। यह ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने और भारत की समग्र आर्थिक व्यवस्था के विकास के लिए अपनाया गया साधन था। आज आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये स्वदेशी-दर्शन के बल पर भारत को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संकल्पबद्ध है। उपनिवेशी मानसिकता से मुक्त होकर, अपने देश में जो है उसको युगानुकूल बनाते हुए, 'स्व' आधारित स्व-देशी विकासपथ अपनाने की उनकी मुहीम का प्रभाव है कि हम अब सैन्य उपकरण तक आयात नहीं, बल्कि निर्यात करने की स्थिति में है। स्वदेशी कोई रूढ़िवाद नहीं, बल्कि रोजगार, व्यापार एवं संस्कृति की आत्मा है। 12 दिसंबर 1930 भारत के स्वदेशी आंदोलन का अत्यंत महत्वपूर्ण दिन बना, इसे आज भी स्वदेशी दिवस के रूप में याद किया जाता है। लोकमान्य गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी के स्वदेशी अपनाने का आह्वान और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आंदोलन से प्रेरित होकर विदेश वस्त्रों से भरी लारी को रोकते हुए बाबू गेनू शहीद हो गये। अंग्रेजों की हुकूमत देश को आर्थिक रूप से लूट रही थी। अंग्रेज कपास, रेशम, पटसन व लोहा आदि कच्चे माल को भारत से विदेश ले जाते और लंदन से माल लाकर महंगे दामों पर बेचते। अंग्रेजों की इस कुटिल अर्थनीति को विफल करने के आन्दोलन में बाबू गेनू ने पूरी शक्ति से भाग लिया। देश प्रेम की भावना के वशीभूत होकर कभी-कभी सामान्य सा दिखायी देने वाला व्यक्ति भी बहुत बड़ा काम कर जाता है। ऐसा ही बाबू गेनू के साथ हुआ। एक बार उनका एक बैल पहाड़ी से गिर कर मर गया। इस पर बड़े भाई ने उसे बहुत डांटा। इससे दुखी होकर गेनू मुम्बई आकर एक कपड़ा मिल में काम करने लगा। उसी मिल में उसकी माँ कोंडाबाई भी मजदूरी करती थी। उन दिनों देश में स्वतन्त्रता का संघर्ष छिड़ा था। स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग तथा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आन्दोलन जोरों पर था। 22 वर्षीय बाबू गेनू भी इस आन्दोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। मिल के अपने साथियों को एकत्र कर वह आजादी एवं स्वदेशी का महत्व बताया करते थे। 26 जनवरी, 1930 को 'सम्पूर्ण स्वराज्य माँग दिवस' आन्दोलन में बाबू गेनू की सक्रियता देखकर उन्हें तीन महीने के लिए जेल भेज दिया, पर इससे बाबू के मन में स्वतन्त्रता प्राप्ति की चाह और तीव्र हो गयी।

**लोकमान्य गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी के स्वदेशी अपनाने का आह्वान और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आंदोलन से प्रेरित होकर विदेश वस्त्रों से भरी लारी को रोकते हुए बाबू गेनू शहीद हो गये। अंग्रेजों की हुकूमत देश को आर्थिक रूप से लूट रही थी। अंग्रेज कपास, रेशम, पटसन व लोहा आदि कच्चे माल को भारत से विदेश ले जाते और लंदन से माल लाकर महंगे दामों पर बेचते। अंग्रेजों की इस कुटिल अर्थनीति को विफल करने के आन्दोलन में बाबू गेनू ने पूरी शक्ति से भाग लिया। देश प्रेम की भावना के वशीभूत होकर कभी-कभी सामान्य सा दिखायी देने वाला व्यक्ति भी बहुत बड़ा काम कर जाता है। ऐसा ही बाबू गेनू के साथ हुआ। एक बार उनका एक बैल पहाड़ी से गिर कर मर गया। इस पर बड़े भाई ने उसे बहुत डांटा। इससे दुखी होकर गेनू मुम्बई आकर एक कपड़ा मिल में काम करने लगा। उसी मिल में उसकी माँ कोंडाबाई भी मजदूरी करती थी। उन दिनों देश में स्वतन्त्रता का संघर्ष छिड़ा था। स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग तथा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आन्दोलन जोरों पर था। 22 वर्षीय बाबू गेनू भी इस आन्दोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। मिल के अपने साथियों को एकत्र कर वह आजादी एवं स्वदेशी का महत्व बताया करते थे। 26 जनवरी, 1930 को 'सम्पूर्ण स्वराज्य माँग दिवस' आन्दोलन में बाबू गेनू की सक्रियता देखकर उन्हें तीन महीने के लिए जेल भेज दिया, पर इससे बाबू के मन में स्वतन्त्रता प्राप्ति की चाह और तीव्र हो गयी।**

12 दिसम्बर, 1930 को मिल मालिक मैनचेस्टर से आये कपड़े को मुम्बई शहर में भेजने वाले थे। जब बाबू गेनू को यह पता लगा, तो उसका मन विचलित हो उठा। उसने अपने साथियों को एकत्र कर हर कीमत पर इसका विरोध करने का निश्चय किया। 11 बजे वे कालबादेवी स्थित मिल के द्वार पर आ गये। धीरे-धीरे पूरे शहर में यह खबर फैल गयी। इससे हजारों लोग वहाँ एकत्र हो गये। यह सुनकर पुलिस भी वहाँ आ गयी। कुछ ही देर में विदेशी कपड़े से लदा ट्रक मिल से बाहर आया। उसे सशस्त्र पुलिस ने घेर रखा था। गेनू के संकेत पर घोण्डू रेवणकर ट्रक के आगे लेट गया। इससे ट्रक रुक गया। जनता ने 'वन्दे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाये। पुलिस ने उसे घसीट कर हटा दिया, पर उसके हटते ही दूसरा कार्यकर्ता वहाँ लेट गया। बहुत देर तक यह क्रम चलता रहा। यह देखकर अंग्रेज पुलिस सार्जेण्ट ने चिल्ला कर आन्दोलनकारियों पर ट्रक चढ़ाने को कहा, पर ट्रक का भारतीय चालक इसके लिए तैयार नहीं हुआ। इस पर पुलिस सार्जेण्ट उसे हटाकर स्वयं उसके स्थान पर जा बैठा। यह देखकर बाबू गेनू स्वयं ही ट्रक के आगे लेट गया। सार्जेण्ट की आँखों में खून उतर आया। उसने ट्रक चालू किया और बाबू गेनू को रौंद डाला। सब लोग भौंचक रह गये। सड़क पर खून ही खून फैल गया।

## आप की बात

### सड़क से अतिक्रमण हटाये जिला प्रशासन

शहर के लगभग सभी चौक चौराहों पर मुख्य सड़क का अतिक्रमण किया गया है। इससे सड़क संकीर्ण हुई है। नतीजा हमेशा वाहनों से जाम की स्थिति रहती है। जिसका खामियाजा आने जाने वाले राहगीरों को भुगतना पड़ता है। शहर के सद्दीक मंजिल चौक से कोयल पुल तक सड़क के किनारे दुकान लगा कर अतिक्रमण बढ़ाया गया है। इस मार्ग पर हजारों छोटी बड़ी गाड़ियां आते जाते रहती है। नतीजा इस चौक पर हर घंटे दो घंटे में जाम लगता है। सड़क जाम रहने के कारण स्कूल बसे भी घंटो फसी रहती हैं, जिससे विद्यार्थियों को काफी परेशानी होती है। इतना ही नहीं अस्पताल जाने वाले मरीज भी कई बार जाम में फसने के कारण समय से डॉक्टर तक नहीं पहुंच पाते और उनकी जान खतरे में पड़ जाती है। हैरत तो यह है कि जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी भी जाम में फसते हैं, फिर भी सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके अलावे शहर के छहमुहान से अस्पताल चौक,बाजार क्षेत्र, बस स्टैण्ड व रेड़मा चौक आदि से होकर गुजरने वाली मुख्य सड़क भी अतिक्रमण का शिकार है। अस्थाई ही नहीं कई लोगों स्थाई रुप से सड़क पर ही दुकान लगाने की व्यवस्था कर रखी है जिस कारण हर दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। छह मुहान से कचहरी की ओर जाने वाली सड़क पर जाम के कारण वाहन चलने की जगह रेंगते रहते हैं।

**शुभम कुमार, सद्दीक मोड़, मेदिनीनगर।**

## प्रकृति

# न्याय की आस में पचास साल से सलमान रुश्दी


आर.के.सिन्हा

***सलमान*** रुश्दी की दिल्ली के पॉश एरिया फ्लैग स्टाफ रोड में पैतृक संपत्ति का कोर्ट में बीती आधी सदी से चल रहा कानूनी विवाद इस बात की चीख-चीख कर पुष्टि करता है कि हमारे यहां कोर्ट के रास्ते से न्याय पाना कितनी कठिन और थकाने वाली प्रक्रिया है। दरअसल सलमान रुश्दी के पिता अनीस अहमद रुश्दी ने पूर्व कांग्रेस नेता और सांसद भीखू राम जैन से 1970 में 3.75 लाख रुपये में संपत्ति बेचने का समझौता किया था। जैन ने रुश्दी को कुछ बयाना भी दे दिया था। पर रुश्दी सौदे से मुकर गये और इसके बाद से यह केस निचली अदालतों से देश की सर्वोच्च अदालत में झूल रहा है। भारत में अदालती मामलों में फैसला आने में देरी की वजह सभी स्तरों के न्यायालयों द्वारा पीड़ित व्यक्ति या संगठन को न्याय प्रदान करने में होने वाली है। आप जानते हैं कि देश में न्यायपालिका तीन स्तरों पर काम करती है - सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, और जिला न्यायालय। अदालती मामलों को दो प्रकारों में बांटा गया है-सिविल और क्रिमिनल। 2022 में पूरे भारत में लंबित रहने वाली सभी कोर्ट केस की संख्या बढ़कर 5 करोड़ हो गई थी, जिसमें जिला और उच्च न्यायालयों में 30 से भी अधिक वर्षों से लंबित 169,000 मामले शामिल हैं। दिसंबर 2022 तक 5 करोड़ मामलों में से 4.3 करोड़ यानी 85% से अधिक मामले सिर्फ जिला न्यायालयों में लंबित हैं। सरकार स्वयं सबसे बड़ी वादी है, जहां 50 प्रतिशत लंबित मामले सिर्फ राज्यों द्वारा दायर हैं। सरकार और कानून की दुनिया के सभी पक्षों को इस बारे में सोचना होगा कि भारत में दुनिया के सबसे अधिक अदालती मामले क्यों लंबित हैं? 2018 के नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, हमारी अदालतों में मामलों को तत्कालीन दर पर निपटाने में 324 साल से अधिक समय लगेगा। उस समय 2018 में 2.9 करोड़ मामले कोर्ट में लंबित थे। अदालतों में देरी होने से पीड़ित और आरोपित दोनों को न्याय दिलाने में देरी होती है। अप्रैल 2022 में बिहार राज्य की एक अदालत ने 28 साल जेल में बिताने के बाद, सुबूतों के अभाव में, हत्या के एक आरोपित को बरी कर दिया।

**2022 में पूरे भारत में लंबित रहने वाली सभी कोर्ट केस की संख्या बढ़कर 5 करोड़ हो गई थी, जिसमें जिला और उच्च न्यायालयों में 30 से भी अधिक वर्षों से लंबित 169,000 मामले शामिल हैं।**

## फेसबुक वॉल से



## X - से




अपने पत्र हमें इमेंल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# आदिवासियों के लिए इंकलाब लिखेंगे विष्णुदेव


डॉ. रमेश ठाकुर

***आदिवासी*** बाहुल्य प्रदेश छत्तीसगढ़ की कमान आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को जब से सौंपे जाने का ऐलान सार्वजनिक हुआ है, छत्तीसगढ़िया फूले नहीं समा रहे। खुश होना वैसे बनता भी है। आखिर इतने वर्षों बाद उनकी ख्वाहिशें पूरी जो हुई हैं। स्थानीय लोग शुरू से चाहते थे कि कोई आदिवासी समाज ही व्यक्ति प्रदेश का मुख्यमंत्री बने। ऐसा व्यक्ति जो 33 फीसदी आदिवासी समाज का चहेता हो और सामाजिक समूह को लेकर साथ चले। लंबे राजनीतिक अनुभव के अलावा पहचान जमीनी स्तर की हो। ऐसा राजनेता जो उनके बीच सदैव रहा हो। फिलहाल, ये सभी च्वाइस विष्णुदेव साय में आकर सिमट जाती हैं। विष्णुदेव साय प्रदेश के सर्वमान्य नेताओं में गिने जाते हैं। यही कारण है कि आदिवासी समुदाय चाहे कांगेस से ताल्लुक रखता हो, या अन्य किसी और सियासी दल से, सभी विष्णुदेव साय की नियुक्ति से खुश हैं। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से जकड़ा हुआ है। सभी चाहते हैं कि उन बंधक बेड़ियों से उन्हें कोई मुक्त करवाये। विष्णुदेव बेदाग और ईमानदार नेता हैं। पंचायत से लेकर केंद्र तक की महत्वपूर्ण सियासी जिम्मेदारियां उन्होंने संभाली हुई हैं। साय बेशक सांसद बनकर केंद्र की राजनीति में पहुंच गये हों पीछे, लेकिन उनका जुड़ाव स्थानीय स्तर पर कभी कम नहीं हुआ। गांव-कस्बों की टूटी नल-नालियों की परवाह हमेशा करते रहे। केंद्रीय मंत्री भी बने, लेकिन उनके भीतर से ग्राम प्रधान कभी नहीं निकला? वह इसलिए क्योंकि उनकी राजनीति की शुरूआत ही ग्राम प्रधानी से हुई। निश्चित रूप से साय जैसे जमीनी नेता अपने क्षेत्र, समुदाय और प्रदेश में नया इंकलाब लिखने का माद्दा रखते हैं। निश्चित रूप से वह अपने प्रयासों में सफल होने की कोशिश करेंगे। प्रदेश पर इस वक्त करीब 82,125 करोड़ रुपये का कर्ज है। इसके सिवाए महंगाई-बेरोजगारी की स्थिति से तो सभी वाकिफ हैं ही। इन सभी चुनौतियों से भी विष्णुदेव साय को बड़े साहस से लड़ना होगा। हालांकि उन्हें केंद्र सरकार का साथ भरपूर मिलेगा, क्योंकि डबल इंजन की सरकार में प्रयासों में गति आना स्वाभाविक होता है।

**विष्णुदेव साय प्रदेश के सर्वमान्य नेताओं में गिने जाते हैं। यही कारण है कि आदिवासी समुदाय चाहे कांगेस से ताल्लुक रखता हो, या अन्य किसी और सियासी दल से, सभी विष्णुदेव साय की नियुक्ति से खुश हैं।**



## बोधि वृक्ष

# आइये सुनें कथा


**मार्कण्डेय पुराण क्या है और इसके लेखक कौन हैं?**
मार्कण्डेय पुराण हिंदू धर्म का एक संस्कृत ग्रंथ है जिसका नाम मार्कण्डेय ऋषि के नाम पर रखा गया है। यह सबसे पुराने पुराणों में से एक है जिसमें धर्म-कर्म, संसार और श्राद्ध पर 137 अध्याय हैं। मार्कंडेय पुराण में पौराणिक कथाओं, धर्म, समाज आदि सहित विविध विषयों को प्रस्तुत करने वाले 9000 श्लोक हैं। ऐसा माना जाता है कि मार्कण्डेय पुराण का सबसे पहला संस्करण नर्मदा नदी के पास ऋषि मार्कण्डेय द्वारा रचा गया था जो विध्यांचल पर्वत श्रृंखला और पश्चिमी भारत के बारे में बहुत कुछ बताता है। मार्कण्डेय पुराण भारत के पूर्वी भाग जैसे उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में विशेष रूप से लोकप्रिय है। एक पौराणिक मान्यता यह है कि मार्कण्डेय पुराण के लेखक स्वयं ब्रह्मा जी हैं क्योंकि यह भगवान ब्रह्मा के मुख से बोला गया है।

**मार्कण्डेय ऋषि कौन हैं?** भगवान ब्रह्मा के शिष्य, मार्कण्डेय ऋषि हिंदू परंपरा से हैं, जो ऋषि भृगु के वंश में पैदा हुए थे। ऋषि मार्कण्डेय ने बलपूर्वक धार्मिक अभ्यास (हठ योग) करके सिद्धियाँ प्राप्त कीं और ब्रह्म-काल तक पूजा की। ध्यान करते हुए उनकी एकाग्रता ब्रह्मलोक (जिसे महास्वर्ग भी कहा जाता है) तक पहुँच जाती थी। मार्कण्डेय ऋषि अपनी उपासना को श्रेष्ठ मानते थे लेकिन सच तो यह था कि शास्त्र अनुकूल साधना ना होने के कारण उन्हें काल के जाल से मुक्ति नहीं मिल सकी। आइए आगे बढ़ते हुए सच्ची कहानियों के आधार पर यह समझने की कोशिश करें कि वास्तव में काल का जाल क्या है और किस प्रकार निर्दोष आत्माएँ इस काल के जाल में फंसी रहती हैं।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# whatsapp ग्रुप्स में मजा होगा दोगुना




मैसेजिंग प्लेटफार्म WhatsApp में नया वॉइस चैट फीचर बड़े ग्रुप्स के लिए शामिल किया गया है। इस फीचर के साथ ग्रुप मेंबर्स को चैटिंग के दौरान ही अपनी बातें कहने का ऑप्शन मिल जायेगा और वे इस दौरान चैटिंग भी जारी रख सकते हैं। मेटा की ओनरशिप वाले मैसेजिंग प्लेटफार्म WhatsApp में नया वॉइस चैट फीचर बड़े ग्रुप्स के लिए शामिल किया गया है। इस फीचर के साथ ग्रुप मेंबर्स को चैटिंग के दौरान ही अपनी बातें कहने का ऑप्शन मिल जायेगा और वे इस दौरान चैटिंग भी जारी रख सकते हैं। इस तरह अपनी बात कहने के लिए ग्रुप कॉल नहीं करनी पड़ेगी। ढेरों मेंबर्स वाले ग्रुप में अपनी बात कहने के लिए अब तक पार्टिसिपेंट्स को ग्रुप कॉल करना पड़ता था। नये फीचर के साथ कोई पार्टिसिपेंट जब वॉइस चैट शुरू करेगा तो बाकी मेंबर्स के लिए फोन रिंग होने के बजाय उन्हें पुश नोटिफिकेशन भेजा जायेगा। इस नोटिफिकेशन पर टैप करने पर चैट विंडो ओपन होगी और वॉइस चैट में कही जा रहीं बातें सुनाई देंगी। किसी ग्रुप में वाइस चैट जारी होने की स्थिति में चैट विंडो में एक बबल दिखाया जायेगा। मेंबर्स चाहें तो इस बबल पर टैप करते हुए वॉइस चैट का हिस्सा बन सकेंगे। वहीं विकल्प के तौर पर वे चैट विंडो में टेक्स्ट भी टाइप कर सकते हैं। इस तरह एकसाथ कई लोगों के बोलने और उससे होने वाले शोर से मुक्ति मिल जायेगी। फिलहाल, वॉट्सऐप वॉइस कॉल पर अभी ज्यादा 32 मेंबर्स ही जुड़ सकते हैं। इस तरह नये फीचर के साथ ज्यादा मेंबर्स आपस में वॉइस पर बात कर सकेंगे।

**- कुसुम**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### बीते 24 घंटे के दौरान गया सबसे ठंडा रहा, तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

**पटना।** प्रदेश में ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा है। बीते 24 घंटे के दौरान गया जिला सबसे ठंडा रहा। गया का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना समेत 26 जिलों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मुताबिक सोमवार पूरे दिन प्रदेश का मौसम शुष्क बना रहेगा। 'राज्य में पछुआ और उत्तर पछुआ हवा का प्रवाह सतह से 5.8 किलोमीटर ऊपर तक बना हुआ है। अगले 24 घंटों के दौरान राज्य का मौसम आम तौर पर शुष्क बना रहेगा। साथ ही बिहार के उत्तर, दक्षिण पश्चिम, दक्षिण मध्य भागों के जिलों के एक या दो स्थानों पर घना कोहरा सुबह के समय छाए रहने का पूर्वानुमान है।

### वैशाली में अतिक्रमण हटाने गई पुलिस पर लाठी-डंडे से हमला, कई जवान घायल

**वैशाली।** पटना हाईकोर्ट के निर्देश पर जमीन से अतिक्रमण हटाने गई पुलिस पर झुग्गी-झोपड़ीवासियों ने हमला कर दिया। इस घटना में कई पुलिस जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना जिले के महुआ थाना क्षेत्र के मंगरुवा की है। हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस जमीन खाली कराने गई थी। इस दौरान पुलिस झोपड़ीनुमा घरों को तोड़ रही थी। पहले तो अतिक्रमण हटाओ अभियान शांतिपूर्वक चल रहा था। कुछ समय बाद लोग आक्रोशित हो गए और पुलिस के साथ बहस करने लगे। इसके बाद वे आक्रोशित हो गए और पुलिस जवानों पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इस घटना में कई पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें लगी हैं। घायल जवानों का स्थानीय अस्पताल में चलाज किया गया।

### बिहार के मोतिहारी में लैंड डीलर की गोली मारकर हत्या

मोतिहारी। बिहार के मोतिहारी में आग ताप रहे युवक की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना जिले के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक नन्हकू पर कई जिलों के थानों में आपराधिक मामले दर्ज थे। नन्हकू पर मोतिहारी, शिवहर, सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर हत्या रंगदारी के मामले दर्ज था। कुछ दिन पहले ही वह जेल से छूटकर आया था और जमीन का काम करना शुरू किया था। आपसी रंजिश में युवक की हत्या की आशंका जतायी जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### भाजपा नेता रतन दुबे की हत्या में शामिल चार नक्सली गिरफ्तार

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला नारायणपुर के ग्राम कौशलनार में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान 04 नवंबर को भाजपा के जिला अध्यक्ष रतन दुबे की अज्ञात नक्सलियों ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दिया था। इस हत्या में शामिल 04 नक्सलियों पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया।

# राजस्थान में पाकिस्तानी ड्रोन से बरामद हुई तस्करी की हेरोइन, पैकेट पर लिखा था 'पठान'

**एजेंसी। श्रीगंगानगर (राजस्थान)**
भारत-पाक सीमा पर एक बार फिर से पाकिस्तान की नापाक हरकत देखने को मिली है। रविवार देर रात को पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में एक ड्रोन की मूवमेंट हुई, जिसमें से 2 किलो 600 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। इस घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों व पुलिस सतर्क हो गई है और इलाके में नाकाबंदी कर दी गई है। बीएसएफ से जुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक श्रीगंगानगर के श्री करनपुर क्षेत्र के गांव शेखसरपाल से पाकिस्तानी ड्रोन बरामद हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और बीएसएफ के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ड्रोन को अपने कब्जे में ले लिया, जिसमें से तीन पैकेट बरामद हुए। वहीं, इन पैकेटों में करीबन 2 किलो 600 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है।




**एक पैकेट पर अंग्रेजी में लिखा 'पठान' :** इन तीन पैकेट में से एक पैकेट के ऊपर अंग्रेजी में पठान 2023 लिखा था। हेरोइन मिलने के बाद पुलिस और बीएसएफ ने संयुक्त रूप से नाकाबंदी करके और क्षेत्र में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की गहनता से जांच की। साथ-साथ इलाके में संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करके उनसे पूछताछ की जा रही है। आपको बता दें कि पाकिस्तानी तस्करों की ओर से एक निश्चित लोकेशन पर हेरोइन की खेप फेंकी जाती है, जिसके बाद भारतीय तस्कर उसकी डिलीवरी लेने के लिए वहां पहुंचते हैं।

**जांच के लिए भेजा जाएगा ड्रोन :** बीएसएफ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि बरामद ड्रोन को जांच के लिए भेजा जाएगा। गौरतलब है कि पहले भी पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन बरामद किए गए हैं, जो कि अमेरिका निर्मित थे। ये ड्रोन काफी शक्तिशाली होते हैं और 10 से 15 किलोग्राम वजन आराम से ले जाने में सक्षम होते हैं।

### कुख्यात साइबर अपराधी को नवादा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवादा।** खाड़ी के देश में नौकरी दिलाने के नाम पर भोले-भाले युवाओं से लाखों रुपये की ठगी करने वाले पटना जिले के फुलवारी शरीफ थाने के खगोल निवासी आदिल साहब को नवादा पुलिस की साइबर टीम ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद की गई है। जिसमें लाखों रुपये ठगी के कई प्रमाण भी मिले हैं। नवादा साइबर थाना कांड संख्या 56/2023 के सूचक के खाते से साइबर अपराधी ने 4 लाख 97 हजार 691 रुपये की निकासी कर ली थी। जिसके विरुद्ध नवादा के एसपी अमरीश राहुल ने नवादा के सर्किल इंस्पेक्टर सुजीत कुमार के नेतृत्व में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया था। जिसमें साइबर थाने के अवर निरीक्षक रवि रंजन मंडल सहित कई अधिकारी शामिल थे ।साइबर थाने से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस ने छापेमारी कर गल्फ कंट्री में नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने खाते में रुपये मंगाकर ठगी करने वाले आदिल साहब को उनके पटना जिले के फुलवारी शरीफ थाने के खगौल में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है ।

### फिर दस्तक देने वाला है पश्चिमी विक्षोभ, हिमाचल में जोरदार बर्फबारी और बारिश का अलर्ट



शिमला। हिमाचल प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, 11 दिसंबर से एक ताजा कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र पर दस्तक देगा। इससे जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में मौसम खराब रहेगा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि यह पश्चिमी विक्षोभ दो दिन तक सक्रिय रहेगा। इसके प्रभाव के कारण पहाड़ों पर ऊंचाई वाले इलाकों में एकबार फिर बर्फबारी होगी। कुछ जगहों पर बारिश भी देखी जा सकती है। बारिश और हिमपात के अलर्ट को देखते हुए प्रदेश के पर्यटन कारोबारी उत्साहित हैं। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन दक्षिणपूर्व अरब सागर और निकटवर्ती मालदीव क्षेत्र पर बना हुआ है। यह कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो सकता है। यही नहीं एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 11 दिसंबर से पश्चिमी हिमालय पर दस्तक देगा।

### पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का काशी के मौसम पर असर, बूंदाबांदी के बाद बढ़ी ठंड



**वाराणसी।** वाराणसी समेत पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम ने करवट बदल ली है। सर्दी का सिलसिला शुरू हो गया है। दिन में चटख धूप निकलने से ठंड कम ही महसूस हो रही, लेकिन शाम ढलते ही सिहरन महसूस होने लग रहा है। सुबह में भी ठंड के चलते लोग स्वेटर और जैकेट के साथ कान ढके दिख रहे हैं। इस सप्ताह की शुरूआत में पहले बादल आए, फिर बूंदाबांदी हुई, इसके बाद कोहरा छाया। रविवार सुबह से ही उत्तर पश्चिमी हवाएं चलनी शुरू हो गईं। जो सोमवार की सुबह भी बरकरार रही। इस कारण ठंड बढ़ गई है।

### महिला के साथ दुष्कर्म कर जिंदा जलाया, मौके से संदिग्ध पत्र बरामद

**ग्वालियर।** ग्वालियर के खाली पड़े प्लाट में नग्न अवस्था में एक महिला का शव मिला है। महिला का चेहरा और अन्य अंग जले हुए थे। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस को आशंका है कि दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या कर उसे जलाया गया है। पुलिस की अलग-अलग टीम मामले की जांच पड़ताल में लग गई है। बता दें कि घटना ग्वालियर में विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की नवीन बिल्डिंग के पीछे की है। यहां खाली पड़े एक प्लांट पर सुबह लोगों ने नग्न अवस्था में महिला का शव पड़ा देखा तो आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई। महिला का शव पड़े होने की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय थाने की पुलिस तो मौके पर पहुंची ही, साथ ही फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुला लिया गया। क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला की लाश जली हुई अवस्था में मिली है।

### एएसआई के सुपरिटेंडिंग आर्कियोलॉजिस्ट की तबीयत खराब होने नहीं दाखिल हो सकी सर्वे रिपोर्ट

# कोर्ट ने दिया एक सप्ताह का समय



**नवीन मेल संवाददाता। वाराणसी**
वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से सोमवार को जिला जज की अदालत में एक बार फिर दाखिल नहीं की जा सकी। भारत सरकार के स्टैंडिंग काउंसिल अमित कुमार श्रीवास्तव ने जिला जज की अदालत में प्रार्थना पत्र दिया है कि एएसआई के सुपरिटेंडिंग आर्कियोलॉजिस्ट अविनाश मोहंती का अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ने की वजह से उनकी तबीयत खराब हो गई है। लिहाजा वह अदालत में उपस्थित होकर रिपोर्ट दाखिल करने में असमर्थ हैं। इसलिए रिपोर्ट दाखिल करने के लिए एक हफ्ते बाद की तिथि नियत की जाए। जिला जज की अदालत ने 18 दिसंबर तक की मोहलत दी है। बता दें कि इससे पहले बीते 30 नवंबर को एएसआई को रिपोर्ट दाखिल करने के लिए तीसरी बार 10 दिन का अतिरिक्त समय अदालत ने दिया था। साथ ही, यह भी कहा था कि उम्मीद करते हैं कि एएसआई अब आगे समय की मांग नहीं करेगा। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश के आदेश से ज्ञानवापी परिसर (सील वजूखाने को छोड़ कर) में एएसआई ने बीते 24 जुलाई को सर्वे शुरू किया था। दो नवंबर को एएसआई ने कोर्ट को बताया कि सर्वे का काम पूरा हो गया है। रिपोर्ट तैयार करने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय चाहिए।

## तहखाना प्रकरण में पक्षकार बनने की अर्जी पर आदेश आज

ज्ञानवापी स्थित व्यासजी के तहखाना प्रकरण में पक्षकार बनने की अर्जी पर जिला जज की अदालत सोमवार को अपना आदेश सुनाएगी। यह अर्जी प्राचीन मूर्ति स्वयंभू ज्योतिर्लिंग लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी की ओर से दी गई है। अदालत के आदेश से तय होगा कि वह मुकदमे में पक्षकार बनाए जाएंगे या नहीं बनाए जाएंगे। तहखाना प्रकरण से संबंधित वाद व्यास परिवार के शैलेंद्र कुमार पाठक व्यास ने दाखिल किया है। उन्होंने आशंका जताई है कि व्यासजी के तहखाने पर अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी कब्जा कर सकती है। उन्होंने अदालत से व्यासजी का तहखाना जिलाधिकारी को सुपुर्द किए जाने की मांग की है।

### पति के निधन के बाद अर्थी के पास ही तोड़ा वयोवृद्ध महिला ने दम, एक ही चिता में हुआ अंतिम संस्कार



कोरबा। जिले के कोयलांचल क्षेत्र में लंबी बीमारी के बाद एक बुजुर्ग महिला के पति की मौत गई थी। महिला सदमा पत्नी बर्दाश्त नहीं कर सकी। उसने भी अर्थी उठने से पहले ही दम तोड़ दी। दंपत्ति की न सिर्फ गमगीन माहौल में एक साथ शव यात्रा निकाली गई, बल्कि एक ही चिता में अंतिम संस्कार भी किया गया। दरअसल, कोरबा जिले के प्रगतिनगर कॉलोनी में बिहार के सिवान जिला निवासी संतोष कुमार सिन्हा रहते हैं। वह दीपका परियोजना में बतौर सीनियर मैनेजर कार्यरत हैं। उनके पिता वशिष्ठ नारायण सिन्हा (95 वर्ष) बीमारी से जूझ रहे थे। उनकी बुधवार की दोपहर तीन बजे लंबी बीमारी के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके शव को गेवरा स्थित विभागीय अस्पताल के मॉचुर्री में रखवाया गया। घर में गृह शहर से आने वाले परिजनों का इंतजार किया जा रहा था। इधर पति की मौत के गम में डूबी 84 वर्षीय पत्नी रमावती सिन्हा का रो रोकर बुरा हाल था। वे बार-बार बेहोशी की आगोश में जा रही थीं। उनको संभाल पाना परिजनों के लिए भी मुश्किल हो रहा था। गुरुवार की सुबह बिहार से परिजनों के पहुंचने पर संतोष सिन्हा के शव को घर लाया गया। उन्हें अंतिम विदाई देने की तैयारी चल रही थी।

### दुल्हे की शादी रोकने प्रेमिका पहुंची थाने, लड़का हुआ गिरफ्तार

## दुल्हे के छोटे भाई से शादी की रस्म अदा की गयी



**एजेंसी। हमीरपुर**
हमीरपुर जिले में बिवांर थाना क्षेत्र के निवादा गांव में दुल्हन व उसके परिजन बरात आने का इंतजार करते रहे। दूल्हा अपनी प्रेमिका की शिकायत पर थाने में बैठाए जाने से नहीं पहुंच सका। वहीं, प्रेमिका से शादी का समझौता होने के बाद दूल्हे के छोटे भाई से युवती की शादी कराई गई। निवादा गांव निवासी जगन्नाथ के यहां उसकी पुत्री की बारात कदौरा थाना क्षेत्र के कांहाखेड़ा गांव से आनी थी, जो रात में नहीं आई। सारी रात दुल्हन और घर के लोग इंतजार करते रहे, लेकिन रात में सूचना आई कि दूल्हा सुरेंद्र उर्फ सोनू के खिलाफ उसकी प्रेमिका ने थाना कदौरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जो वहां हिरासत में ले लिया गया। बताया गया कि आनन-फानन में लड़के वालों ने दूल्हे के छोटे भाई को शादी के लिए तैयार किया। इसके बाद बरात रविवार सुबह लगभग चार बजे आ सकी और उन दोनों की शादी हुई। जानकारी के अनुसार दूल्हा बनकर प्रेमी के दूसरे गांव जाने की खबर जब युवती को मिली, तो वह थाने पहुंच गई। जब समझौत हुआ, तब जाकर युवती वापस गांव लौटी
मामले की जानकारी पुलिस को दी, तो दूल्हे को भी परिवार के साथ थाने बुला लिया गया। काफी देर तक दोनों के बीच बातचीत हुई। जब समझौत हुआ तब जाकर युवती वापस गांव लौटी। जहां दूल्हे की बरात जा रही थी, वहां उसके छोटे भाई को दूल्हा बनाकर भेजा गया और उसकी उसी युवती से शादी कराने का आश्वासन दिया गया।

### भारत को विकसित बनाने के लिए तत्पर है मोदी सरकार : गिरिराज

**बेगूसराय।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार देश को विकसित बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान तक बैठे लोगों का समग्र विकास कर रही है। मोदी सरकार का एकमात्र लक्ष्य है 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार करीब 34 करोड लोगों को आयुष्मान कार्ड दे चुकी है। 80 करोड लोगों को पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत प्रत्येक माह अनाज दिया जा रहा है। पीएम उज्जवला योजना से दस करोड़ 35 लाख लोगों को गैस कनेक्शन दिए गए। 2014 में एलपीजी कनेक्शन की संख्या मात्र 14 करोड़ थी, आज 33 करोड लोग एलपीजी गैस का उपयोग कर रहे हैं। 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है।

## आयकर विभाग ने कोलकाता में पूर्व आईएफए सचिव के आवास पर मारा छापा




**एजेंसी। कोलकाता**
कोलकाता। आयकर (आईटी) विभाग के अधिकारी सोमवार सुबह से भारतीय फुटबॉल संघ (आईएफए) के पूर्व सचिव उत्पल गंगोपाध्याय के आवास पर मैराथन छापेमारी और तलाशी अभियान चला रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि गंगोपाध्याय के एक विदेशी शराब निर्माण इकाई से जुड़ाव के संबंध में व फंड गबन और आयकर चोरी के सबूत सामने आने के बाद उनके आवास पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इस बात पर बहुत अधिक संदेह है कि गंगोपाध्याय के आवास पर आयकर छापे का ओडिशा के बलांगीर जिले में कथित तौर पर कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़ी एक डिस्टिलरी इकाई से 200 करोड़ रुपये से अधिक नकदी की बरामदगी से कोई संबंध है। पता चला है कि आयकर अधिकारी सोमवार सुबह करीब 7 बजे दक्षिण कोलकाता के ढाकुरिया स्थित गंगोपाध्याय के आवास पर पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज होने तक छापेमारी और तलाशी अभियान जारी था। आयकर अधिकारियों के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के सशस्त्र कर्मी मौजूद थे। पता चला है कि छापेमारी करने वाले अधिकारी फिलहाल उनके कारोबार से संबंधित विभिन्न दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं जो उनके आवास पर उपलब्ध थे। गंगोपाध्याय लगातार तीन बार आईएफए के सचिव रहे। उन्होंने 2019 में कुर्सी से इस्तीफा दे दिया और तब से, उन्होंने विदेशी शराब इकाई से जुड़े अपने व्यवसाय पर ध्यान केंद्रित किया। पता चला है कि गंगोपाध्याय के आवास के अलावा, दक्षिण कोलकाता के बालीगंज और उत्तरी कोलकाता के कोसीपोर में कुछ अन्य स्थानों पर भी सोमवार सुबह से आयकर छापे मारे जा रहे हैं।

## राजनीति

### बिहार जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट का उद्देश्य है राजनीतिक लाभ उठाना : शाह

# देशभर में जाति जनगणना कराये केन्द्र सरकार : नीतिश



**एजेंसी। पटना**
बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से पूरे देश में जाति जनगणना कराने और बिहार को विशेष दर्जा देने का आग्रह किया। उन्होंने यहां मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित पूर्वी क्षेत्र की 26वीं क्षेत्रीय परिषद की बैठक में ये मांगें कीं, जिसमें अमित शाह, नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और अन्य के अलावा पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान नीतीश कुमार ने जाति सर्वेक्षण की सफलता का जिक्र किया, जो हाल ही में राज्य सरकार ने अपने खर्च पर राज्य के 13 करोड़ से अधिक लोगों की जाति और वित्तीय स्थिति का पता लगाने के लिए कराया था। उन्होंने अमित शाह से बिहार की जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट को संविधान की अनुसूची 9 में डालने का अनुरोध किया, ताकि कोई इसे बदल न सके। नीतीश कुमार ने कहा, ₹हम चाहते हैं कि केंद्र देश में जाति जनगणना कराए। हम इसके लिए हमेशा प्रयास कर रहे थे और हमने बिहार विधानसभा के दोनों सदनों में प्रस्ताव पारित किया है। हमने केंद्र को भी प्रस्ताव भेजा है और प्रधानमंत्री से भी मुलाकात की, लेकिन उन्होंने इस पर विचार नहीं किया। तब हमने राज्य सरकार के खर्च पर बिहार में जाति सर्वेक्षण कराया। नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड पहले एक ही राज्य थे। 1912 में बिहार और ओडिशा बंगाल से अलग हो गए और 1936 में ओडिशा बिहार से अलग हो गया। साल 2000 में झारखंड भी बिहार से अलग हो गया। सारी खदानें, वन संपदा, सारी फैक?टरियां बिहार से छिन गईं, इसलिए बिहार को विशेष दर्जा देकर थोड़ी भरपाई की जानी चाहिए। बिहार सरकार ने इस साल महात्मा गांधी जयंती (2 अक्टूबर) को जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार, बिहार की जनसंख्या संख्या 130,725,310 है जिसमें अत्यंत पिछड़ी जाति (ईबीसी) 36 प्रतिशत, अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 19 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति 1.68 प्रतिशत हैं। जाति आधारित विधेयक पिछले साल बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में पारित हो चुका है और हर राजनीतिक दल ने इस पर सहमति जताई है।

### अमित शाह बोले : बिहार जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट का उद्देश्य है राजनीतिक लाभ उठाना

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को जाति सर्वेक्षण को अपनी सरकार की उपलब्धि के रूप में पेश किया, मगर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उनके दावे को खारिज कर दिया और कहा कि यह पिछड़ी जाति के लोगों के अधिकारों को मारने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने यहां पूर्वी क्षेत्र की 26वीं क्षेत्रीय परिषद की बैठक के बाद कहा, चुनाव में राजनीतिक लाभ लेने के मूल विचार के साथ मुस्लिम और एक या दो जातियों को लाभ पहुंचाने के लिए बिहार में जाति सर्वेक्षण करवाया गया। साथ ही, इस रिपोर्ट के जरिए पिछड़ी जाति के लोगों का हक मारा गया। यह अन्याय है। उन्होंने कहा, जब जाति सर्वेक्षण का प्रस्ताव हमारे सामने आया, तब भाजपा बिहार में सत्ता में थी और हमने इसका समर्थन किया था। यहां तक कि जब रिपोर्ट सामने आई और कानून बन गई, तब भी भाजपा ने इसका समर्थन किया। इसके बावजूद अब कई सवाल उठाए जा रहे हैं। राजनीतिक लाभ के लिए दूसरों के साथ अन्याय करना बुद्धिमानी नहीं है।

### मोदी हैं भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने की गारंटी : अंशु

**अररिया।** फारबिसगंज विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा नगर उपाध्यक्ष अविनाश कन्नौजिया अंशु ने आईएनडीआईए गठबंधन को भ्रष्टाचार,कमीशनखोरी,लूट खसोट और दलाली की गारंटी तो मोदी भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने की गारंटी वाला करार दिया। प्रेस बयान जारी कर सोमवार को अंशु ने कहा कि एक ओर कांग्रेस सांसद धीरज साहू के यहां 300 करोड़ से ज्यादा की नगदी बरामद होना और दूसरी ओर पैसे लेकर प्रश्न पूछने के आरोप में तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की सदस्यता समाप्त होना, दशार्ता है कि आईएनडीआईए गठबंधन जहां भ्रष्टाचार कमीशनखोरी, लूट-खसोट और दलाली की गारंटी है, वहीं नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने की गारंटी है। अंशु ने कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से निकले नोटों का पहाड़ और गिनती जारी है। मोहब्बत कि दुकान के एक फ्रेंचइजी के गमले में 300 करोड़ के नोट मिले हैं।

## मप्र में विधायक दल के नेता के चयन के लिए आशा व पर्यवेक्षक पहुंचे भोपाल



**एजेंसी। भोपाल**
मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक सोमवार दोपहर बाद लगभग चार बजे होने वाली है। नेता चयन के लिए तीन पर्यवेक्षक बनाए गए है, जो भोपाल पहुंच चुके हैं। पर्यवेक्षक मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा की। भाजपा को राज्य में बड़ी जीत मिलने के बाद विधायक दल की बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय भोपाल में आयोजित की गयी है। इस बैठक में हिस्सा लेने विधायकों का पहुंचने का सिलसिला जारी है, वहीं तीनों पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण जी और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लाकड़ा विशेष विमान से भोपाल पहुंचे। तीनों पर्यवेक्षक के भोपाल पहुँचने पर पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने अगवानी की। इस मौके पर कई और नेता भी मौजूद थे। इसके बाद तीनों पर्यवेक्षक मुख्यमंत्री चौहान के आवास पर पहुंचे। पार्टी ने बैठक को लेकर मिनट टू मिनट का कार्यक्रम जारी कर दिया है। तय कार्यक्रम के मुताबिक एक से तीन बजे तक पंजीयन व भोजन होगा।

## एक नजर

### भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें 5 देशों के टूर्नामेंट के लिए वालेंसिया रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने 5 देशों के टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए आज बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) से स्पेन के वालेंसिया के लिए उड़ान भरी। इस टूनार्मेंट का आयोजन 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम 15 दिसंबर को टूनार्मेंट के पहले मैच में मेजबान स्पेन से भिड़ेगी, इसके बाद 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी और अपने 21 दिसंबर को आखिरी मैच में आयरलैंड से भिड़ेगी। इसी तरह, भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने 5 देशों के टूनार्मेंट के अपने पहले मैच में 15 दिसंबर को मेजबान स्पेन से भिड़ेगी, उसके बाद 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी और 20 दिसंबर को फ्रांस के खिलाफ मुकाबला करेगी।

### फुटबॉल मैच के दौरान एक फैन ने गंवाई जान

**मैड्रिड।** ग्रेनाडा और एथलेटिक क्लब बिलबाओ के बीच रविवार को होने वाला ला लीगा मुकाबला घरेलू टीम के एक समर्थक की दर्शक दीर्घा में दिल का दौरा पड़ने से मौत होने के बाद स्थगित कर दिया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 18वें मिनट में इनाकी विलियम्स के गोल की मदद से एथलेटिक 1-0 से आगे चल रहा था। हालांकि, इसके बाद मैच को बीच में रोकना पड़ा। एथलेटिक कीपर यूनाई साइमन ने सहायक रेफरी को मेडिकल इमरजेंसी के कारण उनके पीछे स्टैंड में हंगामे की सूचना दी। दोनों क्लबों के मेडिकल स्टाफ मदद करने के लिए दौड़ पड़े। लेकिन, मैच रुकने के 20 मिनट बाद रेफरी ऑर्टिज एरियास खिलाड़ियों को ड्रेसिंग रूम में ले गए और लगभग 40 मिनट बाद जब यह पुष्टि हुई कि फैन की जान चली गई है तब खेल निलंबित कर दिया गया। हमें गहरा दुःख है और हम उनके परिवार और ग्रेनेडा समर्थकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

# भारतीय महिला टीम ने तीसरे टी-20 में इंग्लैंड को हराया

**एजेंसी। मुंबई**

भारत दौरे पर आई इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम को तीसरे टी20 मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों के सामने पस्त होना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 20 ओवर में 126 रन ही बनाए। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 19 ओवर में 5 विकेट पर जीत अपने नाम कर ली। बता दें कि, तीन मैचों की सीरीज में शुरूआती दोनों मैचों में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। जहां सीरीज 2-1 से इंग्लैंड के नाम रही। इंग्लैंड को 20 ओवर में 126 रन पर आउट करने के बाद भारत ने एक ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 130 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत के लिए स्मृति मंधाना ने 48 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़ने के अलावा दूसरे विकेट के लिए जेमिमा रोड्रिग्स (33 गेंद में 29 रन) के साथ 57 रन की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। अमनजोत कौर ने चार गेंद में तीन चौके की मदद से नाबाद 13 रन बनाकर प्रभावित किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर छह रन पर नाबाद रही। रेणुका सिंह (23 रन पर दो विकेट) ने शुरूआती ओवर में टीम को सफलता दिलाई जबकि सैका इशाक (22 रन पर तीन विकेट) और ह्रप्लेयर ऑफ द मैचह्व श्रेयंका पाटिल (19 रन पर तीन विकेट) की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी ने बीच के ओवरों में इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर शिकंजा कसकर रखा।



### अमनजोत ने पारी की आखिरी दो गेंदों पर विकेट लिए

अमनजोत कौर ने पारी की आखिरी दो गेंदों पर विकेट चटकाये। इंग्लैंड के लिए कप्तान हीथर नाइट ने सबसे ज्यादा 52 रन का योगदान दिया। उन्होंने आखिरी ओवरों में चार्ली डीन (नाबाद 16) के साथ नौवें विकेट के लिए 32 गेंद में 52 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। नाइट ने 42 गेंद की पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाने के अलावा चौथे विकेट के लिए एमी जोन्स (21 गेंद में 25 रन) के साथ 41 रन की साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की सलामी जोड़ी एक बार फिर अच्छी शुरूआत दिलाने में नाकाम रही। शेफाली वर्मा (छह रन) तीसरे ओवर में फ्रेया केम्प की गेंद पर बोल्ड हो गयी।दोनों ने सतर्कता से बल्लेबाजी करते हुए विकेट बचाने पर ध्यान दिया। इस बीच जेमिमा ने पांचवें ओवर में डीन और छठे ओवर में महिका गौर के खिलाफ चौके लगाये। पावरप्ले के आखिरी ओवरी ओवर में मंधाना ने भी चौका लगाया। रोड्रिग्स ने एक्लेस्टोन के खिलाफ दो चौके लगाये तो वही मंधाना ने इसी गेंदबाज के खिलाफ नौवें ओवर में छक्का लगाकर टीम का अर्धशतक पूरा किया। बायें हाथ की इस सलामी बल्लेबाज ने 11वें ओवर में फ्रेया केम्प के खिलाफ अपनी पारी का दूसरा छक्का जड़ा।

# वसीम अकरम ने पर्थ की पिच को लेकर पाकिस्तान को दी चेतावनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पहले पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज वसीम अकरम ने टीम के खिलाड़ियों को पर्थ की उछाल भरी पिच से सावधान रहने की सलाह दी है। उनका मानना है कि यह पाकिस्तान के लिए एक बड़ी परीक्षा होगी। नए टेस्ट कप्तान शाह मसूद के नेतृत्व में पाकिस्तान की पुरुष टीम ने कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया पीएम एकादश के खिलाफ चार दिवसीय अभ्यास मैच खेला, जो 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले पाकिस्तान की तैयारी का एक हिस्सा था। वसीम अकरम ने कहा, ठीक है। कप्तान ने 200 बनाए इसलिए थोड़ा आत्मविश्वास है। लेकिन नया प्रबंधन, नया कप्तान इसमें समय लगेगा खासकर पर्थ में पहले टेस्ट मैच पर उन्हें ज्यादा ध्यान देना होगा। हम जानते हैं कि पिच बहुत उछाल वाली है और यह पिच कैनबरा से बिल्कुल अलग होगी। यह इस टीम के लिए एक बड़ी परीक्षा होगी।' पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह कैनबरा में अभ्यास मैच में रनों का अंबार लगाया था जिसमें कप्तान शाह मसूद ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में शानदार नाबाद 201 रन बनाए थे, जिसके बाद टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 391 रनों पर पारी घोषित की। जवाब में पीएम एकादश ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर 367 रन बनाए लेकिन मैच ड्रा रहा।



## ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन करना प्राथमिकता : हफीज

**एजेंसी। पर्थ**

पाकिस्तान टीम के डायरेक्टर मोहम्मद हफीज का मानना है कि शान मसूद की अगुवाई वाली टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की चुनौती के लिए तैयार है और देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में कभी भी टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। उनका आखिरी दौरा 2019/20 सीजन में हुआ था। तब मेजबान टीम ने दोनों मैचों में पारी के अंतर से जीत हासिल करते हुए 2-0 से सीरीज जीत हासिल की थी। 14 दिसंबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज की शुरूआत से पहले हफीज ने कहा, ॅपाकिस्तान की यह टेस्ट टीम अच्छी तरह से स्थापित है और उन्होंने अतीत में देश के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। यह देखकर खुशी होती है कि ये लोग चुनौतियों का सामना करने के लिए उत्साहित हैं और ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पाकिस्तान को लेग स्पिनर अबरार अहमद की कमी खलेगी, जो पर्थ टेस्ट से बाहर हो गए हैं और दाहिने पैर की चोट के कारण पुनर्वास से गुजर रहे हैं।

### ट्रेविस हेड और नाहिदा बने 2023 आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रेविस हेड और बांग्लादेश की ऑलराउंडर नाहिदा अख्तर को नवंबर 2023 के लिए पुरुष और महिला वर्ग में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया। ट्रेविस हेड ने ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाने के लिए हमवतन ग्लेन मैक्सवेल और भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को पछाड़ा। दक्षिण अफ्रीका पर सेमीफाइनल और अहमदाबाद में भारत पर ब्लॉकबस्टर फाइनल जीत में ऑस्ट्रेलिया को छठा वनडे विश्व कप खिताब दिलाने में मदद करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के योगदान के बाद हेड को यह सम्मान मिला।

# रोहित शर्मा के बाद हार्दिक करेंगे मुंबई इंडियंस का नेतृत्व

**एजेंसी। सूरत**

टीम इंडिया की लिमिटेड ओवर टीम के कप्तान की पहेली अभी भी मुसीबत बनी हुई है। हालांकि, मुंबई इंडियंस आईपीएल टीम में रोहित शर्मा के युग के बाद हार्दिक पांड्या अगले कप्तान की भूमिका निभा सकते हैं। गुजरात टाइटन्स के साथ दो साल के कार्यकाल के बाद मुंबई इंडियंस टीम में फिर से शामिल होने के बाद हार्दिक पांड्या काफी खुश हैं। जीटी के साथ उन्होंने दो साल बतौर कप्तान खेला है और शानदार प्रदर्शन भी किया। जिसमें एक सीजन में वो चैंपियन रहे जबकि दूसरे सीजन में उपविजेता बने। वहीं, मुंबई इंडियंस के साथ वह चार आईपीएल खिताब (2015, 2017, 2019 और 2020) पहले ही जीत चुके हैं। श्रीलंका के पूर्व गेंदबाज दिलहारा फर्नांडो का मानना है कि हार्दिक को मुंबई इंडियंस की कप्तानी करनी चाहिए क्योंकि उनमें एक टीम की कप्तानी करने के लिए 'नेतृत्व' गुण हैं। 2008 से 2011 के बीच मुंबई इंडियंस आईपीएल फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे फर्नांडो ने आईएएनएस के साथ एक खास बातचीत में मुंबई इंडियंस की संस्कृति के बारे में बात की। फर्नांडो ने कहा, मुझे लगता है कि हार्दिक का एमआई में जाना एक अच्छा विकल्प है क्योंकि उनमें नेतृत्व के गुण हैं। मुझे लगता है कि रोहित शर्मा के बाद वह मुंबई इंडियंस का नेतृत्व करेंगे।



# स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है

### डीएवी हेहल में स्टेट लेवल खेलकूद प्रतियोगता में 525 छात्र हुए शामिल

**एजेंसी। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में डीएवी स्पोर्ट्स-2023 राज्य स्तरीय अंडर 14, 17 और 19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के लिए प्रतियोगिता आयोजित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सकूल के छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में योग, चेस, शूटिंग, नेटबॉल एवं एरोबिक्स खेल हुए। प्रतियोगिताओं के लिए झारखंड के विभिन्न डीएवी विद्यालयों से तकरीबन 525 बालक एवं बालिकाओं ने हिस्सा लिया। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि आईपीएस प्रशांत कर्ण ने दीप प्रज्जवलित कर खेल की शुरुआत की। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने सैंपलिंग प्रदान कर किया। मुख्य अतिथि प्रशांत कर्ण ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। यह सर्व विदित है कि डीएवी में विद्यार्थियों का बहुमुखी विकास होता है। डीएवी ने क्रीड़ा जगत, विज्ञान एवं साहित्य के क्षेत्र में कई विश्व विख्यात विभूतियों को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि जीवन में अपनी शारीरिक ऊर्जा व बौद्धिक क्षमता का सदुपयोग करें। जीवन में कभी भी अहंकार का स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चरित्रवान बनें। अपने माता-पिता, गुरु व देश का नाम ऊँचा करें। प्राचार्य ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि जीवन में स्वप्न अवश्य देखिए किंतु स्वप्न बड़ा देखिए। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए तेज, उच्चतर और मजबूत बनने की सलाह दिये। उन्होंने कहा कि हमारा डीएवी प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्प व प्रतिबद्ध है। झारखंड जोन-बी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एम के सिन्हा एवं प्राचार्य ने स्पोर्ट्स ध्वज फहराया और सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई गई।



## व्यापार

### रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 83.37 प्रति डॉलर पर


**नयी दिल्ली।** विदेशी कोषों के निरंतर प्रवाह और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच सोमवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 83.37 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से भारतीय मुद्रा पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 83.39 पर खुला। बाद में वह 83.37 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की बढ़त है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.40 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 103.66 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76.29 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,632.30 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# शिखर पर शेयर बाजार, सेंसेक्स 70 हजार और निफ्टी 21 हजार के पार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**निफ्टी प्री 12.10 अंक यानी 0.06 प्रतिशत मजबूत होकर 20,981.50 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। कारोबारी को सेंसेक्स 303.91 अंक यानी 0.44 प्रतिशत के साथ 69,825.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 68.25 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की छलांग लगा कर 20,969.40 अंक के स्तर पर कारोबार का अंत किया था।**

घरेलू शेयर बाजार में मजबूती का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला आज भी जारी है। आज के कारोबार की मिली-जुली शुरूआत हुई थी, लेकिन बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स पहली बार 70 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। इसी तरह निफ्टी भी उछल कर 21 हजार अंक के दायरे के पार चला गया। हालांकि बाद में मुनाफावसूली का दबाव बनने पर दोनों सूचकांक ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे फिसल कर कारोबार करने लगे। पहले 60 मिनट का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.23 प्रतिशत की और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, यूपीएल, कोल इंडिया, इंडसइंड बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 1.86 प्रतिशत से लेकर 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, सिप्ला, अपोलो हॉस्पिटल, एक्सिस बैंक और विप्रो के शेयर 5.38 प्रतिशत से लेकर 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,072 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,436 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 636 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 9 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज एक बार फिर ऑल टाइम हाई ओपनिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए 100.03 अंक की मजबूती के साथ 69,925.63 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने उछल कर 70 हजार अंक के स्तर को पार कर लिया।



### वैश्विक दबाव में लुढ़का सोना, चांदी में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल मार्केट में सोने के भाव में आई नरमी के कारण आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही देश के सरार्फा बाजारों में गिरावट का रुख बना नजर आ रहा है। देश के अलग-अलग सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 500 से 800 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे आ गया है। 22 कैरेट सोने की कीमत में भी आज करीब 500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी में भी आज कमजोरी आई है। दिल्ली सरार्फा बाजार में आज चांदी 76,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 62,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

# कर्ज माफी की पेशकश वाले विज्ञापनों पर चेतावनी

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कर्ज माफी की पेशकश कर कर्जदारों को लुभाने वाले भ्रामक विज्ञापनों पर चेतावनी जारी की। ऐसी संस्थाओं द्वारा बिना किसी अधिकार के 'ऋण माफी प्रमाणपत्र' जारी करने के लिए सर्विस हैं। आरबीआई ने कहा कि ये संस्थाएं प्रिंट मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी ऐसे कई कैंपेन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा, जनता को आगाह किया जाता है कि वे ऐसे झूठे और भ्रामक अभियानों का शिकार न बनें और ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट कानून प्रवर्तन एजेंसियों से करें। "यह भी हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ स्थानों पर, कुछ व्यक्तियों द्वारा अभियान चलाए जा रहे हैं, जो बैंकों से ली जाने वाली प्रतिभूतियों पर अपने अधिकारों को लागू करने के बैंकों के प्रयासों को कमजोर करते हैं। ऐसी संस्थाएं गलतबयानी कर रही हैं कि बैंकों समेत वित्तीय संस्थानों का बकाया चुकाने की जरूरत नहीं है।" आरबीआई के बयान में कहा गया है, ऐसी गतिविधियां वित्तीय संस्थानों की स्थिरता और सबसे बढ़कर, जमाकर्ताओं के हितों को कमजोर करती हैं। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि ऐसी संस्थाओं के साथ जुड़ने से प्रत्यक्ष वित्तीय नुकसान हो सकता है।





## रियल एस्टेट, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी में शानदार नौकरी के अवसर

# ब्लू कॉलर कर्मियों की नियुक्ति 7.4% बढ़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में ब्लू-कॉलर कार्यबल में 2023 में नियुक्ति में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जिसमें लॉजिस्टिक्स, निर्माण और रियल एस्टेट, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी शानदार नौकरी के अवसरों के लिए टॉप सेक्टर के रूप में उभरे। नियुक्ति में वृद्धि के मामले में कोलकाता लीडिंग मेट्रो सिटी के रूप में उभरा। पुणे और चंडीगढ़ रोजगार के अवसरों में पर्याप्त प्रगति प्रदर्शित करते हुए टॉप-टियर 2 शहर रहे। ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड के अनुसार, एसएमबी की वृद्धि, शहरीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास, सर्विस सेक्टर का विस्तार और लागत प्रभावी श्रम बाजार सहित कई फैक्टर्स इन शहरों में बढ़ती नौकरी वृद्धि में योगदान दे रहे हैं। इनडीड इंडिया के बिक्री प्रमुख शशि कुमार ने कहा, "2023 में विशेष रूप से टियर-2 शहरों में नियुक्ति में पर्याप्त वृद्धि देखी गई। 2024 को देखते हुए, नई तकनीक अपनाने वाले संगठन उज्ज्वल भविष्य के लिए नौकरी चाहने वालों के बीच स्किल्स बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हैं।' ब्लू-कॉलर नियोक्ताओं (49 प्रतिशत) ने 2023 में जनरेशन जेड टैलेंट (26 साल से कम उम्र वाले) की तलाश की, जबकि वाइट-कॉलर (41 प्रतिशत) ने मिलेनियल (27 से 41 की उम्र के) उम्मीदवारों की तलाश की। डिजिटल लिटरेसी (27 प्रतिशत) और फिजिकल स्ट्रेंथ (83 प्रतिशत) दोनों भी प्राइमरी हार्ड और सॉफ्ट स्किल्स में से हैं जिनकी नियोक्ता भर्ती करते समय इच्छा रखते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, इसके विपरीत, वाइट-कॉलर नियोक्ताओं द्वारा मिलेनियल भर्तियों के लिए प्राथमिकता उन कार्यों के लिए एक सूक्ष्म दृष्टिकोण का सुझाव देती है जिनके लिए एक्सपीरियंस और रिफाइन स्किल सेट की आवश्यकता हो सकती है।निष्कर्षों से यह भी पता चला कि नियोक्ता नेक्स्ट-जनरेशन की टेक्नोलॉजी को अपनाने के लिए तैयार हैं। 42 प्रतिशत नियोक्ताओं ने 2024 में छोटे कदम उठाकर एआई के साथ एकीकरण शुरू करने में अपनी रुचि दिखाई, 19 प्रतिशत नियोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने पहले ही इसे लागू कर दिया है।



### स्पाइसजेट ने एनएसई पर शेयर को सूचीबद्ध करने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** वित्तीय उथल-पुथल की दौर से गुजर रही बजट विमानन कंपनी स्पाइसजेट जल्द ही अपनी प्रतिभूतियों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध करेगी। कंपनी ने यह जानकारी दी है। एयरलाइन ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि निवेशकों तक पहुंच बढ़ाने के लिए कंपनी जल्द एनएसई पर अपनी प्रतिभूतियों को सूचीबद्ध करेगी। कंपनियों को एनएसई पर सूचीबद्ध होने के लिए वित्त मापदंडों सहित विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करना पड़ता है। इस बीच बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज (बीएसई) पर कंपनी के शेयर ने आज सुबह के कारोबार में आठ फीसदी से ज्यादा की बढ़त दर्ज की है। कई बाधाओं से जूझ रही स्पाइसजेट धन जुटाने के तरीकों पर विचार कर रही है। कंपनी ने पिछले हफ्ते कहा था कि उसकी निदेशक मंडल की बैठक में कोष जुटाने के विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जाएगा।

# टाटा पावर व इंडियन ऑयल ने ईवी चार्जिंग प्वाइंट के लिए किया समझौता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा पावर और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आई ओ सी एल) ने देश भर में तेल विपणन कंपनी के पेट्रोल पंपों पर 500 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग पॉइंट शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। टाटा पावर के एक बयान के अनुसार, ये ईवी चार्जिंग पॉइंट मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, अहमदाबाद, पुणे और कोच्चि जैसे प्रमुख शहरों के साथ-साथ मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे, सलेम-कोच्चि हाईवे, गुंटूर-चेन्नई हाईवे जैसे प्रमुख राजमार्गों पर स्थापित किए जाएंगे। बयान में कहा गया है कि यह रणनीतिक सहयोग एक विश्वसनीय और विस्तृत इंटरसिटी चार्जिंग नेटवर्क बनाने पर केंद्रित है जो शहरों के बीच यात्रा करने वाले ईवी मालिकों के लिए रेंज की चिंता को कम करने में मदद करेगा। यह समझौता भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बी पी सी एल) और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (टीपीईएम) द्वारा पिछले सप्ताह इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 7,000 चार्जिंग पॉइंट स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद हुआ है। बीपीसीएल ने कहा, समझौते का उद्देश्य बीपीसीएल के व्यापक ईंधन स्टेशनों के नेटवर्क और सड़कों पर टाटा ईवी से टीपीईएम की जानकारी का लाभ उठाना है, ताकि टाटा ईवी मालिकों द्वारा अक्सर आने वाले स्थानों पर चार्जर स्थापित किया जा सके। इसके अलावा, बीपीसीएल ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए चार्जर के उपयोग पर जानकारी एकत्र करेगा।




### बीएमडब्ल्यू इंडिया के वाहन जनवरी से 2 फीसदी तक होंगे महंगे

नई दिल्ली। ऑडी इंडिया के बाद जर्मन लग्जरी कार निमार्ता कंपनी बीएमडब्ल्यू इंडिया ने भी 01 जनवरी, 2024 से अपने वाहनों की कीमतों में दो फीसदी तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। बीएमडब्ल्यू इंडिया ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि कंपनी 01 जनवरी, 2024 से अपने सभी मॉडलों की कीमतों में दो फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने कहा कि विदेशी विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के प्रतिकूल प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। बीएमडब्ल्यू समूह इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने कहा कि बीएमडब्ल्यू इंडिया के सभी मॉडल में मूल्य वृद्धि लागू करने का निर्णय मौजूदा परिप्रेक्ष्य के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव और कच्चे माल की बढ़ती लागत की वजह से यह मूल्य समायोजन महत्वपूर्ण संतुलन बनाए रखेगा।

## गागर में सागर

### सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन हुआ शख्त, ग्रामीणों संग बैठक आयोजित



**विशुनपुरा।** सड़क दुर्घटना से लोग कैसे बचें इसको लेकर प्रभारी थाना प्रभारी अजित कुमार ने विशुनपुरा पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित लोगों को समझाते हुए कहा कि आज के परिवेश में लोगों के लिए गाड़ी चलाना आम बात हो गई है और सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ गई हैं। दुर्घटनाओं को हम सभी मिल कर ही खत्म कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दुर्घटना हमलोगों की अपनी खुद की कमी से होती है। अगर आप घर से निकलते हैं तो कपड़ा पहन कर ही निकलते हैं। इससे आपकी इज्जत होती है लोगों के बीच, तो हेलमेट भी आपकी सुरक्षा के ही लिए है। साथ ही उन्होंने सख्त हिदायत दी है कि अगर बिना हेलमेट, शराब पीकर, चार पहिए वाहन पर सीट बेल्ट नही लगाना, नाबालिग बच्चे गाड़ी चलाते पकड़े जाएंगे तो किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। चालान के साथ साथ उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हजारीबाग की पूर्व विधायक रानी डे के निधन पर पूर्व मंत्री ने व्यक्त किया शोक

**श्री बंशीधर नगर।** हजारीबाग की पूर्व विधायक रानी डे (85) के निधन पर पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचंद्र केशरी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। पूर्व मंत्री ने कहा कि उनका निधन गुरुवार को रांची के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। कहा कि रानी डे 1977 के चुनाव में विधायक निर्वाचित हुई थीं और मेरे साथ बिहार विधानसभा में सदस्य रही थीं। अपने राजनीतिक सफर में रानी डे डॉ राममनोहर लोहिया के आदर्श पर चलते हुये अपने क्षेत्र में संघर्षरत रहती थीं और कपूरी ठाकुर से अपना राजनीतिक कार्य संघर्ष के बल पर कराती थीं। उन्होंने कहा कि वह 1974 के आंदोलन की सिपाही थीं। बोकारो जिले के साड़म में इनका पैतृक आवास था।

### प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय के चिरका आईटीआई कॉलेज के मैदान में सोमवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी ने की। प्रतियोगिता में प्रखंड की सभी सात पंचायतों की टीमों ने भाग लिया। पहला मैच बरवाडीह पंचायत व बिलैती खैर पंचायत के बीच मैच खेला गया, जिसमें विलैती खेर की टीम 1-0 से विजय रही। दूसरा मैच बालिका वर्ग का हेताड कला पंचायत बनाम डोल पंचायत के बीच खेला गया, जिसमें हेतालकला की टीम 2-0 से विजय रही। मौके पर खेल प्रभारी विनोद यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजयी होने पर टीम को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा। मौके पर प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी, गंगेश्वर सिंह, रामवृक्ष सिंह, वीरेंद्र सिंह, सत्यनारायण सिंह, सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

### चिनिया थाना क्षेत्र में अज्ञात जंगली जानवर ने बैल पर किया हमला, मौत



**चिनिया।** थाना क्षेत्र के राजबांस गांव के जंगलों के समीप दिन में ही अज्ञात जंगली जानवर ने अचानक एक पालतू पशु पर हमला कर दिया। पशुपालक शिवपूजन यादव ने बताया कि हमारे कई अन्य पशुओं के साथ एक बैल भी पास के ही जंगलों में चरने के लिए गया हुआ था तभी अचानक किसी अज्ञात जंगली जानवर ने हमला कर उसकी गर्दन को तोड़ दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं लोगों ने यह कयास लगाया कि वह जंगली जानवर कोई और नहीं बल्कि लकड़बग्घा होगा। इससे पहले भी उक्त जंगल में एक और पशु को इसी तरह जंगली जानवर द्वारा मौत का घाट उतारा गया था। वन विभाग की टीम ने घटनास्थल परजांच शुरू कर दी है। प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि पशुपालक को सरकारी प्रावधान के हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा।

### ग्रामीणों ने विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर को दिए आवेदन में लगाया आरोप

# प्राक्कलन के अनुसार नहीं किए जा रहे नल जल योजना के कार्य

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड की लवाही पंचायत अंतर्गत वार्ड 5 के ग्रामीणों ने नल जल योजना में उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अन्य जगहों के निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं होने की बात कही है। वार्ड के ग्रामीणों ने इस संबंध में विभागीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को आवेदन दिया, जिसकी प्रतिलिपि उपायुक्त शेखर जमुआर को भेजी गई है। मंत्री को दिए आवेदन में ग्रामीणों ने लिखा है कि लवाही पंचायत कलां में कई जगहों पर प्राक्कलन के विपरीत कहीं 100 फीट तो कहीं 150 फीट ही बोरिंग की जा रही है। पंचायत के मुखिया द्वारा भी हमारे वार्ड के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।



ग्रामीण मेराज अंसारी, राम प्रवेश साव, मोहम्मद तैयब, अलीमुद्दीन अंसारी, सादिक अंसारी, कसमुद्दीन अंसारी, इस्लाम अंसारी, सरफुल्लाह अंसारी, जश्मुद्दीन अंसारी, इरशाद अंसारी, इसहाक अंसारी, इकबाल हुसैन, लियाकत अली, नसीरुद्दीन अंसारी आदि लोगों ने आरोप लगाया कि मुखिया व संवेदक की मिलीभगत से नल जल योजना में मनमाने तरीके से बोर कराया जा रहा है। साथ ही जहां जरूरत है वहां एक भी बोर नहीं कराया गया है। मुस्लिम टोला लवाही कला की वार्ड सदस्य ताहिरा खातून ने कहा कि वार्ड 5 में 115 घरों में लगभग 500 परिवार रहते हैं, लेकिन उक्त टोले में एक भी बोर नहीं कराया गया, जबकि वार्ड 4 में भी लगभग उतने ही परिवारों के लिए 6 बोर करा दिया गया है। वार्ड सदस्य पति राम प्रवेश साव ने आरोप लगाया कि जल मिशन के तहत हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना तो दूर की बात, वार्ड 5 के लगभग 500 लोगों को नल जल योजना से वंचित रखने का कार्य किया जा रहा है। लवाही कला के वार्ड 5 में एक भी बोर कर जलमीनार नहीं लगाना सवाल खड़े करता है। वहीं लगभग उतनी ही आबादी वाले वार्ड चार में 6 स्थान पर बोरिंग करवा दिया गया है। मामले में वार्ड 10 की वार्ड सदस्य शीला देवी ने बताया कि बोरिंग के लिए स्थल का चयन ग्रामसभा के माध्यम से करना था लेकिन मुखिया द्वारा बिना ग्रामसभा कराए ही बोरिंग करवाया जा रहा है। इधर सैकड़ों ग्रामीणों ने अनियमितता बरते जाने को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर को हस्ताक्षरयुक्त लिखित आवेदन देकर जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। मामले में पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार ने कहा कि नल जल योजना बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर संवेदक द्वारा कम गहराई कर बोरिंग की जा रही है तो पहले जेई को भेजकर जांच कराएंगे।

## प्रखंड के पशु चिकित्सक पर रिश्वत लेकर लाभुकों का चयन करने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने सोमवार को जिला गव्य विकास पदाधिकारी सह पशुपालन पदाधिकारी गढ़वा से मुलाकात की। उन्होंने पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रखंड पशु चिकित्सक पर रिश्वत लेकर लाभुकों का चयन करने की शिकायत की है।

प्रमुख ने उल्लेख किया है कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना 2023-24 के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय क्रियान्वयन समिति के द्वारा विभिन्न योजनाओं के लिए सैकड़ों फार्म को अस्वीकृत कर जिले से मिले लक्ष्य के अनुसार योग्य लाभुकों का चयन किया गया था, लेकिन प्रखंड से

### प्रमुख ने की जिला गव्य विकास पदाधिकारी से की कार्रवाई की मांग

जिला कार्यालय में भेजी गई रिपोर्ट में पशु चिकित्सक और अधिकारियों की मिलीभगत से छेड़छाड़ कर व्हाइटनर लगाकर योग्य लाभुकों की जगह अयोग्य लाभुकों का चयन कर दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने प्रखंड स्तरीय बैठक में चयनित लाभुकों को ही इस योजना का लाभ दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि उक्त दोषियों पर एक सप्ताह के भीतर कारवाई नहीं हुई तो मैं बाध्य होकर आंदोलन करूंगी।

## पुलिस महानिरीक्षक ने लिया व्यवहार न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा ने सोमवार को गढ़वा जिला व्यवहार न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय भी उपस्थित थे।

पुलिस महानिरीक्षक ने न्यायालय परिसर में कोर्ट हाजत, कोर्ट परिसर से जेल की ओर जाने वाले दरवाजा, अधिवक्ता संघ भवन से न्यायालय परिसर आनेवाले इंट्री गेट आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान आईजी ने ताइद संघ भवन के प्रथम तल्ला एवं सबसे उपरी तल्ले से न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई निर्देश दिए। उन्होंने ताइद संघ के एक पदाधिकारी से भवन के उपरी तल्ले पर जानेवाले दरवाजे को बंद कराने के बारे में भी बातचीत की। आईजी ने कहा कि यह न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सभी लोगों से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि वे न्यायालय परिसर की सुरक्षा आडिट के लिए यहां आए हैं। इस दौरान पूरे परिसर का जायजा लिया गया है। इस दौरान न्यायालय परिसर में कई स्थानों को चिन्हित कर वहां सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं। मौके पर एसडीपीओ गढ़वा एके यादव, मेजर ओमप्रकाश दास आदि उपस्थित थे।

# 237 आवेदनों का त्वरित निष्पादन, 647 लंबित

### हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, बीडीओ विकास कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, मुखिया सुशीला देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की पहल से हम सभी लोग आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके पंचायत में आकर आपकी समस्याओं की जानकारी लेकर त्वरित निष्पादन करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका आप सभी लोग लाभ जरूर उठायें।



शिविर में सभी विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे। सभी स्टॉलों पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 884 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 237 आवेदनों का त्वरित रूप से निष्पादन किया गया, जबकि 647 आवेदन लंबित रहे। जिन विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये उनमें अबुआ आवास योजना के तहत सर्वाधिक 574, निवास प्रमाणपत्र के 1, आयुष्मान कार्ड के लिए 16, मनरेगा के नया कार्य के लिये 25, नया जॉब कार्ड 52, बिरसा हरित सिचाई कूप 3, राशन कार्ड में संशोधन के लिये 92, बिजली समस्या के लिए 4, धोती-साड़ी व लुंगी वितरण के 7, कंबल वितरण के 11, सर्वजन पेंशन के 13, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 8, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के 4, आधार पंजीकरण के 15, स्वच्छता व पेयजल के 2, श्रमधन पोर्टल पर पंजीकरण के 5, आजीविका मिशन के 21, स्वास्थ्य जांच के 15, शिक्षा विभाग के 2, राजस्व एवं भूमि सुधार के 1 आवेदन प्राप्त हुये। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के सीएचओ दिनेश मीना, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी पिंकी कुमारी साह, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, बीपीओ राजदीप कुमार, पूर्व प्रमुख रविंद्र कुमार पासवान, बैंक सखी प्रीति देवी, कृषि विभाग बीटीएम विजय यादव, प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल कुमार सिंह, जेएसएलपीएस कार्यक्रम प्रबंधक धनंजय कुमार, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, शिक्षा विभाग के बीपीओ तहमीना प्रवीण, सीआरपी सुबोध कुमार, एसआरपी वाजदा खातून, पर्यवेक्षिका आरती कुमारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, सरोज सोनकर, पल्लवी, रोहित आदि उपस्थित थे।

# सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में आए 1404 आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड की चंदनी पंचायत में सोमवार को सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए 1404 लोगों ने आवेदन दिया। इनमें ऑन द स्पॉट 225 मामलों का निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में सबसे अधिक अबुआ आवास का 925 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि राशन कार्ड के 56, पशुपालन के 75, पेंशन के 27, जॉब कार्ड के 29, सावित्रीबाई फुले के 17, कंबल के लिए 10 आवेदन मिले।



पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए 80, स्वास्थ्य विभाग के लिए 124 मिले। पेंशन के लिए 11 लोगों का आवेदन स्वीकृत किया गया। 10 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। 29 लोगों को जॉब कार्ड दिया गया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत एक व्यक्ति का लाभ स्वीकृत किया गया। सावित्रीबाई फुले योजना के तहत 2 लोगों को स्वीकृति प्रमाणपत्र दिया गया। 22 आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 124 लोगों को दवा का वितरण किया गया, जबकि

### ऑन द स्पॉट 225 मामलों का किया गया निष्पादन

आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र पांच लोगों का स्वीकृत किया गया। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी सुनील कुमार, बीडीओ रविंद्र कुमार, प्रमुख आभा रानी, उप प्रमुख देवदत प्रसाद, मुखिया रामगहन मेहता ने लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर मनरेगा बीपीओ कमलेश पासवान, पंचायत सेवक उमेश कुमार, विनोद पासवान, पंचायत सेवक केश्वर सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, रोजगार सेवक गुलाब पासवान, ऑपरेटर मनीष कुमार मेहता, आनंद कुमार गुप्ता, मुसाफिर साह, रोजगार सेवक सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

# शिविर में आए अबुआ आवास के लिए सबसे ज्यादा 1166 आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड की मुकुन्दपुर पंचायत के सूर्य नारायण वन में सोमवार को आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ नंदजी राम, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, उप प्रमुख शम्भू सिंह, मुखिया मुंगा साह,बीडीसी अजीमा खातुन, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में राशन, पेंशन अबुआ आवास, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य, मनरेगा, कृषि, लघु कुटीर विभाग, सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गये थे, जिनमें ग्रामीणों ने 1594 आवेदन जमा किये। वहीं कार्यक्रम में बिजली विभाग, वन विभाग, पीएचडी विभाग के अधिकारी और कर्मी गायब दिखे। कार्यक्रम में बंशीधर नगर एसडीओ रतन कुमार सिंह भी शामिल हुए।

उन्होंने ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए संबंधित विभाग के स्टाल पर आवेदन देने को कहा। वहीं एसडीओ ने कार्यक्रम में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने बीएलओ को मतदाता

### मुकुन्दपुर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

सूची पुनरीक्षण कार्य में धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने बीएलओ को घर-घर जाकर नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिया। इस कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए सबसे ज्यादा 1166 आवेदन जमा हुए, जबकि सिंचाई कूप के लिए 10, पेंशन के 59, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना में 75, पशुधन के लिए 151 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं पांच लाभुकों को सिंचाई कूप स्वीकृति और सात लोगों को पेंशन का स्वीकृति पत्र दिया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 9 लाख रुपये का लोन चेक वितरण किया गया। इस मौके पर बीपीओ मनोज कुमार, पंचायत सचिव राजीव कुमार, अशोक कुमार, जेई आनंद कुमार, राजीव कुमार, सत्य कुमार, सीआई नागेंद्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश कुमार, रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह, रामकुमार प्रजापति, दीपक जयसवाल, बीटीएम राकेश कुमार, पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

## पहल | भवनाथपुर थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को किया जागरूक

# ‘दुर्घटना में किसी की मौत होने से कई लोग होते हैं प्रभावित’

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड के सिंदुरिया पंचायत भवन में सोमवार को थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर जागरूक किया। थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा के बारे में कहा कि आये दिन सड़क दुर्घटना में मौत की खबर सुनने व देखने को मिल रही है, जिसमे अधिकतर दुर्घटनाएं बिना हेलमेट व शराब के नशे में वाहन चलाने से हो रही हैं।



सड़क दुर्घटना में किसी एक व्यक्ति की मौत होने से उससे जुड़े कई लोगों को प्रभावित होना पड़ता है। इसलिये अपने व अपने स्वजनों को बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए पहल करें। वहीं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उयोग करें। नाबालिग बच्चों को अभिभावक बाइक चलाने नहीं दें। सरकार की गाइड लाइन और ट्रैफिक नियमों को पालन करें। पुलिस द्वारा वाहन जांच में सहयोग करें। वाहन चलाते समय वाहन के सभी पेपर अपने साथ रखें। कहा कि पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पेट्रोल पंप संचालकों को नो हेलमेट नो पेट्रोल देने के लिए आदेश दे दिया गया है। वहीं ग्रामीणों से सिंदुरिया पंचायत में नशा मुक्त समाज बनाने पर जोर दिया गया। अवैध रूप से घरों में बनने वाले महुआ शराब बनाने पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। इसमें मुखिया नन्दलाल पाठक ने भी ग्रामीणों से अनुरोध किया कि नशा मुक्त पंचायत निर्माण में हम सभी को जागरूक होते हुये इस पर कार्य करना है ताकि समाज में पंचायत का नाम हो।

साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने व जानकारी देने के लिए मुखिया ने इसे ऐतिहासिक कार्य बताया। इस मौके पर थाना के एसआई राजू उरांव, प्रभु मेहता, वार्ड सदस्यों में संतोष कुमार, नन्हकू यादव, आरती देवी, दीपक लाल जयसवाल ग्रामीण, ददुली साह, सुकन राम, मुना उरांव, बुचु साह, शिवपूजन साह, सहायक शिक्षक उदय गुप्ता व सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्रा शामिल थे।




### प्याज निर्यात पर प्रतिबंध का विरोध कर रहे किसानों से बोले शरद पवार

# जब तक आप सड़क पर नहीं उतरेंगे, सरकार नहीं सुनेगी

**मार्च 2024 तक निर्यात पर प्रतिबंध लगा किसानों का मजाक उड़ाया**

**एजेंसी। नासिक (महाराष्ट्र)**

प्याज उत्पादकों के हित में चार साल बाद फिर से सार्वजनिक आंदोलन शुरू करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि जब तक आप सड़क पर नहीं उतरेंगे, सरकार नहीं सुनेगी। उन्होंने प्याज निर्यात पर केंद्र के प्रतिबंध को रद्द करने की मांग की।





पवार, राज्य में प्याज उगाने वाले केंद्रों में से एक, नासिक के चंदवाड गए और एक विरोध मार्च में शामिल हुए, यहां मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क जाम किया और सरकार विरोधी नारे लगाने वाले किसानों के धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए। पवार ने कहा की, "केंद्र के प्याज निर्यात पर प्रतिबंध के बाद देश में इसकी कीमतें गिर गई हैं... इससे किसान समुदाय में गुस्सा है। सरकार की नीतियों के कारण किसानों को उनकी मेहनत का मूल्य नहीं मिल पा रहा है।" मराठा नेता ने इसे 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए स्पष्ट किया, "हमें इस तरह के आंदोलन करने में कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन जब तक आप सड़कों पर नहीं उतरेंगे, सरकार आपकी समस्याओं पर ध्यान नहीं देगी।"पवार ने याद किया कि जब वह (मई 2004-मई 2014 तक) कृषि मंत्री थे, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से आश्वासन दिया था कि प्याज की कीमतें गिरने नहीं दी जाएंगी, लेकिन वर्तमान सरकार ऐसा करने में सक्षम नहीं है।

उन्होंने सरकार पर मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर किसानों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया, जिससे बाजारों में कीमतों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा और उत्पादकों के लिए बबार्दी हुई। पवार ने घोषणा की, यह प्रतिबंध हटाया जाना चाहिए।

## गोगामेड़ी की संपत्ति के लिए दो पत्नियों में तकरार, तीसरी खामोश

**एजेंसी। जयपुर**



सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की जांच जारी है। अब तक दो आरोपियों समेत कुल सात लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसी बीच अब गोगामेड़ी की करोड़ों की संपत्ति का सवाल खड़ा हो गया है। दरअसल, ऐसी खबरें हैं कि उनकी तीन पत्नियां थीं, जिसमें से दो के बीच संपत्ति को लेकर तनातनी का दौर जारी है। वहीं, अब तक पहली पत्नी मीडिया के सामने नहीं आई है। गोगामेड़ी की तीसरी पत्नी सपना सोनी ने तीन पत्नियां होने का खुलासा किया है। पहली दो पत्नियों के नाम शीला शेखावत और शकुंतला चौधरी बताया जा रहा है। चौधरी उनकी पहली पत्नी थीं। रिपोर्ट के अनुसार, सोनी ने बताया है कि गोगामेड़ी की तीनों पत्नियां एक साथ रहती थीं। खुद सपना वारदात वाले दिन उसी घर में मौजूद थीं।हालांकि, ऐसा कहा जा रहा है कि सोनी और गोगामेड़ी की शादी नहीं हुई थी, लेकिन वह लिव-इन रिलेशन में साथ रहते थे। सूत्रों के अनुसार गोगामेड़ी की करोड़ों की संपत्ति और विरासत को लेकर दो पत्नियों शीला और सपना के बीच तकरार चल रही है। हालांकि, इसे लेकर महिलाओं की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। वहीं, अब तक पहली पत्नी शकुंतला ने मीडिया से बात नहीं की है। इसके अलावा अब शीला भी मीडिया से दूर नजर आ रही हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने साबित किया, अनुच्छेद 370 हटाना संवैधानिक रूप से सही : अमित शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति लौट आई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आज के फैसले ने साबित कर दिया है कि अनुच्छेद 370 को हटाने का फैसला पूरी तरह से संवैधानिक था। गृह मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद आए बदलावों का उल्लेख किया और अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में स्थायी शांति स्थापित करने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। चाहे वह नए प्रोत्साहनों के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना हो, अत्याधुनिक शैक्षिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करना हो, या कल्याणकारी लाभों के साथ गरीबों को सशक्त बनाना हो, हम इस क्षेत्र के लिए अपनी पूरी ताकत लगाना जारी रखेंगे। बदलाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कभी हिंसा से जूझ रही घाटी में विकास और मानव जीवन को नए मायने दिए हैं।



### राष्ट्रवादी लोगों के लिए जीत



**नई दिल्ली।** अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने स्वागत किया है। एनडीए सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 और 35 ए को निरस्त करने के फैसले को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले से भारत के लोग अभिभूत हैं।

### फैसला दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण



**श्रीनगर।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि हमें इसे स्वीकार करना होगा।

### यह भारत की हार : महबूबा मुफ्ती



**श्रीनगर।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कहा कि यह जम्मू कश्मीर के लोगों की नहीं, बल्कि भारत देश की हार है। उन्होंने इसे आइडिया ऑफ इंडिया की हार करार दिया। उन्होंने सोमवार को एक बयान में कहा कि जम्मू-कश्मीर ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हम निराश



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से वह निराश हैं, लेकिन हतोत्साहित नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 370 के प्रावधानों को निरस्त करने में भारतीय जनता पार्टी को दशकों लग गए और उन्होंने कहा कि वे लंबी लड़ाई के लिए भी तैयार हैं।

### जल्द से जल्द कराए जाएं चुनाव



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द से जल्द चुनाव कराए जाएं और पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। रंजन चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने वाले राष्ट्रपति के आदेश की वैधता को बरकरार रखने पर कहा कि हम जानते हैं कि 370 को एक अस्थायी उपबंध के रूप में भारतीय संविधान में जोड़ा गया था लेकिन जिस तरह से भाजपा सरकार ने इसे हटाया वह ठीक नहीं था।

**फैसले का जेपी नड्डा सहित कई नेताओं ने किया स्वागत**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अनुच्छेद 370 हटाने के केन्द्र सरकार के फैसले को वैध ठहराते हुए सितंबर तक वहां चुनाव कराने का फैसला सुनाया है। न्यायालय के इस फैसले का भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वागत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्य विचारधारा में जोड़ने का ऐतिहासिक काम किया है, इसके लिए मैं और हम करोड़ों कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। शिवसेना सांसद अरविंद सावंत ने भी इस फैसले का स्वागत किया है। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को 5 अगस्त 2019 को निरस्त कर दिया था। बाद में इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई।

## विवाद की टाइमलाइन

**1947:** 1947 को जम्मू और कश्मीर के आखिरी राजा महाराजा हरि सिंह ने भारत में शामिल होने को लेकर एक विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए थे।

**1950:** 1950 में भारतीय संविधान लागू हुआ। जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद-1 के तहत भारत का एक राज्य घोषित किया गया। जबकि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा आर्टिकल 370 ने दिया।

**1951:** जम्मू-कश्मीर के संविधान का मसौदा तैयार करने को लेकर संविधान सभा की पहली बैठक हुई। इसमें सभी सदस्य शेख अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी से थे।

**1952:** जम्मू-कश्मीर संविधान सभा में कश्मीर के नेताओं ने केंद्र सरकार के साथ चर्चा की। इसमें केंद्र और राज्य के संबंधों को लेकर एक समझौता भी हुआ।

**1956:** जम्मू-कश्मीर ने साल 1956 में खुद को भारत का अभिन्न अंग घोषित कर दिया और अपना संविधान अपनाया।

**1975:** इंदिरा गांधी और शेख अब्दुल्ला ने कश्मीर समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसमें आर्टिकल 370 और जम्मू-कश्मीर की स्थिति को भारत के अभिन्न अंग के रूप में फिर से पुष्टि की गई।

**1980-90:** 80 और 90 के दशक में कश्मीर आतंकी गतिविधियों से जूझता रहा है। इस दौरान कश्मीरी पंडितों का पलायन भी हुआ।

**2015:** मार्च 2015 में भाजपा ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर में पहली बार सरकार बनाई।

**2018:** साल 2018 में बीजेपी-पीडीपी गठबंधन टूट गया। राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने नवंबर 2018 में विधानसभा भंग कर दी।

**अगस्त 2019:** केंद्र सरकार ने पांच अगस्त, 2019 को जम्मू और कश्मीर से संविधान के आर्टिकल 370 को हटाने के लिए एक बिल को संसद से पेश किया था, जिसे मंजूरी मिलने के बाद आर्टिकल 370 निरस्त हो गया।

**2023:** सुप्रीम कोर्ट जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने को लेकर 16 दिन तक सुनवाई चली। इस मामले में दो अगस्त को बहस पूरी हुई और पांच सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया गया।

**11 दिसंबर 2023:** सुप्रीम कोर्ट ने 4 साल, चार महीने 6 दिन के बाद आर्टिकल 370 को हटाने को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाया। बता दें कि 5 अगस्त 2019 को सरकार ने संसद में बिल लाकर आर्टिकल 370 को रद कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। 370 को हटाना संवैधानिक तौर पर सही है।

### करण सिंह ने अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहा



**नई दिल्ली ।** दिग्गज कांग्रेस नेता और महाराजा हरि सिंह के बेटे करण सिंह ने सोमवार को अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह स्थिति को स्पष्टता और स्थिरता देता है। कर्ण सिंह ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को बरकरार रखने और चुनाव आयोग को 30 सितंबर, 2024 तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने का आदेश देने के लिए शीर्ष अदालत को भी धन्यवाद दिया। कर्ण सिंह ने लोगों से नकारात्मक गतिविधियों में शामिल होने के बजाय वास्तविकता को स्वीकार करने और चुनाव की तैयारी शुरू करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह स्थिति को स्पष्टता और स्थिरता देता है और मैं सर्वोच्च न्यायालय को उस सावधानीपूर्वक तरीके के लिए बधाई देता हूं। उन्होंने कहा, मैं दो नई चीजों के लिए शीर्ष अदालत को धन्यवाद देता हूं, यानी कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाना चाहिए और चुनाव के लिए समय सीमा तय करना। मैं पीएम से अनुरोध करता हूं कि ऐसा किया जाए... चुनाव के बाद तक इंतजार न करें, आम चुनाव का इंतजार न करें, क्योंकि हम राज्य के लिए चुनाव करेंगे, केंद्र शासित प्रदेश के लिए नहीं।

## एक और दुर्दांत हमास कमांडर का सफाया, गाजा में ढेर हुआ इमाद

**गाजा पट्टी।** दक्षिणी गाजा के प्रमुख शहर खान यूनिस में फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के खिलाफ इजराइल के सुरक्षा बलों के हमले जारी हैं। इस बीच इजराइल की सेना ने हमास के खूंखार आतंकवादी इमाद क्रिके को ढेर कर दिया है। साथ ही अपने चार शहीद सैनिकों के नामों का खुलासा करते हुए फोटो जारी किए हैं। आईडीएफ ने एक्स हैंडल पर कहा है कि इमाद क्रिके हमास की शेजैया बटालियन का कमांडर था। वह शेजैया बटालियन के पिछले कमांडर के मारे जाने से पहले डिप्टी कमांडर था। क्रिके गाजा सिटी ब्रिगेड में टैंकरोधी मिसाइल प्रशिक्षण का भी जिम्मेदार था। वह कल हमले में मारा गया। वह हमास के ताकतवर कमांडर था। इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार खान यूनिस में रातभर के इजराइल के सुरक्षाबलों ने हमला किया है।

### संजय सिंह की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई फरवरी तक टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और ईडी को आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा और सुनवाई अगले साल 5 फरवरी तक टाल दी। सिंह ने कथित दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद रिमांड के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक विशेष अनुमति याचिका दायर की है।

## ईरान ने भी 13 हजार अफगानों शरणार्थियों को देश से निकाला

**काबुल।** पाकिस्तान के बाद ईरान ने भी अवैध अफगान नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13,204 अवैध अफगान प्रवासियों को देश से निष्कासित कर दिया है। खुरासान रजावी में सीमा सुरक्षा के कमांडर माजिद शोजाई ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अवैध प्रवासियों के निष्कासन पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रवासियों की पहचान पिछले सप्ताह में की गई थी और वे डोघरौन में बारह सीमा क्रासिंग के माध्यम से अपने देश लौट गए। सीमा सुरक्षा के कमांडर ने कहा कि अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वाले अफगान नागरिकों को गिरफ्तार कर निष्कासित कर दिया जाता है। खामा प्रेस के अनुसार हाल के महीनों में ईरान और पाकिस्तान से अफगान प्रवासियों को निकालने की प्रक्रिया तेज हुई है।

## रामलला के दर्शन करें और पकड़ें वंदे भारत एक्सप्रेस



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले रेलवे बड़ी सौगात देने की तैयारी में है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से सीधे अयोध्या के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का प्लान है। मीडिया रिपोर्ट के मानें तो इसी महीने के अंत में या फिर जनवरी की शुरूआत में इसका ट्रायल हो सकता है। इसे लेकर बीते शनिवार को रेलवे हेडक्वार्टर के ऑफिसर्स के साथ स्थानीय अधिकारियों की बैठक हुई। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई इस मीटिंग में अयोध्या-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, अयोध्या से दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद हरी झंडी दिखा सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर अभी तक तारीख फाइनल नहीं हो पाई है। मालूम हो कि गोरखपुर से लखनऊ जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस रामनगरी होकर जाती है। इससे अयोध्या के लोगों के लिए प्रदेश की राजधानी की यात्रा काफी सहज हो गई है। साथ ही लखनऊ से अयोध्या आने वाले लोगों के लिए भी यह बड़ी सौगात है। माना जा रहा है कि भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद लखनऊ और गोरखपुर से यहां आने वालों की संख्या और ज्यादा बढ़ेगी। अयोध्या को वंदे भारत के जरिए विभिन्न शहरों से जोड़ने की तैयारी राम मंदिर को ध्यान में रखते हुए अयोध्या को वंदे भारत ट्रेनों के जरिए देश के अलग-अलग शहरों से जोड़ने का प्लान है। फिलहाल, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले रामनगरी से नई दिल्ली के लिए वंदे भारत शुरू कर देने पर फोकस है। अयोध्या से नई दिल्ली जाने वाले वंदे भारत ट्रेन बीच में किन स्टेशनों पर रुकेगी, इसे लेकर भी तैयारियां चल रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते कुछ महीने से रेलवे अधिकारी लगातार अयोध्या सेक्शन का निरीक्षण कर रहे हैं।

**संकल्प** | **विकसित भारत को लेकर बहुत ही अहम दिन**

# " युवाओं की आवाज " पहल का शुभारंभ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "विकसित भारत 2047: युवाओं की आवाज" पहल का शुभारंभ किया किया। "विकसित भारत@2047: युवाओं की आवाज" कार्यशाला युवा शक्ति के लिए विकसित भारत की यात्रा में सक्रिय रूप से शामिल होने और योगदान देने का एक अद्भुत मंच है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर संबोधन में कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण होता है। भारत के इतिहास का ये वो दौर है जब देश लंबी छलांग लगाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति और संगठन को इस संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए कि वे जो भी करेंगे, वह "विकसित भारत" के लिए करेंगे। उन्होंने कहा कि आज विकसित भारत के संकल्पों को लेकर बहुत ही अहम दिन है। उन्होंने इस वर्कशाप का आयोजन करने के लिए सभी राज्यपालों को विशेष बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की युवाशक्ति को दिशा देने का दायित्व जिन साथियों पर है, उनको आप एक मंच पर लाए हैं। शिक्षण संस्थानों की भूमिका व्यक्ति निर्माण की होती है और व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्रनिर्माण होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें एक ऐसी युवा पीढ़ी तैयार करनी है जो देश को नेतृत्व दे, हर चीज पर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया की नजर भारत के युवाओं पर है। युवा शक्ति परिवर्तन का वाहक भी है और परिवर्तन का लाभार्थी भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कुलपतियों और शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों से कहा कि आपको अपने संस्थानों में नामांकित छात्रों के लिए रोल मॉडल बनने की जरूरत है। एक शिक्षक के रूप में, आपको यह सोचना चाहिए कि आप देश को विकास दिलाने में क्या मदद कर सकते हैं। इसी तरह, विश्वविद्यालयों को भी भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में मदद करने के लिए कदम उठाने चाहिए। युवाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी का आंदोलन में युवा पीढ़ी की अहम भूमिका रही है। ऐसे संकल्प लें जो कुछ भी करूंगा वह विकसित भारत के लिए करूंगा।

